राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार 11 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 86 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा ने बोकारो में किया जोरदार प्रदर्शन

# झारखंड विस से 8399.31 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र के तीसरे दिन सदन में 8399 करोड़ 31 लाख का अनुपूरक बजट को पास हो गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इसके साथ ही झारखंड विनियोग संख्या 3 विधेयक 2026 भी सदन से पारित हो गया। विनियोग विधेयक के जरिए 31 मार्च 2027 तक होने वाले सरकारी खर्च के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। सदन में विधेयक पर चर्चा के बाद इसके सभी हिस्सों को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। इसके बाद विधेयक को अंतिम रूप से पारित कर दिया गया। पहले अनुपूरक बजट में कई विभागों के लिए बड़ी राशि रखी गई है। ग्रामीण विकास विभाग को सबसे अधिक 4,258 करोड़ 67 लाख 35 हजार रुपये दिए गए हैं। ग्रामीण कार्य विभाग के लिए 885 करोड़ 83 लाख रुपये का प्रावधान है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के लिए 946 करोड़ 3 लाख 95 हजार रुपये और एक अन्य मद में 25 करोड़ 5 लाख 67 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग में आपदा प्रबंधन के लिए 490 करोड़ 6 लाख



89 हजार रुपये और गृह प्रभाग के लिए 144 करोड़ 16 लाख 93 हजार रुपये दिए गए हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को 271 करोड़ 61 लाख 4 हजार रुपये और पंचायती राज विभाग को 244 करोड़ 80 लाख रुपये मिले हैं। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 218 करोड़ 16 लाख 90 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है। खान एवं भूतत्व विभाग को 173 करोड़ 65 लाख रुपये और कल्याण विभाग को 91 करोड़ 24 लाख 50 हजार रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर विकास, वन एवं पर्यावरण समेत कई अन्य विभागों की मांगों को भी सदन ने मंजूरी दी। वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम अनुपूरक बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुए हा कि केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। वित्त मंत्री ने केंद्र से मिलने वाली राशि को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के बाद झारखंड को अनुदान के रूप में केवल 0173 प्रतिशत राशि मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं होने के कारण राज्य के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने टैक्स डेवोलेशन के आंकड़े रखते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश को 19,208 करोड़ रुपये, बिहार को 10,845 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 810 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र को 722 करोड़ रुपये और राजस्थान को 460 करोड़ रुपये मिले। वहीं झारखंड को केवल 360 करोड़ रुपये मिले। वित्त मंत्री ने कहा कि नीति आयोग ने भी झारखंड के वित्तीय प्रबंधन की तारीफ की है। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार वित्तीय व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाने पर काम कर रही है।

## जेपीएससी परीक्षा अनियमितता मामले में पूर्व अध्यक्ष एल. खियांग्ते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व चेयरमैन एल. खियांग्ते को कथित परीक्षा अनियमितता के मामले में सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जेपीएससी की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की जांच के बीच हुई है। जेपीएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठते रहे हैं। मामले की जांच सीआईडी कर रही है और इसी क्रम में जांच एजेंसी की टीम ने जेपीएससी मुख्यालय में छापेमारी भी की थी। राज्य के मुख्य सचिव पद से रिटायर होने के बाद पिछले साल फरवरी में झारखंड लोक सेवा आयोग के चेयरमैन नियुक्त किए गए खियांग्ते ने 22 जुलाई को इस्तीफ़ा दे दिया था। सीआइडी के अतिरिक्त महानिदेशक मनोज कौशिक ने बताया कि हमने भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के सिलसिले में जेपीएससी के पूर्व चेयरमैन एल. खियांग्ते को गिरफ़्तार किया है। 28 जुलाई से खियांग्ते से चार बार पूछताछ की जा चुकी थी। यह गिरफ़्तारी जेपीएससी के तीनों सदस्यों के इस्तीफ़े के एक दिन बाद हुई है। एजेंसी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर उम्मीदवारों के भारी विरोध के बीच उन्होंने इस्तीफ़ा दिया था। खियांग्ते की गिरफ़्तारी के साथ ही इस मामले में सीआइडी द्वारा गिरफ़्तार किए गए लोगों की संख्या 20 हो गई है। कथित गड़बड़ी के सिलसिले में सीआइडी द्वारा उनके सरकारी आवास समेत कई जगहों पर तलाशी लेने से एक दिन पहले ही उन्होंने जेपीएससी चेयरमैन पद से इस्तीफ़ा दे दिया था। हालांकि खियांग्ते ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अपनी मर्ज़ी से इस्तीफ़ा दिया है। एल. खियांग्ते ने हाल ही में जेपीएससी के चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने ई-मेल के जरिए अपना इस्तीफा राजभवन भेजा था, जिसे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वीकार कर लिया था। पूर्व चेयरमैन एल. खियांग्ते की गिरफ्तारी के बाद मामले में नया मोड़ आ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम प्रसंग में नाबालिग की पीट-पीटकर हत्या

**गोड्डा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के महागामा थाना क्षेत्र के गोड़िया गांव में प्रेम प्रसंग के चलते एक नाबालिग लड़के की पीट-पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। पथरगामा थाना क्षेत्र के तरडीहा निवासी 17 वर्षीय सूरज राय का शव सोमवार सुबह रघुनाथकित्ता पुल के पास से बरामद किया गया। मृतक की मां ने प्रेम प्रसंग को हत्या का कारण बताया है। सूचना मिलते ही महागामा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### ट्रेलर की चपेट में आया बाइक सवार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत आकाशदीप प्लाजा के सामने सोमवार की दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एग्रीको गोल चक्कर से गोलमुरी की ओर जा रहे बाइक सवार युवक को एक अनियंत्रित ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले युवक की पहचान अनिल मोदक के रूप में हुई है। वह सेजा पुरुलिया का रहने वाला था।

### ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** गम्हरिया क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई सालडीह मोड़ से आगे आर्का जैन कॉलेज जाने वाले रास्ते पर की। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान दोनों युवकों के पास से 12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसकी कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जीवनपुर मुड़िया निवासी कलीम अंसारी और सरायकेला थाना क्षेत्र के कोलेबिरा बस्ती निवासी प्रदीप महतो (25 वर्ष) रूप में हुई है।

### युवती की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के बारीग्राम में सोमवार को एक 30 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया। मृतका की पहचान बारीग्राम निवासी नरेश गुप्ता की पुत्री पूर्णिमा गुप्ता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पूर्णिमा गुप्ता का पहले पति से तलाक हो चुका था। पहली शादी से उसका आठ वर्षीय पुत्र शिवम है। तलाक के बाद उसने अंतर्ज़ातीय प्रेम विवाह किया था।

### जवानों को ट्रेनिंग देने के क्रम में हवलदार इंस्ट्रक्टर की मौत

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय में सोमवार को अनुदेशक सिपाही (हवलदार इंस्ट्रक्टर) की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि उनकी हर्ट अटैक से मौत हुई है। मृतक खगड़िया के निकेश कुमार हैं, जो बीएमपी-14 के सिपाही थे और पिछले तीन महीने से बीएमपी-3 में इंस्ट्रक्टर के रूप में तैनात थे।

## हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सोमवार को जन्मदिन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने हेमंत सोरेन के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। वहीं जन्मदिन के मौके पर उनके राजनीतिक सफर और मुख्यमंत्री के रूप में उनके उतार-चढ़ाव की भी चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हेमंत सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे।' लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी हेमंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना है।' केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी झारखंड के मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।'

# छात्रों का विधानसभा मार्च उग्र, लाठीचार्ज में कई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। प्रदर्शनकारी विधानसभा की ओर बढ़ रहे थे और उन्होंने कई बैरिकेड तोड़ दिए। जगन्नाथपुर मंदिर के पास अंतिम बैरिकेड पर पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसी दौरान स्थिति बिगड़ गई और पुलिस ने पानी की बौछार के बाद लाठीचार्ज किया। कई प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कार्रवाई में घायल होने का दावा किया है। विधानसभा मार्च सुबह करीब 10:30 बजे पुराने विधानसभा भवन के बाहर से शुरू हुआ। भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों का आंदोलन सोमवार को 17वें दिन में प्रवेश कर गया। प्रदर्शनकारी हाथों में तिरंगा और पोस्टर लेकर विधानसभा की ओर बढ़ रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने रास्ते में लगाए गए एक के बाद एक कई बैरिकेड तोड़ दिए। सुरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती के बावजूद छात्रों का मार्च आगे बढ़ता रहा। जगन्नाथपुर मंदिर के पास पुलिस ने



प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारी पीयूष कुमार सोनी ने पुलिस कार्रवाई को बर्बर बताते हुए दावा किया कि कई महिला छात्रों को भी चोटें आई हैं। वहीं हजारीबाग से मार्च में शामिल हुए विक्रम कुमार ने सिर में चोट लगने का दावा किया। भर्ती परीक्षा विवाद को लेकर नौ दिनों से अनशन कर रहे जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो भी एंबुलेंस से विधानसभा मार्च में शामिल हुए। उनके हाथ में पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तस्वीर भी दिखाई दी। महतो ने विधानसभा मार्च के रास्ते में तारबंदी वाली बैरिकेडिंग लगाए जाने पर सवाल उठाया और कहा कि छात्रों के साथ कथित अन्याय को लेकर उनमें आक्रोश बढ़ रहा है। रांची सिटी एसपी पारस राणा ने कहा कि 90% छात्र शांतिपूर्ण हैं लेकिन कुछ छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़ी और पुलिसकर्मियों को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने पुलिस के संयम बरतने का दावा करते हुए छात्रों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने और पत्थरबाजी नहीं करने की अपील की। विधानसभा मार्च को देखते हुए करीब चार किलोमीटर लंबे रास्ते पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। निषेधाज्ञा लागू करने के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक रैपिड एक्शन फोर्स, इंडियन रिजर्व बटालियन, जिला पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम के 1,500 से अधिक जवान तैनात किए गए थे। सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन गतिरोध खत्म नहीं हुआ। आखिरी दौर की बातचीत के बाद सरकार ने दावा किया था कि उसने प्रदर्शनकारियों की 98 फीसदी मांगें मान ली हैं। हालांकि छात्रों का कहना है कि उनकी 13 परीक्षाओं को रद्द करने की मांग में से सरकार केवल तीन परीक्षाओं को रद्द करने पर सहमत हुई है।

## फोर्थ ग्रेड बहाली को लेकर जारी भूख हड़ताल खत्म

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में फोर्थ ग्रेड बहाली को लेकर छात्र की भूख हड़ताल सोमवार को खत्म हो गई। सोमवार को सदर एसडीएम संजय पांडेय ने भूख हड़ताल पर बैठे छात्र सत्यनारायण शुक्ला से मुलाकात की। बातचीत के बाद सदर एसडीएम संजय पांडेय ने छात्र सत्यनारायण शुक्ला को जूस पिलाकर भूख हड़ताल को खत्म करवाया। छात्र सत्यनारायण शुक्ला ने बताया कि प्रशासन से सकारात्मक बातचीत हुई है और उनकी मांगों को मान लिया गया है। पलामू में फोर्थ ग्रेड बहाली में लिखित परीक्षा को लेकर छात्र सत्यनारायण शुक्ला के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा था। छात्र सत्यनारायण शुक्ला भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे। छात्रों की तरफ से एक मांग पत्र सदर एसडीएम को सौंपा गया है।

## जमीन विवाद में कुल्हाड़ी से वार कर दो बुजुर्गों की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** जिले के जारी थाना क्षेत्र के जरडा पंचायत के मंगरुतल्ला गांव में दो बुजुर्गों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस को आशंका है कि यह हत्या जमीन विवाद के कारण हुई है। मृतकों की पहचान 60 वर्षीय भूषण उर्फ बसंत खेरवार और 70 वर्षीय बुधराम खेरवार के रूप में हुई है। घटना के समय दोनों गांव में एक ही जगह बुधराम के घर पास मौजूद थे तभी लगभग चार लोगों ने अचानक से कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे से हमले कर दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जारी थाना प्रभारी शनि कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर सोमवार को सदर अस्पताल गुमला में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि दोनों बुजुर्गों का लंबे समय से कुछ लोगों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। थाना प्रभारी शनि कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस घटना में शामिल चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। वहीं मृतक के परिजन जगदीश असुर ने बताया है कि गांव के कुछ लोगों से जमीन विवाद चल रहा था और उन्होंने ही घटना को अंजाम दिया है जिनमें जगन्नाथ खेरवार, नवरत्न खेरवार,जौहर खेरवार और बुद्धा खेरवार शामिल है। पुलिस चारों को पकड़ कर पूछताछ कर रही है।

## पोखर से दो सगे भाइयों का शव मिलने से मचा हड़कंप

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** छत्तरपुर थाना क्षेत्र स्थित चौड़ार गांव में एक पोखर से दो सगे भाइयों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतकों की पहचान उमाशंकर रवि के बेटों आयुष कुमार (12) और पीयूष (7) के रूप में हुई है। परिवार ने हत्या का आरोप लगाया है। बच्चों के परिजनों ने गांव के ही नरेश रजक के बेटे पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सुबह धान के खेत में पानी को लेकर नरेश रजक के बेटे से विवाद हुआ था जिसके बाद उसने 12 घंटे के भीतर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। मृतकों के चाचा रामशंकर रवि ने बताया कि परिवार के लोग धान रोपने गए थे। शाम करीब छह बजे लौटने पर बच्चे घर पर नहीं मिले। खोजबीन के दौरान कुछ देर बाद पता चला कि बच्चे पोखर की तरफ थे।

## निर्माणाधीन स्कूल के पास लेवी मांगने पहुंचा पीएलएफआई उग्रवादी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में पुलिस ने पीएलएफआई के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। यह उग्रवादी निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी विद्यालय के पास लेवी नहीं मिलने पर फायरिंग करने की फिराक में था। पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्टल, नौ जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार उग्रवादी की पहचान बालूमाथ के हाथडीह निवासी लालदेश्वर यादव (28) के रूप में हुई है। बारियातू थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास ने बताया कि 9 अगस्त की रात करीब 11:10 बजे लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार पीएलएफआई कमांडर बादल यादव उर्फ पवन जी उर्फ दिलीप यादव के साथ काम करने वाला लालदेश्वर यादव विद्यालय के ठेकेदार से लेवी की राशि न मिलने के कारण फायरिंग की योजना बना रहा था। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए एसपी के निर्देश पर एक छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम जब निर्माणाधीन विद्यालय के पास पहुंची तो पुलिस बल को देखते ही बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवक तेज गति से भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया। पीछा करने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर विश्रामपुर जाने वाली सड़क पर बने ज्वरा पुल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक चला रहा युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया जबकि पीछे बैठा युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए युवक की पहचान लालदेश्वर यादव के रूप में हुई। पुलिस गिरफ्तार आरोपी लालदेश्वर यादव से पूछताछ कर रही है।


# सावन की दूसरी सोमवारी : मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर/दुमका।** सावन के दूसरे सोमवार पर झारखंड के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी। वहीं, देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में कांवरियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। रविवार देर रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं ने कतार में लगना शुरू कर दिया था। प्रशासनिक आकलन के अनुसार आज तीन लाख से साढ़े तीन लाख से अधिक कांवरियों के देवघर पहुंचने और जलार्पण करने की संभावना है। बारिश के बीच भी हजारों श्रद्धालु बाबा के जलार्पण के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सावन माह की दूसरी सोमवारी पर बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर में सुबह से ही जलार्पण के लिए कांवरियों की लंबी कतार लगी है। रात्रि के दो बजे से ही मंदिर का पट खुलने के



साथ ही अरघा प्रणाली के द्वारा श्रद्धालु जलार्पण कर रहे हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस और प्रशासन के वरीय पदाधिकारी देर रात से ही खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान समान संभाल रहे हैं। वरीय पदाधिकारी लगातार रूट लाइन की चेकिंग के साथ-साथ कंट्रोल रूम से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। सावन की दूसरी सोमवारी को प्रसिद्ध तीर्थ स्थान फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ धाम में भोलेनाथ पर जलार्पण को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन की सोमवारी का विशेष महत्व रहने के कारण बाबाधाम देवघर में जलार्पण के बाद बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ भागलपुर के बरारी घाट से गंगाजल भरकर हंसडीहा के रास्ते सीधे बासुकीनाथ आने वाले डाकबम श्रद्धालुओं की भारी संख्या देखी जा रही है। कांवड़ियों की भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस मेले के हर कोने पर, यहां तक कि मंदिर के आने-जाने के रास्तों पर भी कड़ी नजर रख रही है। सुबह 2 बजे मंदिर के दरवाजे खुलते ही 'बोल बम' के जयकारे के साथ कांवड़ियों का आना शुरू हो गया और यह सिलसिला लगातार जारी है। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से गूंज रहा है। दर्शनियाटीकर हाइवे के समीप तारा मंदिर रोड स्थित प्रवेश द्वार से श्रद्धालु शिवगंगा पहुंच रहे हैं और पवित्र शिवगंगा में डूबकी लगाकर कतारबद्ध होकर क्यू काम्पलेक्स होते हुए संस्कार मंडप के रास्ते मंदिर प्रांगण में पहुंच रहे हैं, जहां से उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर में प्रवेश कराकर अरघा के माध्यम से जलाभिषेक कराया जा रहा है। वहीं डाक बम श्रद्धालुओं से टोकन प्राप्त कर उन्हें जलाभिषेक के लिए सीधे मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा है। दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि संभावित भीड़ को देखते हुए पूर्व से ही तैयारी कर ली गई थी। मेला क्षेत्र के सभी प्वांइट पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल पूरी तरह से चौकस है तथा ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे से समस्त गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।




C M Y K

# रास्ता बंद करने का विरोध किया तो तालाब जाने का रास्ता घेरा, गुहार

## श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान स्नान आदि के लिए परेशान ग्रामीणों ने एसडीओ से लगाई गुहार, जांच व रास्ता बहाल करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेंगाबाद।** सोनबाद तुरी टोला के दलित परिवारों ने अपने पूर्वजों के समय से इस्तेमाल किए जा रहे आने जाने के रास्ते को बंद किए जाने का विरोध किया तो अब उनके तालाब जाने के रास्ते को भी घेर दिए जाने का मामला सामने आया है रास्ता बंद होने से ग्रामीणों के सामने गंभीर परेशानी उत्पन्न हो गई है। खासकर वर्तमान में टोले में एक युवक की मृत्यु के बाद चल रहे श्राद्ध कार्यक्रम के कारण सामूहिक स्नान सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित तालाब निजी बताया जाता है लेकिन लंबे समय से इसका सार्वजनिक उपयोग होता रहा है ग्रामीण यहां छठ पर्व के दौरान अर्घ्य भी देते हैं इसके अलावा तालाब में पूर्व में सरकारी राशि से कई योजनाओं के तहत कार्य भी कराए जा चुके हैं। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक उपयोग में रहे तालाब तक पहुंचने का रास्ता बंद किए जाने से उनके सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है बताया गया कि दलित टोला के परिवारों के पास पर्याप्त जल स्रोत का कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है इसी समस्या को लेकर पीड़ित ग्रामीणों ने सोमवार को गिरिडीह के अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार से मुलाकात की और पूरे मामले की लिखित शिकायत देते हुए तत्काल जांच कराने तथा रास्ता बहाल कराने की मांग की ग्रामीणों की शिकायत सुनने के दौरान बेंगाबाद के अंचल अधिकारी सफीक आलम भी मौजूद थे अनुमंडल पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से सुनने के बाद अंचल अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए ग्रामीणों के साथ स्थानीय पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव मेहताब अली मिर्जा मनोज यादव शंभू ठाकुर शंभू तुरी और किशोरी मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे नेताओं ने ग्रामीणों के पक्ष में आवाज उठाते हुए अनुमंडल पदाधिकारी समेत जिले के वरीय अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्रवाई करने और ग्रामीणों के आवागमन का रास्ता बहाल कराने की मांग की शिकायत देने वालों में अमित तुरी युवराज कुमार कृष्ण कुमार नितेश तुरी गोपाल तुरी लक्ष्मी देवी रीना देवी माधुरी देवी शांति देवी कामेश्वर तुरी पुष्पा देवी सविता देवी काजल कुमारी चमेली देवी हरखी देवी बबिता देवी गुड़िया देवी श्याम तुरी लक्ष्मी देवी दिनेश राय सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।




# श्रमिक-किसान आंदोलन के समर्थन में बीमा कर्मचारियों का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्रीय श्रम संगठनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर केंद्र सरकार की कथित मजदूर श्रमिक और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ दिल्ली में आयोजित सम्मानजनक रोजगार न्यूनतम मजदूरी पेंशन की गारंटी और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की बीमा कर्मचारियों ने चार श्रम संहिताओं को वापस लेने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रस्ताव का




राष्ट्रीय महाधरना के समर्थन में सोमवार को बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल की ओर से भोजनावकाश के दौरान द्वार प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संघ के सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि देश और आम जनता का भविष्य निर्णायक दौर से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय दबाव में ऐसी आर्थिक नीतियां लागू की जा रही हैं जिससे देश की आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर विकास प्रभावित हो रहा है उन्होंने ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीतियों और एकतरफा व्यापार समझौतों का भी उल्लेख किया उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर देशी विदेशी कॉरपोरेट घरानों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है उन्होंने सभी के लिए विरोध करने बिजली विधेयक 2025 को वापस लेने तथा सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के विनिवेश पर रोक लगाने की मांग की वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली में आयोजित महाधरना को नैतिक समर्थन देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर देशभर के बीमा कार्यालयों में भोजनावकाश के दौरान द्वार प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन में संजय शर्मा अनुराग मुर्मू विजय कुमार राजेश कुमार उपाध्याय उमानाथ झा विनय कुमार प्रभाष कुमार शर्मा देवनाथ दास राजेश कुमार विजय कुमार सुनील कुमार वर्मा प्रदीप प्रसाद संजय कुमार शर्मा अंशु कुमारी सिंघानिया महफूज अली घनश्याम साव संजय गुप्ता नागेश्वर साव मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरी सोमवारी पर शिव भक्तों ने चढ़ाया जल

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में दूसरे सोमवारी को शिव मंदिरों में धूमधाम के साथ महिलाओं ने शिवलिंग पर जल चढ़ा कर पूजा अर्चना किए । इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के शिव मंदिर मटियारी, फुलहरा, गोरगामा, कजरा, मरंगी, हफलागंज, घासीटोला, मनसाही, मोहनपुर, हरिप्रसाद, भेड़मारा, बिशनपुर, अरमारा, जयनगर, चित्तौड़िया एवं बड़ी बथना शिव मंदिर में सुबह से ही शिवलिंग में जल चढ़ाने को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही थी। श्रद्धालु सुबह से ही मनिहारी गंगा घाट से जल लेकर विभिन्न शिव मंदिरों में जल अर्पित कर परिवार समाज एवं जगत के कल्याण की कामना किए। वहीं शिव मंदिरों में बोल बम का नारा हैं बाबा एक सहारा हैं आदि के गीत बज रहे थे।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत समाहरणालय परिसर से निकली तिरंगा साइकिल रैली

**समाहरणालय सारण/छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी, सारण श्री वैभव श्रीवास्तव के आदेशानुसार ह्लहर घर तिरंगाह्व अभियान के तहत आज समाहरणालय परिसर से तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला पदाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा साइकिल रैली समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर थाना चौक होते हुए खेल भवन परिसर तक गई। रैली में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक, विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान सबसे आगे स्केटिंग कर रहे बच्चे रहे, जिसके बाद तिरंगा लेकर साइकिल सवार छात्र-छात्राएं देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़े। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि ह्लहर घर तिरंगाह्व अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव, एकता और अखंडता का प्रतीक है। तिरंगा हमें स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने जिलेवासियों से अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 09 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक ह्लहर घर तिरंगाह्व अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को फ्लैग कोड ऑफ इंडिया का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगे की गरिमा एवं सम्मान बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान में जहानाबाद का शानदार प्रदर्शन

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिला ने टीबी उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में 1,44,000 आबादी की रिकॉर्ड टीबी स्क्रीनिंग के साथ संवेदनशील आबादी के एक्स-रे परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 32,357 लक्षित आबादी में से 14,660 व्यक्तियों का चेस्ट एक्स-रे परीक्षण कर 45 प्रतिशत उपलब्धि के साथ जहानाबाद ने पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ-ही,टीबी संक्रमण की रोकथाम के लिए संचालित टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट में भी जहानाबाद ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पात्र 271 व्यक्तियों में से 193 व्यक्तियों को उपचार से जोड़कर 71 प्रतिशत उपलब्धि के साथ जहानाबाद ने पूरे बिहार में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

### हर घर तिरंगा को लेकर प्रशासन तैयार, 12 अगस्त को निकलेगी भव्य प्रभात फेरी

**किशनगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर सोमवार को डीआरडीए स्थित कार्यालय वेश्म में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिलेभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्धारित समय-सीमा में समुचित निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।बैठक में बताया गया कि 12 अगस्त को सुबह 7:30 बजे किशनगंज शहरी क्षेत्र में भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित प्रभात फेरी पश्चिमपाली चौक से शुरू होकर सरस्वती विद्या निकेतन, किशनगंज में समाप्त होगी।उप विकास आयुक्त ने कहा कि ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, नगर परिषद के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार जालान, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव आभाष कुमार उर्फ मिक्की साह, जिला शिक्षा समन्वयक समेत अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भागलपुर में 14 अगस्त को लगेगा जिला स्तरीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय, भागलपुर द्वारा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला 2026-27 का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला 14 अगस्त 2026 को जिला स्कूल, भागलपुर में आयोजित होगा। मेले में राज्य एवं राज्य के बाहर की लगभग 30 प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की नियोजक कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा योग्य एवं इच्छुक युवाओं के लिए विभिन्न रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। युवाओं को मिलेगा रोजगार के साथ मार्गदर्शन जिला नियोजनालय की ओर से मेले में शामिल होने वाले युवाओं को निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, नियुक्ति प्रक्रिया, आवश्यक योग्यता एवं चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। नियोजन मेले का उद्देश्य जिले के अधिकाधिक युवाओं को निःशुल्क, सुगम एवं सुरक्षित तरीके से निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर उपलब्ध कराना है।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में गिरिडीह के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** धनबाद के सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में 7 से 9 अगस्त तक आयोजित 26वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गिरिडीह के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए प्रतियोगिता में जिले से तीन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और तीनों ने पदक जीतकर गिरिडीह का नाम रोशन किया प्रतियोगिता में कृष्णा माधव ने सिल्वर मेडल हासिल किया वहीं श्वेता कुमारी और सुजाता कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तीनों खिलाड़ियों की सफलता पर जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों और खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने प्रशिक्षक अभिभावकों और सहयोगियों को दिया खिलाड़ियों ने कहा कि वे आगे भी कड़ी मेहनत जारी रखेंगे और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गिरिडीह का नाम रोशन करने का प्रयास करेंगे तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धि से जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों में भी उत्साह का माहौल है।



# गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा द्वारा कांवड़िया सेवा शिविर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला तैलिक साहू सभा के तत्वावधान में साहू समाज भवन परिसर में कांवड़िया सेवा शिविर का विधिवत उद्घाटन जिला अध्यक्ष बालगोविंद साहू एवं महासचिव धर्म प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर समाज के जरूरत थी इसलिए शिविर लगाया गया शिविर में कांवड़ियों के लिए विश्राम पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है सभा के सदस्यों ने कहा कि सावन के पावन महीने में कांवड़ यात्रियों की सेवा करना समाज के लिए सौभाग्य और पुण्य का कार्य है कार्यक्रम में



पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा और सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिला अध्यक्ष बालगोविंद साहू ने कहा कि हमारा समाज सेवा के कार्यों में हमेशा आगे रहता है इसी कडी में यह शिविर लगाया गया महासचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि हमारा स्लोगन है जरूरत के मुताबिक सेवा कार्य अभी सावन के महीना में कावरियों का सेवा की उपाध्यक्ष हरगोरी साहू अरुण कुमार साव प्रदीप कुमार साव, शिव कुमार गुप्ता अभय सहा मनीष गुप्ता जयकिशन नीरज साहा विकाश साव श्याम सुन्दर गुप्ता उज्ज्वल साव तैलिक साहू सभा के पदाधिकारी सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सेवा शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने तथा श्रद्धालुओं की निस्वार्थ सेवा करने का संकल्प लिया।

# वायुसेना अग्निवीर प्रशिक्षण पूरा कर गांव लौटे रोहित कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** ग्राम पंचायत पिहरा पश्चिमी के जगदीशपुर निवासी शंकर साव के पुत्र रोहित कुमार ने वायुसेना अग्निवीर का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर गांव लौटकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। उनके गांव पहुंचने पर पंचायतवासियों एवं ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया रोहित कुमार के स्वागत को लेकर खेरडा मोड़ से भव्य रोड शो निकाला गया इसमें बड़ी संख्या में पंचायतवासी युवा जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए तिरंगे के साथ देशभक्ति के नारों से पूरा माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। ग्रामीणों ने रोहित कुमार का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि रोहित कुमार की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है कठिन परिश्रम अनुशासन और देशसेवा के जज्बे के साथ उन्होंने वायुसेना अग्निवीर का प्रशिक्षण पूरा कर अपने माता-पिता परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी सेना एवं देशसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी मुखिया अमित कुमार ने कहा कि रोहित कुमार जैसे युवाओं की उपलब्धि पूरे पंचायत और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है उनके स्वागत में उमड़ी भीड़ यह दशार्ती है कि देशसेवा करने वाले युवाओं के प्रति ग्रामीणों के मन में कितना सम्मान है। उन्होंने रोहित कुमार के उज्ज्वल भविष्य और सफल सेवाकाल की कामना की उन्होंने पंचायत के युवाओं से मेहनत अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने तथा देश एवं समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया इस दौरान ग्रामीणों ने रोहित कुमार की सफलता पिहरा पश्चिमी का सम्मान है देशसेवा के जज्बे को सलाम और जय हिंद जय जवान जय भारत के नारों से उनका उत्साह बढ़ाया।



# अखिल भारतीय नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता 4 सितंबर से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** द रंग संस्था के बैनर तले आगामी 4 से 6 सितंबर तक गिरिडीह में अखिल भारतीय नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश के 15 से अधिक राज्यों के कलाकारों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर सोमवार को पंचायत कैफे परिसर में संस्था की ओर से संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया संवाददाता सम्मेलन में द रंग संस्था की अध्यक्ष श्रुति सिन्हा और सचिव पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा महाराष्ट्र पश्चिम बंगाल गुजरात हिमाचल प्रदेश पंजाब दिल्ली हरियाणा उत्तर प्रदेश ओडिशा असम मणिपुर आंध्र प्रदेश बिहार छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की कई टीमों ने शामिल होने की सहमति दी है वहीं 15 से अधिक टीमों ने अब तक अपना रजिस्ट्रेशन भी करा लिया है उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन सवेरा सिनेमा हॉल में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा आयोजन का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के कलाकारों को एक मंच उपलब्ध कराना और नाट्य व नृत्य कला को बढ़ावा देना है संस्था के पदाधिकारियों ने गिरिडीहवासियों से इस सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की संवाददाता सम्मेलन में संस्था के संरक्षक अरविंद कुमार रवि रंजन सहयोगकर्ता आकाश कुमार रोशन कुमार सिया कुमारी रिया मंडल रिया सिंह राजपूत समेत द रंग संस्था से जुड़े कई कलाकार मौजूद थे।




# सावन मिलन में बच्चों ने दिया जल-पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की ओर से क्लब प्रेसिडेंट राखी झुनझुनवाला के आवास पर सावन मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया इस बार कार्यक्रम को मनोरंजन के साथ जल बचाओ पर्यावरण बचाओ के संदेश से जोड़कर खास बनाया गया कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्लब सदस्यों के बच्चों की सेव वाटर सेव एनवायरनमेंट थीम पर आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही क्लब प्रेसिडेंट राखी झुनझुनवाला एवं आईएसओ नमिता जमवार के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने धरती मां पेड़ पौधे जल और प्रकृति के विभिन्न स्वरूपों में सजकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए नेचर गार्डियन प्राकृतिक संरक्षक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया समारोह में गिरिडीह की मेयर प्रमिला मेहरा ने भी क्लब सदस्य के रूप में हिस्सा लिया वहीं मां बेटी मां बेटा सास बहू और देवरानी जेठानी की जोड़ियों ने सावन के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर पारिवारिक रिश्तों की खूबसूरती को दशार्या सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सावन से जुड़े विभिन्न गेम्स हौजी और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन हुआ सदस्यों को हरी चूड़ियां बिंदी और आकर्षक उपहार भेंट किए गए मौके पर पीडीसी पूनम सहाय आईपीपी कविता राजगढ़िया वाइस प्रेसिडेंट स्मृति आनंद सेक्रेटरी संगीता सिन्हा ट्रेजरर रश्मि गुप्ता, एडिटर समा परवीन समेत क्लब के करीब 50 सदस्य मौजूद रहे स्वादिष्ट अल्पाहार एवं भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ सावन की मस्ती पारिवारिक रिश्तों की मिठास और जल एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश ने इस सावन मिलन को यादगार बना दिया।



# प्रसव पूर्व 57 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनसाही में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत 57 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह डॉक्टर प्रेम राज ने बताया कि प्रत्येक माह के 9,15 एवं 21 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती हैं। इस माह की 9 तारीख को 57 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन, एएनएम, सीएचओ, अकाउंटेंट, बीसीएस, डाटा ऑपरेटर आदि उपस्थित रहे ।

# सीएम आवास की सुरक्षा कड़ी : कांके रोड के कई रास्ते बंद, ट्रैफिक डायवर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड विधानसभा के घेराव कर सैकड़ों छात्र कभी भी जयपाल सिंह स्टेडियम वापस लौट सकते हैं। इसे लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। आंदोलनकारी छात्रों के विधानसभा से लौटने के दौरान मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने की आशंका को देखते हुए कांके रोड स्थित सीएम आवास के आसपास के सभी प्रमुख रास्तों को बंद कर दिया गया है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है और वाहनों के आवागमन को दूसरे मार्गों की ओर डायवर्ट किया गया है। सीएम आवास की ओर जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक पूरी तरह रोक दिया गया है। पुलिसकर्मी लगातार इलाके की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था सीएम आवास से पहले ही शुरू कर दी गई है और आसपास के कई रास्तों पर भी पुलिस का पहरा है। एहतियात के तौर पर किसी भी वाहन को सीएम आवास की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। सीएम आवास के आसपास सड़क बंद किए जाने और ट्रैफिक डायवर्ट किए जाने का असर आम लोगों पर भी पड़ रहा है। वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से भेजे जाने के कारण कांके रोड के कई हिस्सों में लंबा जाम लग गया है। सड़क पर वाहनों की कतार दिखाई दे रही है और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह व्यवस्था पूरी तरह एहतियात के तौर पर की गई है। आंदोलनकारी छात्रों के विधानसभा घेराव के बाद उनके वापस लौटने के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री आवास के आसपास सुरक्षा घेरा मजबूत किया गया है। वहीं दूसरी ओर हजारों की संख्या में छात्र विधानसभा घेराव के लिए जुटे हुए हैं। पुलिस लगातार प्रदर्शनकारी छात्रों को समझाने और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की अपील कर रही है। विधानसभा क्षेत्र में भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ऐसे में एक तरफ विधानसभा के आसपास छात्रों का आंदोलन जारी है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कांके रोड के आसपास यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। इसका सीधा असर राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था पर पड़ा है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




## फोर्थ ग्रेड बहाली को लेकर जारी भूख हड़ताल खत्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। जिले में फोर्थ ग्रेड बहाली को लेकर छात्र की भूख हड़ताल सोमवार को खत्म हो गई। सोमवार को सदर एसडीएम संजय पांडेय ने भूख हड़ताल पर बैठे छात्र सत्यनारायण शुक्ला से मुलाकात की। बातचीत के बाद सदर एसडीएम संजय पांडेय ने छात्र सत्यनारायण शुक्ला को जूस पिलाकर भूख हड़ताल को खत्म करवाया। छात्र सत्यनारायण शुक्ला ने बताया कि प्रशासन से सकारात्मक बातचीत हुई है और उनकी मांगों को मान लिया गया है। पलामू में फोर्थ ग्रेड बहाली में लिखित परीक्षा को लेकर छात्र सत्यनारायण शुक्ला के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा था। छात्र सत्यनारायण शुक्ला भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे। छात्रों की तरफ से एक मांग पत्र सदर एसडीएम को सौंपा गया है। दरअसल पलामू में फोर्थ ग्रेड बहाली के लिए 2010 में विज्ञापन निकाला गया था और 2017-18 में विज्ञापन के तहत इसमें बहाली भी की गई थी। 2025 में विज्ञापन को लेकर ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 251 फोर्थ ग्रेड कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया था। पलामू में फोर्थ ग्रेड के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू तो हुई थी, लेकिन झारखंड कैबिनेट ने भर्ती से जुड़े नियमों का हवाला देते हुए इस प्रक्रिया को रोक दिया था। इसके बाद, झारखंड में क्लास IV भर्ती के लिए खास नियम बनाए गए। अब छात्र विरोध-प्रदर्शन के जरिए भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की मांग कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में सुरक्षा से लेकर भविष्य की तकनीक पर विचार विमर्श

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। जिले में खनन क्षेत्र में तकनीक के बदलते स्वरूप और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए बैटरी आधारित उपकरणों के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में धनबाद में खान सुरक्षा महानिदेशालय यानी डीजीएमएस की ओर से सोमवार को 'खनन क्षेत्र के लिए बैटरियां चुनौतियां एवं आगे की राह' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में खदानों में इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी चालित मशीनों के इस्तेमाल से जुड़ी सुरक्षा, तकनीकी और परिचालन चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।



**बैटरी से चलने वाले उपकरणों और इलेक्ट्रिक वाहनों की संभावनाओं पर चर्चा**

संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने खनन कार्यों में बैटरी से चलने वाले उपकरणों और इलेक्ट्रिक वाहनों की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैटरी की क्षमता, चार्जिंग व्यवस्था, संचालन के दौरान सुरक्षा, फायर सेफ्टी, रखरखाव और कार्यस्थल पर संभावित जोखिम जैसे अहम मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**बैटरी निर्माताओं की ओर से प्रस्तुत किए गए 14 शोध पत्र**

राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए देशभर से कुल 32 तकनीकी शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 28 शोध पत्र बीएमएस-2026 स्मारिका में प्रकाशित किए गए। इसके अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे बैटरी निर्माताओं की ओर से 14 शोध पत्र भी प्रस्तुत किए गए।

**ऐसे कम होगी डीजल पर निर्भरता कम**

विशेषज्ञों का मानना है कि खनन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी आधारित मशीनों का इस्तेमाल बढ़ने से डीजल पर निर्भरता कम की जा सकती है। इससे खनन कार्यों में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा मिलने के साथ आधुनिक और अपेक्षाकृत स्वच्छ तकनीक को अपनाने का रास्ता भी मजबूत होगा। हालांकि इसके लिए बैटरी तकनीक के साथ-साथ सुरक्षा मानकों और संचालन व्यवस्था को भी लगातार बेहतर करने की जरूरत बताई गई। कार्यक्रम के दौरान डीजीएमएस के सेवानिवृत्त अधिकारियों और पदाधिकारियों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वही डब्लयूसीएल की रेस्क्यू टीम को उत्कृष्ट कार्यकुशलता के लिए सम्मान मिला। टीम की उपलब्धियों पर उपस्थित लोगों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

**खनन क्षेत्र में बैटरी तकनीक**

धनबाद में हुई इस राष्ट्रीय संगोष्ठी ने यह संकेत दिया कि खनन क्षेत्र में बैटरी तकनीक और इलेक्ट्रिक वाहनों का दायरा आने वाले समय में तेजी से बढ़ सकता है। चुनौती सिर्फ डीजल से इलेक्ट्रिक तकनीक की ओर बढ़ने की नहीं बल्कि इस बदलाव को सुरक्षित और व्यावहारिक बनाने की भी है। ऐसे में बैटरी तकनीक को मजबूत सुरक्षा मानकों के साथ अपनाना खनन उद्योग के भविष्य के लिए अहम कदम माना जा रहा है। बता दें कि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीजीएमएस के महानिदेशक उज्ज्वल ताह ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर आइआइटीटी-आइएसएम धनबाद के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा मौजूद रहे।

## प्रखंड कार्यान्वयन समिति की बैठक में उठे जनहित के कई मुद्दे

**नगरनौसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। नगरनौसा प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष सतीश चंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरकारी योजनाओं और स्थानीय जनसमस्याओं पर चर्चा की गई। विधायक हरिनारायण सिंह ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी को किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए। समिति सदस्य चंद्रमणी सिंह ने सर्वे अमीन अभिषेक कुमार पर गलत प्रविष्टि व अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जांच तथा बीज खरीद की रसीद देने की मांग की। काछियावां पंचायत के दरियापुर में दो वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने और नल का पानी न पहुंचने का मुद्दा उठा। इसके अलावा प्रखंड मुख्यालय के वार्ड 2, 4 व 7 में पेयजल किल्लत तथा विशुनपुर एपीएचसी के डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग रखी गई। सदस्यों ने पैक्स के पास खाद की उपलब्धता व वितरण पर स्पष्ट रिपोर्ट मांगी। उपाध्यक्ष अभय नंदन पांडेय ने बंद मिले पांच उपस्वास्थ्य केंद्रों की निगरानी और आत्मा अध्यक्ष के लिए कार्यालय की मांग की।

# सावन की दूसरी सोमवारी: बासुकीनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। सावन माह की दूसरी सोमवारी पर बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर में सुबह से ही जलार्पण के लिए कांवरियों की लंबी कतार लगी है। रात्रि के दो बजे से ही मंदिर का पट खुलने के साथ ही अरघा प्रणाली के द्वारा श्रद्धालु जलार्पण कर रहे हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस और प्रशासन के वरीय पदाधिकारी देर रात से ही खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान समान संभाल रहे हैं। वरीय पदाधिकारी लगातार रूट लाइन की चेकिंग के साथ-साथ कंट्रोल रूम से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। सावन की दूसरी सोमवारी को प्रसिद्ध तीर्थ स्थान फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ धाम में भोलेनाथ पर जलार्पण को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन की सोमवारी का विशेष महत्व रहने के कारण बाबाधाम देवघर में जलार्पण के बाद बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ भागलपुर के बरारी घाट से गंगाजल भरकर हंसडीहा के रास्ते सीधे बासुकीनाथ आने वाले डाकबम श्रद्धालुओं की भारी संख्या देखी जा रही है। कांवड़ियों की भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस मेले के हर कोने पर, यहां तक कि मंदिर के आने-जाने के रास्तों पर भी कड़ी नजर रख रही है।




# रामगढ़ का पवित्र शिव मंदिर: सावन ही नहीं, साल के 365 दिन होता है महादेव का जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। सावन में देशभर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन झारखंड के रामगढ़ में एक ऐसा शिव मंदिर है, जहां महादेव का जलाभिषेक किसी भक्त के हाथों नहीं, बल्कि ऐसी जलधारा से होता है, जो साल के 365 दिन और 24 घंटे लगातार बहती रहती है। रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड के बोंगाबार इलाके में स्थित टूटी झरना शिव मंदिर आस्था के साथ-साथ अपने अनसुलझे रहस्य के लिए भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। महादेव के जलाभिषेक के लिए सावन का इंतजार तो आपने खूब देखा होगा, लेकिन क्या आपने ऐसा शिव मंदिर देखा है, जहां सावन हो या भादो, गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, दिन हो या रात भगवान शिव का जलाभिषेक कभी रुकता ही नहीं। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग के ठीक ऊपर भगवान विष्णु की प्रतिमा विराजमान है, प्रतिमा से निकलने वाली जलधारा सीधे शिवलिंग पर गिरती रहती है और लगातार महादेव का जलाभिषेक करती है। सामान्य तौर पर शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए भक्तों को जल लेकर आना पड़ता है, लेकिन यहां तस्वीर बिल्कुल अलग है। शिवलिंग पर जल चढ़ाने की जिम्मेदारी मानो खुद प्रकृति ने संभाल रखी हो, मंदिर के भीतर शिवलिंग के ठीक ऊपर भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित है और प्रतिमा से निकलने वाली जलधारा लगातार शिवलिंग पर गिरती रहती है। खास बात यह है कि यह जलधारा मौसम की मार से भी प्रभावित होती नजर नहीं आती, गर्मी हो या सर्दी, बारिश हो या सूखा, स्थानीय लोगों के मुताबिक शिवलिंग पर जलधारा का प्रवाह लगातार बना रहता है। यही वजह है कि श्रद्धालु इसे मां गंगा द्वारा स्वयं भगवान शिव के अभिषेक का दिव्य स्वरूप मानते हैं। जल की धार मां गंगा की प्रतिमा से निकलती हुई शिवलिंग तक पहुंचती है और सबसे खास बात यह है कि यह जलाभिषेक किसी एक मौसम तक सीमित नहीं है, बारहों महीने, चौबीसों घंटे जलधारा लगातार शिवलिंग पर गिरती रहती है। यही वजह है कि सावन के महीने में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ और भी बढ़ जाती है। भक्त दूर-दूर से पहुंचते हैं और महादेव के दर्शन करते हैं। टूटी झरना मंदिर से जुड़ी स्थानीय मान्यता और प्रचलित इतिहास भी बेहद रोचक है। बताया जाता है कि 1925 के आसपास ब्रिटिश शासन के दौरान इलाके में रेलवे लाइन बिछाने का काम चल रहा था, इसी दौरान खुदाई करते समय मजदूरों को जमीन के भीतर एक गुंबदनुमा संरचना दिखाई दिया। खुदाई आगे बढ़ी तो उसके अंदर एक प्राचीन मंदिर मिला। मंदिर के भीतर शिवलिंग और उसके ऊपर प्रतिमा मौजूद थी और उस समय भी प्रतिमा से जलधारा शिवलिंग पर लगातार गिर रही थी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-42-26, दिनांक 07.08.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल: सीतारामपुर-झाझा खंड के अंतर्गत लूप लाइनों की लंबाई का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु.51,83,425.83, **बयाना राशि :** रु. 1,03,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य के लिए समापन अवधि :** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 31.08.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-206/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**एक नजर**

**खड़ी बाइक गायब, चोरों ने किया हाथ साफ**


**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र में बाइक चोरी का मामला सामने आया है। घटना को लेकर स्थानीय निवासी अंकित कुमार, पिता अरुण पासवान, ग्राम औरवां, ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार अंकित कुमार की बाइक ब्लॉक रोड़ स्थित ओवरब्रिज के पास बीते शाम खड़ी थी। कुछ देर बाद देखा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से बाइक बरामद करने और अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। बाइक चोरी की घटना में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

**नशे से दूर रहने की छात्रों ने ली शपथ**

**अंबा (औरंगाबाद)**। उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, अंबा शाखा की ओर से 'नशा मुक्त भारत अभियान' एवं 'मिशन स्पंदन' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वर्ग नवम, दशम एवं 11वीं के छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अंबा शाखा की मुख्य संचालिका बीके बेबी बहन, बीके बबली बहन एवं बीके राव करण सिंह ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करता है। नई पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सामूहिक जागरूकता जरूरी है।

## 14 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा, नवादा शहर में होगा भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान एवं तिरंगा यात्रा को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजित शंकर एवं निवर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से देशवासियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। निवर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजयुमो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसका उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। भाजयुमो द्वारा जिले में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजित शंकर ने बताया कि 14 अगस्त को नवादा शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करेगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री नितिन अविशेक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, भाजपा कार्यकर्ता एवं राष्ट्रभक्त नागरिक शामिल होंगे। अजित शंकर ने जिलेवासियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इसे भव्य एवं सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार एवं भाजयुमो महामंत्री विकास कुमार चौधरी उपस्थित रहे।

# अनुग्रह स्कूल में उल्लास के साथ मना 'हर घर तिरंगा' अभियान

### तिरंगा रैली, रंगोली प्रतियोगिता और सामूहिक वंदे मातरम् गायन से गूंजा विद्यालय परिसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में जिलाधिकारी के निर्देशन में 'हर घर तिरंगा' अभियान पूरे उत्साह और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि 9 से 17 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के तहत विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन और तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर निकली रैली में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और राष्ट्रीय भावना से सराबोर नजर आया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में राष्ट्रीयता की भावना और मातृभूमि के प्रति प्रेम को बढ़ावा मिलता है। विद्यार्थियों को देश के महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और योगदान से परिचित कराने के लिए वर्गवार विशेष परिचर्चा भी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' जैसे अभियान बच्चों में राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।




**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. एडीवीटी-एएसएन-21-08** **दिनांक : 06.08.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग संख्या : एडीवीटी-एएसएन-21-08 , नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 21.08.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एडीवीटी-एएसएन-एमडीपी-ओएच-193-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), 03 वर्ष की अवधि के लिए मधुपुर रेलवे स्टेशन के स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया के दक्षिणी भाग में नए बुकिंग कार्यालय के पास वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन की आउट ऑफ होम नीति के तहत वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए इस अनुबंध के तहत 300 वर्ग फीट का कुल क्षेत्रफल आवंटित किया जाएगा। **एए/2, एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएच-118-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), आसनसोल के नॉन-सर्कुलेटिंग एरिया में होर्डिंग के ज़रिए वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना (कुल क्षेत्रफल - 500 वर्ग फीट) अर्थात (i) सिटी बस स्टैंड के पीछे टू और फोर व्हीलर कम्पोजिट पार्किंग के प्रवेश द्वार पर (क्षेत्रफल - 200 वर्ग फीट) और (ii) बीएल नंबर 63 और बीएल नंबर 61/1/2बी, लोको कॉलोनी के बीच ऑटो और टोटो स्टैंड मोड़ (क्षेत्रफल - 300 वर्ग फीट)। अनुबंध की अवधि तीन वर्ष है। **एए/3, एडीवीटी-एएसएन-डीजीआर-ओएच-192-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के एंट्रांस बाज़ार की छोर के उत्तरी हिस्से में 03 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन की आउट ऑफ होम नीति के तहत वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए इस अनुबंध के तहत 700 वर्ग फीट का कुल क्षेत्रफल आवंटित किया जाएगा। **एए/4, एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएच-119-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), आसनसोल स्टेशन के नॉन-सर्कुलेटिंग एरिया में होर्डिंग के ज़रिए वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना (कुल क्षेत्रफल - 850 वर्ग फीट) अर्थात (i) बीएल-1146 के पास लोको ग्राउंड के सामने योगी बाबा मोड़ की दायीं ओर (क्षेत्रफल - 400 वर्ग फीट) और (ii) लोको ग्राउंड के सामने की ओर योगी बाबा मोड़ की बायीं ओर (क्षेत्रफल - 450 वर्ग फीट)। अनुबंध की अवधि तीन वर्ष है। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के लिए संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। ASN-204/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-26-26, दिनांक 04.08.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-26-26** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के टीवीयू>20000 वाले एलसी गेट 05 गेट एवं टीवीयू>10000 वाले एलसी गेट 06 गेट के उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 81,93,975.77, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 1,63,900/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 31.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/ वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-256/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. एएसएन-एमएसएस-20-08** **दिनांक:05.08.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग सं. एएसएन-एमएसएस-20-08, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 20.08.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. और विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** एमएसएस-एएसएन-सीआरजे-एसएलपॉड-176-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टेशन पर स्लीपिंग पॉड), आसनसोल मंडल के चित्तरंजन रेलवे स्टेशन में यात्रियों को सुरक्षित, स्वास्थ्यप्रद, आरामदेह एवं किफायती संक्षिप्त ठहराव आवास प्रदान करने के लक्ष्य से आधुनिक सुख-सुविधाओं से सज्जित स्लीपिंग पॉड का 05 वर्ष की अवधि के लिए विकास, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। कुल क्षेत्रफल=517 वर्गफुट। **एबी/1,** एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-169-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), जसीडीह रेलवे स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग एरिया में 03 वर्ष की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एबी/2,** एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-150-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), इस कैटलॉग के साथ संलग्न रफ स्केच प्लान के अनुसार प्रत्येक 36 वर्ग फीट के तहत जसीडीह, बैद्यनाथधाम और देवघर स्टेशनों पर ऐप आधारित कैब/बाइक बुकिंग कियोस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। ASN-203/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

उप मुख्य इंजीनियर ट्रैक-I, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, पूर्व रेलवे मुख्यालय, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ख्यातिप्राप्त एवं योग्य ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. डब्ल्यू2_623_12_05_ईपीसी_एसडीएएच_26, दिनांक: 07.08.2026, कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में कोई भी ट्रैक लेइंग इक्विपमेंट (टीएलई) का उपयोग करके कम्प्लीट ट्रैक रिन्यूअल (पी) 60 केजी = 31.475 टीकेएम और थ्रू स्लीपर रिन्यूअल (पी) = 11.444 टीकेएम, कुल = 43.019 टीकेएम। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 55,89,11,151/-, **बयाना राशि:** रु. 1,11,78,200/-, **समापन अवधि:** 16 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 04.11.2026, 11.00 बजे । निविदा कागजात का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। MISC-137/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पंचायत समिति सदस्य की गोली मारकर हत्या

**☐हत्या के बाद ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क जाम ☐ घात लगाकर बैठे थे बाइक सवार बदमाश ☐ तीन थानों की पुलिस मौके पर रही तैनात**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एकंगरसराय थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने अमनार खास पंचायत के पंचायत समिति सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात तारापुर गांव के पास हुई। मृतक की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के जगाई गांव निवासी गनौरी बिंद के 45 वर्षीय पुत्र श्याम प्रसाद के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया और हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार, श्याम प्रसाद एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर के पद पर काम करते थे। रोज की तरह ड्यूटी खत्म करने के बाद वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तारापुर गांव के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने बेहद करीब से उनके गले में गोली मार दी। गोली लगते ही श्याम प्रसाद खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश बाइक से फरार हो गए।

हत्या की खबर मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना से आक्रोशित सैकड़ों लोगों ने शव को एकंगरसराय चौक के पास सड़क पर रखकर जाम कर दिया। इससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण मौके पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को बुलाने और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

सड़क जाम और हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हिलसा डीएसपी-2 ऋषिराज के नेतृत्व में तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर कैंप कर रहा है। डीएसपी और अन्य पुलिस अधिकारी आक्रोशित परिजनों तथा ग्रामीणों को समझाने और स्थिति को शांत कराने में जुटे हैं।

# टिकट चेकिंग के दौरान टीटीई और यात्री भिड़े

**टिकट दिखाने में हुई देरी तो बिगड़ा मामला**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रविवार को टिकट चेकिंग के दौरान महिला टीटीई और एक यात्री के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्री ने महिला टीटीई पर अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बाद में रेल पुलिस और आरपीएफ के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार, उद्यान दानापुर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने के बाद यात्री बोगियों से उतर रहे थे। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद महिला टीटीई ने एक यात्री से टिकट दिखाने को कहा। यात्री मोबाइल में टिकट दिखाने की कोशिश कर रहा था और इसमें कुछ देर हो गई। आरोप है कि इसी बात पर महिला टीटीई नाराज हो गईं और यात्री से अभद्र व्यवहार करने लगीं।


महिला टीटीई के कथित व्यवहार से नाराज यात्री ने भी विरोध शुरू कर दिया। हाथ में मोबाइल लेकर वह टिकट दिखाने की बात कहता रहा और महिला टीटीई पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाने लगा। देखते ही देखते प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। यात्री करीब 10 मिनट तक प्लेटफॉर्म पर हंगामा करता रहा। वह रेल पुलिस से महिला टीटीई के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा था। स्थिति बिगड़ती देख महिला टीटीई वहां से हट गईं। मामले की जानकारी मिलने के बाद रेल थाना के अधिकारी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने यात्री को समझाकर शांत कराया। इसके बाद यात्री को उसके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

## लापता युवक की मिली लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोपालगंज।** जिले में पिछले दो दिनों से लापता एक युवक का शव बलुही नदी पुल के पास मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने युवक की चाकू से गला रेतकर हत्या करने और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को नदी में फेंकने का आरोप लगाया है। घटना मांझा थाना क्षेत्र के बलुही गांव के पास की है। मृतक की पहचान भैसही गांव निवासी बद्री यादव के 30 वर्षीय पुत्र चिंटू कुमार यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, चिंटू पिछले दो दिनों से अचानक लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसी बीच ग्रामीणों ने युवक के नदी में डूबने की आशंका जताई। इसके बाद प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को मौके पर लगाया। करीब 48 घंटे तक चले सघन सर्च अभियान के बाद बलुही नदी पुल के पास से चिंटू का शव बरामद किया गया।

# दूसरी सोमवारी को उमड़ा आस्था का सैलाव



**मंदिरों में दिखे सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

नबिटा टीम

**शिवाजीनगर/मुजफ्फरपुर।** सावन की दूसरी सोमवारी के अवसर पर सोमवार को शिवाजी नगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिरों में पहुंचते रहे। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजता रहा प्रखंड क्षेत्र के परशुराम, बलीपुर, रानीपरती, डुमरा मोहन, जाकर धर्मपुर, मधुरापुर सहित विभिन्न गांवों के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, फूल, फल एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सावन की दूसरी सोमवारी मनाई सावन के पावन महीने में दूसरी सोमवारी के अवसर पर पूरे शिवाजी नगर प्रखंड में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**मुजफ्फरपुर से संवाददाता के अनुसार** जिले में सावन के दूसरे सोमवार पर रात 12 बजते ही शहर के प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जलाभिषेक के लिए पहले से कतार में खड़े कांवरियों ने हर हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते हुए बाबा गरीबनाथ का दर्शन-पूजन किया। मंदिर परिसर और आसपास का इलाका भगवा रंग में सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। करीब 90 किलोमीटर दूर पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर नंगे पैर पहुंचे कांवरियों ने बाबा का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

भगवान शिव के प्रति भक्तों की गहरी आस्था और उत्साह सावन के दूसरे सोमवार पर एक बार फिर देखने को मिला। पूरा मंदिर परिसर और कांवरिया पथ ह्यहर हर महादेवह्व और ह्यबोल बमह्व के जयघोष से गूंजता रहा। पहलेजा घाट से जलबोझी कर नंगे पैर पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा गरीबनाथ को गंगाजल, दूध, बेलपत्र, फूल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। कांवरियों ने विधि-विधान से बाबा का अभिषेक और पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। रात 12 बजे जलाभिषेक शुरू होने के साथ ही मंदिर में भक्तों की भीड़ और बढ़ती चली गई।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर तक बैरिकेडिंग, कतार व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई।

मंदिर प्रशासन के हजारों स्वयंसेवक भी व्यवस्थाओं को संभालने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करते नजर आए। मंदिर के आसपास भीड़ नियंत्रण के साथ यातायात व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था पर जिलाधिकारी कुमार गौरव और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र लगातार नजर बनाए रहे। दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान डीडीसी, एसडीएम, नगर आयुक्त समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की लगातार मॉनिटरिंग की।

# आरा में डीआरएम ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** आरा जंक्शन के विकास को लेकर रेलवे ने बड़ी पहल शुरू की है। पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सोमवार को जंक्शन पहुंचकर सिक लाइन, रेलवे अस्पताल और आरपीएफ बैरक समेत विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया और कई कार्यों का उद्घाटन किया। सुबह करीब 10 बजे परख सैलून से पहुंचे महाप्रबंधक का रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वागत किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया।

महाप्रबंधक ने कहा कि आरा जंक्शन से वर्तमान में कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन हो रहा है। ट्रेनों की संख्या और परिचालन को देखते हुए कोचों के रखरखाव के लिए सिक लाइन तैयार की गई है।

अब ट्रेनों के कोचों की जांच और जरूरी मरम्मत का काम स्थानीय स्तर पर किया जा सकेगा। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में आरा से और भी ट्रेनों के संचालन की योजना है। ऐसे में जंक्शन पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार रेलवे की प्राथमिकता है। आरा जंक्शन के भविष्य के विस्तार को लेकर सबसे अहम योजना मालगोदाम को कुलहड़िया शिफ्ट करने की है। जंक्शन परिसर से मालगोदाम हटने के बाद खाली होने वाली जगह पर दो नए प्लेटफार्म विकसित किए जाएंगे।

इससे ट्रेनों के परिचालन की क्षमता बढ़ेगी और भविष्य में नई ट्रेनों के संचालन के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध होगी। मौजूदा ट्रेनों के परिचालन को भी अधिक व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्लेटफार्म संख्या दो और तीन का ऊंचीकरण किया जाएगा। इससे यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में सुविधा होगी।

खासकर बुजुर्ग, महिला और दिव्यांग यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे की ओर से जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा से जुड़े अन्य जरूरी कार्य भी किए जाने की बात कही गई है।

# छात्र आंदोलन को ले भाजपा पर सत्ता पक्ष का हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बाहर हुए छात्रों के उग्र प्रदर्शन और हंगामे के बाद राज्य की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। सत्ता पक्ष के नेताओं और मंत्रियों ने इस पूरे घटनाक्रम के लिए सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराते हुए उस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार ने विधानसभा में छात्रों के घेराव पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सड़कों पर उतरे लोग छात्र नहीं, बल्कि भाजपा के उदंड और अराजक कार्यकर्ता थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते छात्रों के निर्मल आंदोलन को हाइजैक कर लिया है।

भाकपा माले के विधायक अरूप चटर्जी के अनुरोध पर सदन को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि छात्रों के साथ रविवार को वार्ता हुई थी और उनकी मांगें लगभग मान ली गई थीं। सरकार ने स्पष्ट किया कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को रद्द करने की मांग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी के कारण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, लेकिन भाजपा ने पीछे के दरवाजे से छात्रों को उत्तेजित किया।

झामुमो का आरोपः बाहर से कार्यकर्ताओं को भेजकर माहौल बिगाड़ने की साजिश

झामुमो ने अपने एक्स हैंडल पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि भाजपा को झारखंड के छात्रों का आंदोलन हजम नहीं हो रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने बिहार, बंगाल और ओडिशा से बड़ी संख्या में बाहरी तत्वों और कार्यकताओं को झारखंड भेजकर छात्रों के बीच घुसाया, ताकि शांतिपूर्ण आंदोलन को कमजोर कर माहौल बिगाड़ा जा सके और अपनी राजनीति चमकाई जा सके।

रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा ने भी भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन को राजनीतिक रंग देने के लिए भाजपा ने अपने कार्यकताओं को प्रदर्शन में भेजा और माहौल को हिंसक बनाया। उन्होंने कहा कि घेराव के दौरान पुलिस पर पथराव और वाहनों को क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं से स्पष्ट है कि आंदोलन को सुनियोजित तरीके से उग्र रूप दिया गया।

# फूलों की खेती पर मिलेगी 50 फीसदी सब्सिडी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** बिहार के किसानों को बागवानी की ओर आकर्षित करने के लिए सरकार गेंदा फूल की खेती पर बड़े पैमाने पर अनुदान दे रही है।

इसके तहत फूलों को बाजार तक सुरक्षित और तेजी से पहुंचाने के लिए मालवाहक वाहन की खरीद पर भी भारी सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

समस्तीपुर जिले के किसानों को गेंदा फूल की खेती के लिए इस बार 90 हेक्टेयर का लक्ष्य सौंपा गया है। राज्य स्कीम 'गेंदा फूल विकास योजना' के तहत किसानों की आजीविका को मजबूत करने और आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह वित्तीय मदद दी जा रही है। गेंदा फूल की खेती पर प्रति इकाई अनुमानित लागत 80 हजार रुपये निर्धारित की गई है, जिस पर सरकार 50 प्रतिशत यानी 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान देगी। इस योजना से जुड़कर किसान पारंपरिक खेती के मुकाबले काफी कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

गेंदा फूल को बाजार तक ले जाने के लिए मालवाहक वाहन की खरीद पर 6.50 लाख रुपये की अनुमानित लागत का 50 प्रतिशत यानी अधिकतम 3.25 लाख रुपये तक का अनुदान देय होगा।

## जर्जर पुल का मंत्री ने किया निरीक्षण

**अभियंताओं से ली पुल की तकनीकी जानकारी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** कहलगांव नगर से सटे एनएच-80 स्थित अत्यंत जर्जर हो चुके कुआ पुल का बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई कुमार शैलेंद्र ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने एनएचएआई और आरसीडी के अभियंताओं से पुल की वर्तमान तकनीकी स्थिति की पूरी जानकारी ली।

निरीक्षण में पाया गया कि पुल के दक्षिणी हिस्से के पिलर में बीच से दरार आ गई है, बेयरिंग जाम होकर खराब हो चुके हैं, एक्सपेंशन ज्वाइंट गायब हैं और ऊपर की सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट किया कि एनएचएआई ने इस पुल की मरम्मत से हाथ खड़े कर दिए हैं और अब यहां नया पुल ही बनेगा। हालांकि, आम लोगों की सहूलियत के लिए तत्काल हल्के और छोटे वाहनों के परिचालन हेतु पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग के जरिए इसकी मरम्मती कराई जाएगी। आईआईटी की टीम से पुल की जांच कराई जा चुकी है और डीपीआर तैयार किया जा रहा है। चार से पांच दिनों में मरम्मत कार्य शुरू होने की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान साथ मौजूद कहलगांव के विधायक शुभानंद मुकेश ने मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा। विधायक ने कुआ पुल की तत्काल मरम्मत, विकल्प के तौर पर बेली ब्रिज का निर्माण, एनएच-80 के मानकों के अनुरूप नए सिरे से पुल का निर्माण, कटोरिया-चांयटोला के बीच दो उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण, कहलगांव नगर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बायपास का निर्माण और बटेश्वरस्थान से कहलगांव-घोघा-सन्हौला-धोरैया होते हुए बासुकिनाथ धाम तक कांवरिया पथ बनाने की पुरजोर मांग रखी।

## फंदे से लटकी मिली किशोरी की लाश

**जमुई।** खैरा प्रखंड के गरही थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। किशोरी का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि घटना के पहले घर में किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बिहार के जमुई जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत गरही थाना क्षेत्र के कुरवाटांड़ स्थित मालाकार टोला में रविवार देर रात 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किशोरी का शव उसके ही कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची गरही थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। परिजनों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात घर में किसी बात को लेकर आपसी विवाद हुआ था। बताया गया कि बहस के बाद ज्योति नाराज होकर अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक कमरे से किसी तरह की आहट नहीं मिलने पर परिजनों को चिंता हुई।

# पॉक्सो मामले में चार को दी गई नियमित जमानत हाईकोर्ट ने की रद्द

**पीड़िता की मां को भी नहीं दिया गया मौका**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** खगड़िया के पॉक्सो मामले में चार आरोपितों को दी गई नियमित जमानत पटना हाईकोर्ट ने रद कर दी है। न्यायाधीश संदीप कुमार ने सात अगस्त को फैसला सुनाते हुए कहा कि विशेष अदालत ने चार दिन पहले उन्हीं आरोपितों की अग्रिम जमानत खारिज की थी, लेकिन 19 जुलाई 2025 को उनके आत्मसमर्पण के दिन उसी सामग्री के आधार पर नियमित जमानत दे दी। हाईकोर्ट ने इस आदेश को गंभीर कानूनी खामी माना।

मामला खगड़िया महिला थाना कांड संख्या 9/2025 से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश ने 15 जुलाई 2025 को आरोपितों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज की थी।

केस डायरी में सूचक, पीड़िता और अन्य गवाहों के बयान अभियोजन के समर्थन में पाए गए थे। चोट की रिपोर्ट भी रिकॉर्ड पर थी और आरोपितों के खिलाफ विशिष्ट आरोप दर्ज थे।

इसके महज चार दिन बाद चार आरोपितों ने आत्मसमर्पण किया और उसी दिन उन्हें नियमित जमानत दे दी गई।

हाईकोर्ट ने दोनों आदेशों को साथ पढ़ते हुए कहा कि 15 और 19 जुलाई के बीच सिर्फ दो चीजें बदली थीं। आरोपितों ने आत्मसमर्पण किया और विशेष लोक अभियोजक ने जमानत पर सहमति जताई।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आत्मसमर्पण नियमित जमानत की सुनवाई की शर्त हो सकता है, लेकिन यह अपने आप में जमानत देने के पक्ष में नई परिस्थिति नहीं बन जाता।

हाईकोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से जमानत पर सहमति जताने के बावजूद अदालत की जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। अदालत को केस डायरी में उपलब्ध सामग्री पर स्वतंत्र न्यायिक विचार करना होता है। कोर्ट के अनुसार विशेष न्यायाधीश ने वस्तुतः चार दिन पुराने अपने ही आदेश की समीक्षा कर उसे पलट दिया, जो कानूनन स्वीकार्य नहीं था।

हाईकोर्ट ने यह भी गंभीरता से लिया कि नियमित जमानत देते समय पीड़िता की मां और मामले की सूचक को न तो नोटिस दिया गया और न ही सुनवाई का अवसर मिला।

अदालत ने माना कि पॉक्सो जैसे संवेदनशील मामले में पीड़ित पक्ष को सुनवाई का उचित अवसर देना महत्वपूर्ण है। इसी आधार पर भी निचली अदालत के आदेश पर सवाल उठे।

# बेटे के सामने पत्नी की गोली मारकर हत्या

**नौ वर्षीय बेटा बना चश्मदीद**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया शहर के के. हाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रेणु नगर में घरेलू कलह में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां मधुबनी स्थित कोऑपरेटिव बैंक में पदस्थापित पति ने अपनी शिक्षिका पत्नी की पिस्टल से गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। सनसनीखेज बात यह है कि आरोपी पति ने अपने 9 साल के मासूम बेटे के सामने ही इस खौफनाक कदम को अंजाम दिया। मृतका की पहचान अररिया जिले के रानीगंजनिवासी राज कुमार यादव की 36 वर्षीया पत्नी शालिनी कुमारी के रूप में हुई है। शालिनी श्रीनगर स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षिका थीं और पति-बच्चों के साथ रेणु नगर में किराए के मकान में रहती थीं।

इस दर्दनाक वारदात का खुलासा मृतका के 9 वर्षीय बेटे के बयान से हुआ, जो घटना का प्रत्यक्षदर्शी है। मृतका के मामा गौरी शंकर ने बताया कि भांजे ने फोन कर रोते हुए हादसे की जानकारी दी।मासूम ने बताया कि रविवार को मम्मी-पापा के बीच किसी बात पर बहस हो रही थी। तभी गुस्से में आकर पापा ने कहा कि ₹आज सब खेल खत्म कर देते हैं₹ और पिस्टल निकालकर मम्मी पर फायर कर दिया। गोली लगते ही शालिनी लहूलुहान होकर गिर पड़ीं और आरोपी पति पिस्टल सह मौके से फरार हो गया।



घटना के बाद बदहवास परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और शालिनी को आनन-फानन में इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही के. हाट थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से एक खाली कारतूस का खोखा जब्त किया है। के. हाट थानाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया घरेलू विवाद में पति द्वारा हत्या की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और फरार आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

# सावन में भी नदियां सूखी, पंप सेट के सहारे किसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** रतनी-फरीदपुर प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मोरहर और बलदईया नदी इस इलाके की खेती के लिए जीवनदायिनी मानी जाती है। रतनी-फरीदपुर के साथ मखदुमपुर और जहानाबाद प्रखंड के बड़ी संख्या में किसान सिंचाई के लिए इन्हीं दोनों नदियों पर निर्भर हैं।

क्षेत्र में पर्याप्त नहर की सुविधा नहीं होने के कारण किसानों के लिए इन नदियों का महत्व और बढ़ जाता है। लेकिन इस बार सावन माह बीतने को है और बरसात के नव नक्षत्र का दौर भी चल रहा है, इसके बावजूद दोनों नदियां अभी तक पानी के लिए तरस रही हैं।सामान्य तौर पर सावन माह में अच्छी बारिश होने पर मोरहर और बल्दईया नदी में बाढ़ का पानी पहुंच जाता है। इससे किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलने के साथ भूजल स्तर में भी सुधार होता है। नदी में पानी आने से आसपास के क्षेत्रों में वाटर लेवल बढ़ जाता है और किसान आसानी से पंपसेट के माध्यम से खेतों की सिंचाई कर लेते हैं।

इस वर्ष पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण नदी में बाढ़ का पानी नहीं आया है। इसका सीधा असर किसानों की खेती पर पड़ रहा है।

किसानों ने किसी तरह पंपसेट के सहारे खेतों की सिंचाई कर धान की रोपनी लगभग पूरी कर ली है। इसके लिए उन्हें डीजल, बिजली और मजदूरी पर काफी राशि खर्च करनी पड़ी है। अब लगातार भूजल स्तर नीचे जाने के कारण पंपसेट भी पहले की तरह पानी नहीं दे रहा है।

कई जगहों पर मोटर चलाने के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं निकल रहा है। ऐसे में खेतों में लगी धान की फसल सूखने के कगार पर पहुंचने लगी है। किसानों को अपनी पूंजी डूबने की चिंता सताने लगी है।किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष इस समय सदर प्रखंड की दो पंचायतों और रतनी-फरीदपुर प्रखंड की तीन पंचायतों को छोड़कर लगभग सभी पंचायतों में धान की फसल खेतों में लहलहा रही थी।

## शहर में लगेगी नई स्ट्रीट लाइटें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखीसराय।** नगर परिषद लखीसराय ने वर्षों से खराब पड़ी एलईडी और तिरंगा लाइटों की जगह पूरे शहर में नई स्ट्रीट लाइट लगाने का वृहद अभियान शुरू कर दिया है। करीब छह वर्ष के लंबे इंतजार के बाद शुरू हुई इस योजना के तहत नगर परिषद क्षेत्र के सभी 33 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से लगभग 4,300 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। इससे शहर के प्रमुख मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर वर्षों से पसरा अंधेरा दूर होगा। नगर परिषद ने इस कार्य के लिए नई एजेंसी का चयन कर काम तेजी से शुरू करा दिया है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में कोलकाता की एक एजेंसी ने शहर में एलईडी लाइट लगाने का कार्य शुरू किया था, जिस पर एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए थे। हालांकि, कंपनी अधूरा काम छोड़कर भाग गई, जिसके बाद नगर परिषद ने उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया था।

इसके कारण शहर के अधिकांश वार्डों में लगी पुरानी लाइटें बंद पड़ी थीं और कई मोहल्लों में खंभों पर लाइट तक नहीं थी।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखीसराय।** माणिकपुर थाना अंतर्गत सूर्यगढ़ा नगर परिषद क्षेत्र की वार्ड संख्या 13 मौलानगर में मां के श्राद्धकर्म के दौरान युवक दयानंद कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

घर के अंदर फंदे से लटकता उसका शव मिला था। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम को सूचना देकर घटनास्थल की जांच कराई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीसराय भेजा गया।

ग्रामीणों और स्वजन के अनुसार, दयानंद कुमार की शादी इसी वर्ष फरवरी में मुंगेर के चुआबाग निवासी शालू कुमारी के साथ हुई थी। शादी के बाद शालू दूसरी बार ससुराल नहीं आई थी। इसी बीच करीब 20-22 दिन पहले दयानंद की मां मीना देवी की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

स्वजन उन्हें इलाज के लिए पटना ले गए, जहां चिकित्सकों ने ब्रेन हेमरेज की बात कही। बाद में स्वजन उन्हें वापस गांव ले आए, जहां उनकी मौत हो गई।

बताया गया कि मीना देवी के निधन के बाद उनकी पुत्रवधू शालू कुमारी ससुराल आई थी, लेकिन बाद में वापस मायके चली गई और फिर नहीं आई।

ग्रामीणों के अनुसार, इसके बाद दयानंद अपनी पत्नी को ससुराल लाने की बात को लेकर परेशान रहता था। परिवार के सदस्यों से भी वह पत्नी को वापस लाने के लिए कहता था। स्वजन के मुताबिक, श्राद्धकर्म के दौरान भी वह तनाव में था।

परिवार के लोगों के अनुसार, दयानंद मां के श्राद्धकर्म की प्रक्रिया पूरी होने तक पत्नी के आने की उम्मीद लगाए हुए था। बारहवीं तक इंतजार करने के बाद भी पत्नी के नहीं आने से वह काफी परेशान था। शनिवार को मां की तेरहवीं के दिन शाम में उसने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

CMYK

# गयाजी से राजगीर तक बदलेगा पर्यटन का चेहरा, विभाग ने 2,130 करोड़ रुपये की योजना केंद्र को सौंपी

**पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर प्रस्तावों पर शीघ्र सैद्धांतिक स्वीकृति देने का किया अनुरोध**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के प्रमुख तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों के समग्र विकास की योजनाओं को गति देने के लिए पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय बजट घोषणा 2024-25 के तहत बिहार सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्तावों पर शीघ्र विचार करते हुए सैद्धांतिक स्वीकृति देने का अनुरोध किया, ताकि राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर विकास कार्य समयबद्ध तरीके से शुरू किए जा सकें। पर्यटन मंत्री ने बैठक के दौरान गयाजी-बोधगया और नालंदा-राजगीर के लिए तैयार की गई व्यापक गंतव्य रणनीति एवं विकास योजना की जानकारी केंद्रीय मंत्री को दी। बिहार सरकार ने गयाजी-बोधगया के समग्र विकास के लिए 1,080 करोड़ रुपये तथा नालंदा-राजगीर के लिए 1,050 करोड़ रुपये की विकास योजना तैयार की है। दोनों योजनाओं के विस्तृत आधारभूत विश्लेषण प्रतिवेदन भी केंद्र सरकार को उपलब्ध कराए गए हैं। मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट घोषणा 2024-25 के अनुरूप इन योजनाओं का उद्देश्य बिहार के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पर्यटन क्षमता को बढ़ाना है। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार, आधारभूत संरचना का विकास और पर्यटन गतिविधियों को व्यवस्थित एवं टिकाऊ तरीके से बढ़ावा देना है। गयाजी-बोधगया विकास योजना के तहत हेरिटेज हाट, बोधगया और इंटरनेशनल फूड कोर्ट से जुड़ी दो योजनाओं का प्रस्ताव भी केंद्र को दिया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से बोधगया आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय कला, संस्कृति और खान-पान को भी बढ़ावा देने की योजना है। इसके अलावा स्वदेश दर्शन योजना के तहत बेगूसराय जिले के सिमरिया घाट के विकास के लिए 1,216.02 लाख रुपये (लगभग 12.16 करोड़ रुपये) का परियोजना प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। इसकी स्वीकृति फिलहाल प्रतीक्षित है। पर्यटन मंत्री ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों पर जल्द निर्णय लिया जाए और संबंधित योजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जाए। इससे गयाजी, बोधगया, नालंदा और राजगीर में प्रस्तावित विकास कार्यों को बिना विलंब आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इन परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन से बिहार के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत गंतव्य के रूप में विकसित करने के प्रयासों को गति मिलेगी। साथ ही पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सर्वे कार्य महत्वपूर्ण, पूरा करने के लिए सरकार पूरी तरह वचनबद्ध : जायसवाल

**पांच जिलों के अधिकारियों के साथ विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक**


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को पांच जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जहानाबाद, लखीसराय, शिवहर, अरवल एवं शेखपुरा जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ सर्वेक्षण कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि विशेष सर्वेक्षण का कार्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और सरकार इसे पूरा करने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। सर्वेक्षण कार्य पूरा होने से भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता आएगी और जमीन से जुड़े विवादों में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि थानों में बड़ी संख्या में मामले भूमि विवाद से जुड़े होते हैं। ऐसे में विशेष सर्वेक्षण का सफल एवं समयबद्ध निष्पादन राज्य में भूमि विवादों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बैठक के दौरान भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत ने प्रजेंटेशन के माध्यम से सर्वे कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। विभाग के सचिव जय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वेक्षण कार्य के साथ-साथ गैप एनालिसिस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि सर्वेक्षण कार्यों में आ रही कमियों एवं चुनौतियों की पहचान कर उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि गैप एनालिसिस के आधार पर सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की लगातार समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके। समीक्षा के दौरान कुछ मौजों के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की जानकारी सामने आने पर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मियों को चिन्हित कर लापरवाही के लिए कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण से जुड़े अभिलेख अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# पश्चिम बंगाल विधान सभा अध्यक्ष रथिन्द्र बोस से मिले डॉ. प्रेम कुमार, विधायी परंपराओं पर हुआ संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल दौरे के क्रम में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल विधान सभा अध्यक्ष रथिन्द्र बोस से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। रथिन्द्र बोस ने डॉ. प्रेम कुमार का आत्मीय स्वागत किया और पश्चिम बंगाल विधान सभा से संबंधित कई महत्वपूर्ण पुस्तकें तथा विधान सभा द्वारा प्रकाशित डायरी भेंट की। डॉ. प्रेम कुमार ने भी अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। रथिन्द्र बोस ने डॉ. प्रेम कुमार को विधान सभा की कार्यप्रणाली तथा सदन में विधायकों के बैठने की व्यवस्था का अवलोकन कराया। इस दौरान दोनों के बीच बिहार और पश्चिम बंगाल की विधान सभाओं की गौरवशाली परंपराओं, लोकतांत्रिक व्यवस्था, विधायी कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार विधान सभा देश की प्राचीन और महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक संस्थाओं में से एक है। सदन ने समय-समय पर जनहित के मुद्दों को उठाने, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और जनता की आकांक्षाओं को शासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल केवल पड़ोसी राज्य नहीं, बल्कि दोनों के बीच गहरे सांस्कृतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंध हैं। दोनों राज्यों ने स्वतंत्रता, सामाजिक जागरण, शिक्षा, साहित्य, कला और लोकतांत्रिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधान सभा अध्यक्षों के बीच ऐसी मुलाकातें लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करती हैं। विभिन्न विधान सभाओं की ऐतिहासिक परंपराओं, कार्यशैली और अनुभवों के आदान-प्रदान से संसदीय लोकतंत्र की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ती है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की मुख्य सचिव ने की विस्तृत समीक्षा

# बैंक ऋण के आवेदनों को 10 दिन में करें स्वीकृत, रिजेक्ट नहीं करने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के यूएलए मॉडल की सोमवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला-वार प्रगति, लाभार्थियों को बैंक ऋण उपलब्ध कराने की स्थिति, रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना तथा योजना के निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने बैंकों के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना से जुड़े सभी लंबित ऋण आवेदनों का 10 दिनों के अंदर स्वीकृति सुनिश्चित करें। उन्होंने पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदन को अनावश्यक रूप से रिजेक्ट नहीं करने तथा रिजेक्शन के कारणों की बैंक स्तर पर समीक्षा करने को कहा जिन आवेदनों में आवश्यक कमियां हैं, उन्हें दूर कर पात्र लाभार्थियों को जल्द ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी बैंकों को राज्य के सभी जिलों में शाखा-वार समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से उन तीन जिलों पर फोकस करने को कहा गया जहां ऋण रिजेक्शन की दर अधिक है और ऋण स्वीकृति में अधिक समय लग रहा है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि ऋण स्वीकृति के लिए बैंकों द्वारा लाभार्थियों से ऑनलाइन जमा किए गए दस्तावेजों के अतिरिक्त किसी अन्य आय प्रमाण संबंधी दस्तावेज की मांग नहीं की जाएगी। केवल संपत्ति के स्वामित्व अथवा बिजली बिल के स्वामित्व संबंधी विवरण में अंतर के आधार पर ऋण आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया जाएगा।

**डीएफएस निदेशक ने बैंकिंग प्रक्रिया में तेजी लाने पर दिया जोर**

बैठक में डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज के संयुक्त सचिव ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पात्र लाभार्थियों को समय पर बैंक ऋण उपलब्ध कराना योजना की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैंकों को ऋण आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने पर जोर दिया। ऋण स्वीकृति की अवधि 18 दिनों से घटाकर 10 दिन करने तथा ऋण रिजेक्शन की दर को 36 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने का निर्देश बैंक अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों के आवेदन को अनावश्यक रूप से अस्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन के साथ उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर ऋण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए तथा अनावश्यक रूप से अतिरिक्त आय प्रमाण या अन्य दस्तावेजों की मांग नहीं की जाए। उन्होंने ऋण रिजेक्शन के कारणों की बैंक स्तर पर नियमित समीक्षा करने तथा रिजेक्शन रेट और ऋण स्वीकृति में लगने वाले समय को कम करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। एसएलबीसी एवं डीएलबीसी को जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। वहीं ऋण पात्रता के लिए 2 लाख तक लोन के लिए सिविल स्कोर की अनियमितता समाप्त करने के लिए जल्द दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक पैदल चले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के पहले राजधानी पटना सोमवार को पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आई। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में बच्चे, युवा और आम नागरिक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक निकली इस तिरंगा यात्रा ने राजधानी के माहौल को राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और उत्साह से भर दिया। बैंड की थाप और हाथों में लहराते तिरंगे के बीच पूरा मार्ग 'भारत माता की जय' और राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत नजर आया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने जेपी गोलंबर पहुंचकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक आयोजित तिरंगा यात्रा में पैदल सहभागिता की। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी बच्चों और अन्य प्रतिभागियों के साथ हाथ में तिरंगा लेकर करीब डेढ़ किलोमीटर तक पैदल चले। यात्रा के समापन पर प्रदेश अध्यक्ष ने कारगिल चौक स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर मां भारती की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# रेल सुरक्षा बल हाजीपुर बैंड टीम ने दी राष्ट्रभक्ति धुनों की मनमोहक प्रस्तुति



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के प्रमुख स्थलों पर रेलवे सुरक्षा बल के बैंड दल द्वारा राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनों की प्रस्तुति किए जाने की कड़ी में आज पटना के बुद्ध स्मृति पार्क में सायं काल में भव्य बैंड प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, हाजीपुर की बैंड टीम ने देशभक्ति की विभिन्न मधुर एवं जोशीली धुनों की शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। बैंड की सुमधुर धुनों ने उपस्थित लोगों में राष्ट्रीय गौरव, एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आमजन ने रेलवे सुरक्षा बल के बैंड दल की अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुति की सराहना की। देशभक्ति की धुनों के बीच पूरा परिसर राष्ट्रप्रेम के भाव से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना को व्यापक रूप से प्रसारित करना है।

# कोलकाता में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक

**संगठन की मजबूती और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का संकल्प**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक कोलकाता में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत चंद्रवंशी, राष्ट्रीय महामंत्री संजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सहित महासभा के विभिन्न पदाधिकारी और समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिए मजबूत संगठन, सामाजिक एकजुटता और राजनीतिक जागरूकता आवश्यक है। चंद्रवंशी समाज को गांव से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को और मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज की राजनीतिक एवं शासन में भागीदारी बढ़ाने के लिए लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से निरंतर प्रयास करना जरूरी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़ना, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और समाज के प्रतिभावान लोगों को आगे लाना महासभा की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। संगठन का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रमों तक सीमित न रहकर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी समाज के लोगों को आगे बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के विकास, सुशासन, रोजगार, सुरक्षा और सामाजिक समरसता के लिए जनता की आकांक्षाओं को समझते हुए लोकतांत्रिक तरीके से सकारात्मक भूमिका निभाना आवश्यक है। लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोपरि है और जनता के विश्वास को विकास एवं सुशासन के माध्यम से मजबूत करना जनप्रतिनिधियों तथा राजनीतिक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

# विद्यार्थियों ने करीब से जाना ए.आई, रोबोटिक्स, ड्रोन और साइबर सिक्यूरिटी का संसार : डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिए संस्थान की ओर से आयोजित शैक्षणिक एवं तकनीकी परिभ्रमण बेहद ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों को करीब से देखने, समझने और स्वयं प्रयोग करने का भरपूर अवसर मिला। परिभ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के इंटरएक्टिव गेम्स, रोबोट्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई), ड्रोन टेक्नोलॉजी, वर्चुअल रियलिटी (वी.आर), कोबोट (कोलाब्रेटीव रोबोट), गूगल क्लाउड लैब, साइबर अटैक एवं साइबर सिक्युरिटी सहित कई अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विशेष रूप से जेस्चर कंट्रोल गेम्स एवं इंटरएक्टिव तकनीकों ने विद्यार्थियों को काफी आकर्षित किया। विद्यार्थियों को इन तकनीकों को स्वयं प्रयोग करने का पर्याप्त समय दिया गया जिससे उनमें नई तकनीकों को सीखने और समझने की उत्सुकता और बढ़ी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने भी विभिन्न आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों को स्वयं करीब से देखा, उनकी कार्यप्रणाली को समझा तथा विद्यार्थियों के साथ इस तकनीकी अनुभव में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों के लिए केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें ए.आई, रोबॉटिक, ड्रोन टेक्नोलॉजी, वी.आर, क्लाउड कम्प्यूटिंग और साइबर सिक्युरिटी जैसी उभरती तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान भी होना आवश्यक है। परिभ्रमण के दौरान संस्थान की ओर से छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिए नाश्ता एवं भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। विद्यार्थियों ने इस तकनीकी परिभ्रमण को ज्ञानवर्धक, रोमांचक एवं यादगार अनुभव बताया। इस अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराने और इस शानदार शैक्षणिक अनुभव का अवसर प्रदान करने के लिए सीमेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ. नीरज अग्रवाल, टीम के कर्मठ सदस्य नीरज पोद्दार एवं रंजीत कुमार सहित सीमेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के सभी कर्मचारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# बिहार और तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** तेलंगाना दौरे पर रवाना होने से पहले कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार के कृषि क्षेत्र को आधुनिक, तकनीक आधारित एवं रोजगारोन्मुख बनाने तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह दौरा महत्वपूर्ण है। इस दौरान तेलंगाना में कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों, आधुनिक तकनीकों एवं सफल प्रयोगों की जानकारी प्राप्त की जाएगी। उनके साथ कृषि विभाग के प्रधान सचिव, कृषि निदेशक एवं उद्यान निदेशक भी रहेंगे। दौरे के दौरान कृषि मंत्री तेलंगाना के कृषि मंत्री, कृषि विभाग के सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि, सिंचाई, फसल विविधीकरण, डिजिटल कृषि, कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

# एचडीएफसी बैंक मजबूत विकास के अगले चरण के लिए तैयार : राजीव कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष एवं अतिरिक्त (स्वतंत्र) निदेशक राजीव कुमार ने बैंक की 32वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि मजबूत बुनियादी आधार, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, प्रौद्योगिकी, विस्तृत वितरण नेटवर्क और निरंतर नवाचार के बल पर बैंक आने वाले वर्षों में बेहतर व्यावसायिक परिणाम देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा बाजार में व्यवधान और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत बढ़ी जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.6 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। मजबूत घरेलू मांग, बुनियादी ढांचे में निवेश, अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण और अनुकूल जनसांख्यिकीय स्थिति को उन्होंने सतत विकास का आधार बताया। राजीव कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में बैंक का कर पश्चात लाभ 10.9 प्रतिशत बढ़कर रूपये 74,671.3 करोड़, अग्रिम 12.1 प्रतिशत बढ़कर रूपये 29.37 लाख करोड़ और जमा 14.4 प्रतिशत बढ़कर रूपये 31.05 लाख करोड़ हो गई। जमा वृद्धि बैंकिंग प्रणाली की 11.5 प्रतिशत वृद्धि से अधिक रही। बैंक ने पहली बार 1:1 बोनस इक्विटी शेयर जारी किए और कुल लाभांश रूपये 15.50 प्रति इक्विटी शेयर रहा। बैंक ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने के 30 वर्ष भी पूरे किए। उन्होंने कहा कि एचडीएफसी लिमिटेड के साथ विलय से प्राप्त तालमेल, एमएसएमई क्षेत्र में मजबूत स्थिति, विस्तृत शाखा नेटवर्क और प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण बैंक के विकास के प्रमुख आधार हैं।

# प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में गंगा देवी महिला महाविद्यालय के कर्मियों ने किया प्रदर्शन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** फूटाब, फुस्टाब, बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ तथा बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के संयुक्त आह्वान पर बिहार सरकार के प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में सोमवार, 10 अगस्त 2026 को गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना के सभी कर्मी एक दिवसीय सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रहे। कर्मियों ने प्रस्तावित अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर असहमति व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की स्वायत्तता तथा शिक्षक एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा की मांग की। महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शन के उपरांत सभी कर्मी पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। महाविद्यालय के कर्मियों ने कहा कि केंद्रीय संगठनों के निर्णय के अनुरूप आगे भी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मियों के हितों तथा उच्च शिक्षा की स्वायत्तता से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाई जाएगी।

# सावन महोत्सव पर दिया गया 'बिहारश्री रत्न अवॉर्ड'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्थानीय कंकड़बाग पीसी कॉलोनी स्थित विम्पा हॉबी सेंटर में सावन महोत्सव के शुभ बेला पर रंग बिरंगी परिधानों में हरिहर रंग से सरोवर श्रावणी महोत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया। सावन पर आधारित गीत, संगीत एवं नृत्य पर आधारित कार्यक्रम में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया गया जिसका उद्घाटन चर्चित चिकित्सा पहल के निदेशक डॉक्टर दिवाकर तेजस्वी ने किया। मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश ज द यू के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह थे। अन्य अतिथियों में उमाशंकर सिंह, मुकेश कुमार, प्रेम प्रतीक, अजय पासवान,मनीष कुमार आदि ने उपस्थित होकर अपने उदगार व्यक्त किया। अध्यक्षता प्रसिद्ध रंगकर्मी व पत्रकार विश्वमोहन चौधरी 'संत' ने किया। सभी उपस्थित दर्शकों को स्वागत भाषण स्वागताध्यक्ष रवि रंजन ने किया। अतिथियों के हाथों नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ संजीव कुमार सुमन, लोक गायन में धर्मेंद्र कुमार, कला आयोजन में कृष्ण जी शर्मा उर्फ शालीमार, सिने अभिनय एवं नृत्य में अंशिका सिंह, सिने अभिनय में आदित्य सिंह रंगमंच, गायन एवं नृत्य विधा में हरे कृष्णा सिंह मुन्ना पत्रकारिता विधा में नरेश चंद्र और प्रसिद्ध उद्घोषक एवं गायक ऋषभ राठौर को 'बिहार श्री रत्न सम्मान' स्वरूप सम्मान पत्र, शाल एवं प्रतीक चिन्ह दिया गया।

# राज्य के सभी पैक्स ने निकाली बाइक रैली और तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सहकारिता विभाग द्वारा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य के सभी सहकारी समितियों एवं कार्यालयों द्वारा 'हर घर तिरंगा-2026' का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में राज्यभर के जिला स्तरीय सहकारी बैंक, पैक्स (प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों) एवं अन्य सहकारी संस्थानों द्वारा बाइक रैली निकाल कर लोगों को जागरुक किया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्राएं भी निकाली गयीं जिनमें सहकारिता विभाग से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहकारी समिति के सदस्यों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सभी जिला मुख्यालयों के महत्वपूर्ण चौक-चौराहों से गुजरती हुई बाइक रैली एवं तिरंगा यात्रा लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहीं। अगले एक सप्ताह में विभाग द्वारा जिला एवं पंचायत स्तर पर विविध जागरुकता कार्यक्रमों का संचालन प्रस्तावित है जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, रंगोली, सेल्फी विद तिरंगा इत्यादि मुख्य रूप से शामिल हैं।

# अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता की



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** 'हर घर तिरंगा अभियान 2026' के अंतर्गत पटना में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक निकाली गई जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए 'हर घर तिरंगा अभियान' के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शिरीन मसरूर ने स्वयंसेवकों के बीच तिरंगे के महत्व एवं राष्ट्रीय एकता के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के दिशा-निर्देश में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की सहभागिता से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# संपादकीय

## सुरक्षित हो डिजिटल वर्ल्ड, बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बढ़ी चिंता

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर डिजिटल वर्ल्ड को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। अमेरिकी अदालत ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी पर 5000 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कंपनी को बच्चों की सुरक्षा के लिए प्लेटफॉर्म में बदलाव करने के लिए कहा है।बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहे बुरे असर को लेकर अमेरिका की एक अदालत ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा पर करीब 5,390 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने पिछले साल 60 अरब डॉलर से ज्यादा की कमाई की थी। ऐसे में जुर्माने की रकम से ज्यादा महत्वपूर्ण अदालत का यह आदेश है कि कंपनी को बच्चों की सुरक्षा के लिए अपने प्लैटफॉर्म में बदलाव करने होंगे।नाकाम रही कंपनी। न्यू मेक्सिको की अदालत ने माना कि सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म बच्चों की सेहत के लिए नुकसानदेह है। इन प्लैटफॉर्म को जानबूझकर इस तरह से डिजाइन मेट किया गया है कि बच्चों को इसकी लत लग जाए। नाबालिगों को यौन शोषण से बचाने में भी कंपनी नाकाम रही है। यूएस में लगा जुर्माना-की रकम का एक हिस्सा पीड़ितों पर खर्च करने का आदेश दिया है, जो बताता है कि सोशल मीडिया कंपनियां अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकतीं। उनकी वजह से समाज में जो परेशानी शुरू हुई है, उन्हें उसकी कीमत चुकानी होगी। किसी सोशल मीडिया कंपनी को पहली बार इस तरह कटघरे में खड़ा होना पड़ा है और मेटा के लिए परेशानी की बात यह है कि अमेरिका के कई और राज्यों में भी इसी तरह के मुकदमे चल रहे हैं। इससे पहले मार्च में भी मेटा पर 3500 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगा था। गैर-कानूनी कंटेंट-पूरी दुनिया में यह बहस चल रही है कि बच्चों को किस हद तक सोशल मीडिया इस्तेमाल की अनुमति होनी चाहिए। कई देशों ने अपने यहां निश्चित उम्र सीमा भी लागू की है। हालांकि इसके साथ जरूरी मुद्दा यह भी है कि सोशल मीडिया कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। भारत में भी मेटा लगातार विवादों में है। पीएम नरेंद्र मोदी के एक विडियो को फेसबुक से हटाए जाने पर उसने माफी मांग ली।यह तकनीकी गलती हो सकती है, पर पेड प्रमोशन के जरिये गैर-कानूनी कंटेंट को बढ़ावा देने की बात उसने खुद मानी है। इस साल जुलाई में केंद्र ने नोटिस भी जारी किया था। बैन उपाय नहीं- अमेरिकी अदालत ने अगले पांच बरसों में मेटा को कई सुरक्षा उपाय अपनाने का आदेश दिया है। इस तरह के कदम बाकी जगहों पर भी उठाए जा सकते है, क्योंकि डिजिटल दुनिया किसी एक देश तक सीमित नहीं रही। हालांकि यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि पूरी तरह बैन उपाय नहीं है, जरूरत जवाबदेही और नियंत्रण की है।


# अगर भारत-पाक युद्ध हुआ तो क्या भारत के खिलाफ अपनी सेना उतारेंगे तुर्की और सउदी अरब ?

(नीरज कुमार दुबे)

वर्तमान हालात को देखें तो सऊदी को चाहिए सुरक्षा, पाकिस्तान को पैसा और तुर्किये को ताकत, इसलिए तीनों एक साथ आ गये हैं। हालांकि इस गठजोड़ को समझने के लिए तीनों देशों के हितों को अलग-अलग देखना होगा। सबसे पहले सऊदी अरब की बात करें तो उसके सामने सबसे बड़ा सवाल सुरक्षा का है। नाटो के भीतर जब अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच भरोसे की दरारें गहरी हो रही हैं, ठीक उसी समय पश्चिम एशिया में एक नया शक्ति-केंद्र खड़ा करने की कोशिश शुरू हो गई है। मक्का में तुर्किये, सऊदी अरब और पाकिस्तान ने ऐसा रक्षा समझौता किया है, जिसकी सबसे अहम लाइन में साफ कहा गया है कि तीनों में से किसी एक पर हमला हुआ तो उसे तीनों पर हमला माना जाएगा। यही वह बिंदु है, जो इस समझौते को सामान्य सैन्य सहयोग से उठाकर एक संभावित नए क्षेत्रीय सुरक्षा गठबंधन में बदल देता है। हालांकि इसे अभी आधिकारिक तौर पर 'सुन्नी नाटो' कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन इसके भीतर उसकी बुनियादी तस्वीर जरूर दिखाई देने लगी है। देखा जाये तो मक्का में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन का एक मंच पर आना अपने आप में बड़ा संदेश है। खास बात यह है कि यह समझौता ऐसे समय हुआ है जब पश्चिम एशिया पहले ही ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव की आग में झुलस रहा है। सऊदी अरब पर ईरान और उसके सहयोगी संगठनों के हमलों का खतरा है। पाकिस्तान अपनी क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा है और तुर्किये पश्चिम एशिया में अपनी भूमिका लगातार बढ़ा रहा है। यानी तीनों देश एक-दूसरे की जरूरत बन गए हैं।

**क्यों हुआ त्रि-पक्षीय समझौता?** - वर्तमान हालात को देखें तो सऊदी को चाहिए सुरक्षा, पाकिस्तान को पैसा और तुर्किये को ताकत, इसलिए तीनों एक साथ आ गये हैं। हालांकि इस गठजोड़ को समझने के लिए तीनों देशों के हितों को अलग-अलग देखना होगा। सबसे पहले सऊदी अरब की बात करें तो उसके सामने सबसे बड़ा सवाल सुरक्षा का है। दशकों तक रियाद ने अमेरिकी सुरक्षा छाते पर भरोसा किया। लेकिन अब सऊदी नेतृत्व यह मानकर चल रहा है कि बदलती अमेरिकी नीति में किसी एक बाहरी शक्ति पर पूरी तरह निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। ईरान और उसके सहयोगियों की मिसाइल तथा ड्रोन क्षमता ने इस खतरे को और वास्तविक बना दिया है। ऐसे में सऊदी अरब ने अपना सुरक्षा कवच चौड़ा करना शुरू किया है। पाकिस्तान उसके लिए स्वाभाविक साझेदार है। पाकिस्तानी सेना दशकों से सऊदी सुरक्षा बलों को प्रशिक्षण देती रही है और हाल के महीनों में पाकिस्तान ने सऊदी अरब में सैनिकों, लड़ाकू विमानों, ड्रोन और वायु रक्षा प्रणालियों की मौजूदगी भी बढ़ाई है। वहीं पाकिस्तान की जरूरत बिल्कुल दूसरी है। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब से निवेश और आर्थिक मदद चाहिए, जबकि तुर्किये से रक्षा तकनीक और सैन्य सहयोग चाहिए। बदले में पाकिस्तान अपनी सेना और परमाणु क्षमता को मुस्लिम दुनिया की सुरक्षा में सबसे बड़ा सैन्य योगदान बताकर अपनी भू-राजनीतिक अहमियत बढ़ाना चाहता है। वहीं तुर्किये की बात करें तो एर्दोगन लंबे समय से अपने देश को सिर्फ नाटो का सदस्य नहीं, बल्कि मुस्लिम दुनिया की एक स्वतंत्र शक्ति के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। तुर्किये के पास अत्याधुनिक ड्रोन, रक्षा उद्योग और बड़ी सैन्य ताकत है। पाकिस्तान के साथ उसका रक्षा सहयोग पहले ही तेजी से बढ़ चुका है।

**यह गठबंधन किसके खिलाफ है?** - अब सवाल उठता है कि यह गठबंधन किसके खिलाफ है? इस सवाल का जवाब हालांकि तीनों देशों ने नहीं में दिया है। तुर्किये ने साफ कहा है कि समझौता रक्षात्मक है, यह किसी खास देश या संगठन को निशाना नहीं बनाता और दूसरे क्षेत्रीय देशों के लिए भी खुला है। लेकिन



अंतरराष्ट्रीय राजनीति में सिर्फ दस्तावेज की भाषा नहीं देखी जाती, टाइमिंग भी देखी जाती है। और इस समझौते की टाइमिंग बहुत कुछ कहती है क्योंकि इस समय ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव चरम पर है। ईरान समर्थित हूती, इराकी मिलिशिया और अन्य समूहों की गतिविधियों ने खाड़ी देशों की सुरक्षा चिंता बढ़ाई है। दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को बारूद के ढेर में बदल दिया है। इसलिए यह समझौता भले ही ईरान का नाम न ले, लेकिन ईरान के लिए इसका संदेश साफ है कि सऊदी अरब अब अकेला नहीं है। राजनीति

**ईरान की बढ़ेंगी मुश्किलें** - वहीं इस समझौते के बाद ईरान के लिए नई चुनौती खड़ी हो गयी है। तेहरान अब तक पश्चिम एशिया में अपने प्रभाव का बड़ा हिस्सा सहयोगी और प्रॉक्सी संगठनों के नेटवर्क के जरिए कायम करता रहा है। लेकिन यदि सऊदी अरब को पाकिस्तान की सैन्य क्षमता और तुर्किये की रक्षा तकनीक का समर्थन मिलने लगे तो क्षेत्रीय समीकरण बदल सकते हैं। यही कारण है कि मक्का समझौते को ईरान के खिलाफ सीधा सैन्य गठबंधन नहीं होते हुए भी ईरान के लिए रणनीतिक चुनौती जरूर माना जा सकता है।

**इजराइल-अमेरिका को भी संदेश** - दिलचस्प बात यह है कि इस गठबंधन का एक और बड़ा संदेश इजरायल के लिए भी है। पश्चिम एशिया में जिस 'सुन्नी धुरी' की चर्चा लंबे समय से होती रही है, वह अब सिर्फ राजनीतिक अवधारणा नहीं रहना चाहती। साथ ही यह अमेरिका के लिए भी खतरे की घंटी है और यह समझौता वाशिंगटन के लिए भी सुखद खबर नहीं है। दरअसल सऊदी अरब और तुर्किये दोनों अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था के पुराने साझेदार हैं। लेकिन यदि यही देश अपनी सुरक्षा के लिए अलग क्षेत्रीय सैन्य ढांचा बनाने लगें तो इसका अर्थ साफ है कि अमेरिकी सुरक्षा छतरी पर भरोसा कम हो रहा है। यही इस समझौते का सबसे बड़ा दीर्घकालिक रणनीतिक अर्थ हो सकता है।

**सुन्नी नाटो सिर्फ कल्पना है या हकीकत?** - इसके अलावा, यदि मक्का मॉडल सफल होता है और उसमें दूसरे सुन्नी देश शामिल होते हैं, तो पश्चिम एशिया में अमेरिका के नेतृत्व वाली सुरक्षा व्यवस्था के समानांतर एक क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचा खड़ा हो सकता है। सवाल उठता है कि इसमें और कौन-से देश शामिल हो सकते हैं? इसके जवाब में कतर, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया जैसे देशों के नाम संभावित सदस्य के रूप में सामने आ रहे हैं। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि यूएई की कई क्षेत्रीय मुद्दों पर सऊदी अरब और तुर्किये से अलग नीति रही है। साथ ही मिस्र भी किसी ऐसे सैन्य गठबंधन में फंसना नहीं चाहेगा जो उसे सीधे किसी क्षेत्रीय युद्ध में धकेल दे। वहीं सीरिया अपनी युद्धोत्तर परिस्थितियों से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। इसलिए 'सुन्नी नाटो' का विस्तार संभव जरूर है, लेकिन आसान नहीं है।

**त्रि-पक्षीय समझौते का भारत पर क्या होगा असर?** - अब सवाल यह है कि इस रक्षा समझौते का भारत पर क्या असर पड़ेगा और अगर भारत-पाकिस्तान के बीच फिर सैन्य टकराव हुआ तो क्या तुर्किये और सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ खड़े होंगे और भारत के खिलाफ युद्ध लड़ेंगे? देखा जाये तो भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता पाकिस्तान की बढ़ती रणनीतिक क्षमता है। तुर्किये पहले से ही पाकिस्तान का करीबी सैन्य साझेदार है और कश्मीर से लेकर रक्षा सहयोग तक उसका रुख भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। 2025 के भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव में भी अंकारा ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। ऐसे में भविष्य में पाकिस्तान को तुर्किये से ड्रोन, हथियार, तकनीक, खुफिया सहयोग और सैन्य सहायता का अधिक संगठित समर्थन मिल सकता है। हालांकि सऊदी अरब को तुर्किये के साथ एक ही नजर से देखना सही नहीं होगा क्योंकि रियाद के पाकिस्तान से गहरे रक्षा संबंध जरूर हैं, लेकिन भारत भी उसके लिए ऊर्जा, व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग का अहम साझेदार है। इसलिए भारत-पाकिस्तान संघर्ष की स्थिति में तुर्किये का पाकिस्तान के पक्ष में खुलकर खड़ा होना ज्यादा संभावित है, जबकि सऊदी अरब के लिए सीधे भारत के खिलाफ युद्ध में उतरना आसान नहीं होगा। वह पाकिस्तान को राजनीतिक, आर्थिक या सीमित सैन्य-लॉजिस्टिक मदद दे सकता है, लेकिन मक्का समझौते की मौजूदा सार्वजनिक भाषा से यह नहीं कहा जा सकता कि पाकिस्तान पर हमले की स्थिति में सऊदी और तुर्किये अपने आप भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ देंगे। यही वजह है कि भारत के लिए असली चिंता इस समझौते की 'सामूहिक युद्ध' वाली भाषा से ज्यादा पाकिस्तान को मिलने वाली संभावित अतिरिक्त सैन्य और रणनीतिक ताकत है। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी

**पाकिस्तान का विरोधाभास** - हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में पाकिस्तान का सबसे बड़ा विरोधाभास भी सबके सामने आया है। जिस देश की अपनी सीमाओं पर लगातार तनाव है, जिसे अफगानिस्तान सीमा पर संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है, जिसके बलूचिस्तान प्रांत ने आजादी का ऐलान कर दिया है, जिसके अवैध कब्जे वाले पीओके में विद्रोह और दमन तेज होता जा रहा है, वह देश अब मुस्लिम दुनिया की सामूहिक सुरक्षा का प्रहरी बनने की भूमिका तलाश रहा है।

# चुनौतियों की पाठशाला से ही मिलती है जिंदगी की असली सीख

(प्रेरणा अवस्थी )

अगर किसी युद्ध में एक व्यक्ति के पास सारे अस्त्र-शस्त्र विद्यमान हों, लेकिन उसका शत्रु पूरी तरह निहत्था हो, निश्चित ही ऐसे युद्ध का परिणाम पहले व्यक्ति के पक्ष में होगा। मगर गहन विचार किया जाए, तो क्या ऐसी विजय जीते हुए व्यक्ति को कोई नई सीख, नया अनुभव या नया कौशल प्रदान करने में समर्थ होगी? इसका सीधा सा उत्तर है- नहीं। जीवन भी युद्ध का ही एक पर्याय है।

समय-समय पर हमारे सामने उपस्थित होने वाली परिस्थितियां और चुनौतियां युद्ध के शत्रु के बजाय हमारे लिए एक उत्कृष्ट पाठशाला की भूमिका अदा करती हैं। खुद को जानने के लिए जीवन में चुनौतियों की पाठशाला का होना नितांत आवश्यक है।

चुनौतियां और कठिन परिस्थितियां हमें जीवन की सच्चाई के साथ-साथ हमारे भीतर छिपी हुई सामर्थ्य तथा अपार संभावनाओं से रूबरू कराती हैं। चुनौतियों में अपार शक्ति होती है। जिस प्रकार एक पाठशाला व्यक्ति को निरक्षर से साक्षर बना देती है, ठीक उसी तरह चुनौतियां भी हमारे व्यक्तित्व को रूपांतरित कर देती हैं।

यह पूरी तरह सच है कि चुनौतियां सबसे पहले व्यक्ति को विचलित करते हुए उसके आत्मविश्वास को क्षीण करने का प्रयास करती हैं, लेकिन उनकी इस क्रिया का उत्तर कुशलतापूर्वक धैर्य की प्रतिक्रिया से दे दिया गया, तो फिर यही चुनौतियां हमारे व्यक्तित्व को अथाह आत्मविश्वास से भर देती हैं। परिणाम यह होता है कि व्यक्ति साधारण से असाधारण बन जाता है। वास्तव में चुनौतियां मनुष्य को उसकी सीमाओं एवं अद्भुत शक्तियों से परिचित कराती हैं। शांत समुद्र में कोई भी नाविक कुशल नहीं बन सकता। कुशलता सदैव तूफानों से लड़कर ही आती है।

मनुष्य संघर्षों की भट्ठी में तपकर निखरता है। कठिनाइयां हमें धैर्य, संयम, साहस और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाती हैं। यही कारण है कि जिन लोगों ने जीवन में संघर्ष और विषम परिस्थितियों का सामना किया होता है, वे अपेक्षाकृत अधिक संवेदनशील, परिपक्व और मजबूत दिखाई देते हैं।

दरअसल, चुनौतियों से बचने की प्रवृत्ति ही सबसे बड़ी समस्या है। आज व्यक्ति आसान एवं वैकल्पिक मार्ग खोजने में लगा है। वह बिना परिश्रम के उत्कृष्ट परिणाम चाहता है। मगर प्रकृति का स्पष्ट सा नियम है- बिना संघर्ष के विकास संभव नहीं है। बीज अगर मिट्टी के अंधेरे और दबाव को सहन न करे, तो वह वृक्ष कदापि नहीं बन सकता। नदी चट्टानों से न टकराए तो उसका प्रवाह निर्मल नहीं हो सकता।

इसी प्रकार मनुष्य भी चुनौतियों से जूझे बिना परिपक्वता को नहीं प्राप्त कर सकता। चुनौतियों की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि वे मनुष्य को आत्ममंथन का अवसर देती हैं। जब सब कुछ अनुकूल होता है, तब व्यक्ति अपनी कमजोरियों पर ध्यान नहीं देता, लेकिन कठिन समय उसे स्वयं से परिचित कराता है। चुनौतियों की पाठशाला में प्रवेश लेकर ही वह समझ पाता है कि उसके भीतर कितनी क्षमता है, कितना धैर्य है और कितनी इच्छाशक्ति है।

कई बार व्यक्ति को अपनी वास्तविक ताकत का पता ही तब चलता है, जब परिस्थितियां उसे पूरी तरह तोड़ने की कोशिश करती हैं। एक सत्य यह भी है कि प्रत्येक चुनौती केवल बाहरी नहीं होती। अनेक संघर्ष और परिस्थितियों के झंझावात मनुष्य के भीतर भी चलते रहते हैं। भय, असुरक्षा, निराशा, हीनभावना और अकेलापन, ये सब मानसिक चुनौतियां हैं।

बाह्य परिस्थितियां तो दिखाई देती हैं, लेकिन भीतर के संघर्ष अक्सर अनदेखे रह जाते हैं। जो व्यक्ति अपने आंतरिक अंधेरों से लड़ना सीख जाता है, वह जीवन की बड़ी से बड़ी कठिनाई का सामना कर सकता है। इसलिए चुनौतियों की पाठशाला केवल बाहरी संघर्षों की ही नहीं, बल्कि आत्मविजय और आत्ममंथन की भी पाठशाला है।

प्रत्येक चुनौती हमारे व्यक्तित्व की नवीन ढंग से रचना करने के लिए ही हमारे समक्ष उपस्थित होती है। यह पूरी तरह हमारे विवेक और धैर्य पर ही निर्भर करता है कि हम उस चुनौतीस्वरूप अमूल्य अवसर को यों ही जाने देते हैं या उसे पूर्ण समर्पण तथा साहस के साथ स्वीकार करके अपने व्यक्तित्व और अंतर्मन के निखार का माध्यम बनाते हैं।

कितना ही प्रचंड झंझावात क्यों न हो, अगर हमने अपने कदम पूरी शक्ति और दृढ़ता के साथ जमा रखे हैं, तो हम विचलित नहीं हो सकते। चुनौतियों के वक्त अगर हमने परिस्थितियों को प्रतिकूल परिवेश के रूप में देखा, तो निस्संदेह हमारी पराजय निश्चित है। चुनौतियों की पाठशाला हमें यह सिखाती है कि प्रतिकूलतम परिस्थिति में भी हम अपनी अंतर्निहित क्षमताओं का महत्तम दोहन करते हुए रचनात्मकता की ओर कैसे अग्रसर हों।

# हिमालयी नदियों में बढ़ रहा खतरा, बदलते जलवायु संकट से पहाड़ से मैदान तक मंडरा रही बाढ़ की आशंका

(जयप्रकाश त्रिपाठी)

**जलवायु आपदा से अर्थव्यवस्थाएं तहस-नहस हो रही हैं। इसी कारण पारिस्थितिकी तंत्र में ऐसे बदलाव आ सकते हैं, जिन्हें पलटना असंभव होगा। शांति और सुरक्षा को गंभीर खतरा पहुंच सकता है। वैज्ञानिक लगातार आगाह कर रहे हैं कि वर्ष 2030 से 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान और बढ़ जाएगा। मौसम विज्ञानियों का विश्लेषण बताता है कि वैश्विक तापमान बढ़ने की गति तेज हो रही है और अत्यधिक गर्मी की आवृत्ति भी बढ़ रही है। पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते के अंतर्गत तापमान वृद्धि की सीमा अहम है।**

वैज्ञानिक लगातार आगाह कर रहे हैं कि वर्ष 2030 से 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान और बढ़ जाएगा। मौसम विज्ञानियों का विश्लेषण बताता है कि वैश्विक तापमान बढ़ने की गति तेज हो रही है और अत्यधिक गर्मी की आवृत्ति भी बढ़ रही है। जलवायु आपदा के कारण हिमालयी नदियां खतरनाक रूप से अपने प्रवाह के रास्ते बदल रही हैं। यह खतरे की घंटी है। उधर, आर्कटिक क्षेत्र, पृथ्वी के अन्य हिस्सों की तुलना में ज्यादा तेजी से गर्म हो रहा है। इस क्षेत्र में जमे हुए पानी की मात्रा में गिरावट जारी रहना और बैरेंट्स सागर, बेरिंग सागर तथा ओखोत्स्क सागर में जमे हुए जल की क्षति गंभीर बदलाव का संकेत है। इससे सूर्य की रोशनी को परिवर्तित करने की आर्कटिक क्षेत्र की क्षमता में कमी आती है। इससे पारिस्थितिकी तंत्र, मौसमी रुझान और ध्रुवीय क्षेत्रों में आजीविका भी प्रभावित हो सकती है।

'चाइना यूनिवर्सिटी ऑफ जियोसाइंसेज और सिचुआन यूनिवर्सिटी' के वैज्ञानिकों के मुताबिक वैश्विक ताप के कारण होने वाले मौसमी बदलावों से ऊपरी हिमालयी क्षेत्र में नदियों और उनके किनारे बसे इलाकों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। सिंधु, गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र और तीस्ता इत्यादि नदियों से लगभग 19 नदियां सीधे जुड़ी हैं, जिनके तेज प्रवाह से जन-धन का व्यापक नुकसान हो सकता है। पहले के मुकाबले दोगुनी तेज गति से ये नदियां, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे तबाह कर सकती हैं।

हिमालयी नदियों के 1582 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में तापमान की संवेदनशीलता वैश्विक औसत से लगभग आठ गुना ज्यादा है। नदियों की ही तरह इन क्षेत्रों का तापमान भी दोगुनी गति से बढ़ रहा है। नदियों की गति में बदलाव का सीधा संबंध जलवायु आपदा, तापमान और हिमनदों की हलचल से है। हिमालय के आर-पार इस आपदा से बहुत बड़ी आबादी गंभीर रूप से प्रभावित होने का अंदेशा है। ताजा अध्ययन के मुताबिक खास तौर से अरुणाचल प्रदेश की नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए यह भयावह हो सकता है। असम पहले से ही ऐसी आपदाएं झेल रहा है।

जलवायु आपदा से अर्थव्यवस्थाएं तहस-नहस हो रही हैं। इसी कारण पारिस्थितिकी तंत्र में ऐसे बदलाव आ सकते हैं, जिन्हें पलटना असंभव होगा। शांति और सुरक्षा को गंभीर खतरा पहुंच सकता है। वैज्ञानिक लगातार आगाह कर रहे हैं कि वर्ष 2030 से 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान और बढ़ जाएगा। मौसम विज्ञानियों का विश्लेषण बताता है कि वैश्विक तापमान बढ़ने की गति तेज हो रही है और अत्यधिक गर्मी की आवृत्ति भी बढ़ रही है। पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते के अंतर्गत तापमान वृद्धि की सीमा अहम है। ऐसी स्थिति में चरम मौसमी घटनाओं, खाद्य असुरक्षा, विस्थापन और पारिस्थितिकी तंत्र ढहने का जोखिम बढ़ेगा। गर्म हो रही जलवायु से वैश्विक वर्षा रुझानों में भी बदलाव नजर आ रहा है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि दुनिया भीषण गर्मी की ओर बढ़ रही है। यह लगभग तय है कि अगले पांच वर्षों के दौरान वैश्विक तापमान रिकॉर्ड स्तर पर या फिर उसके आसपास बना रहेगा। ब्रिटेन के मौसम विज्ञान विभाग ने इस रिपोर्ट में पिछले पांच वर्षों की जलवायु का आकलन और अगले पांच वर्षों में तापमान, बारिश और बर्फबारी के रुझानों का अनुमान रेखांकित किया है। वर्ष 2026 से 2030 के दौरान, इस बात की लगभग 86 फीसद आशंका है कि कम से कम एक वर्ष, रिकॉर्ड स्तर पर सर्वाधिक गर्म वर्ष होने का मामला सामने आए। अगले पांच वर्ष की अवधि में, कम से कम एक वर्ष के दौरान औसत वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

बीती जुलाई में, हिमालयी क्षेत्रों से लेकर अमेरिका के टेक्सास प्रांत के ग्रामीण इलाकों तक आई भीषण बाढ़ की घटनाओं में कई लोग जान गंवा चुके हैं। इस बीच, समय-पूर्व चेतावनी प्रणालियों की गंभीर खामियां भी उजागर हुई हैं। वैज्ञानिकों ने आगाह किया है कि इस विनाश के पीछे तेजी से हो रहा शहरीकरण, भूमि उपयोग में बदलाव और जलवायु परिवर्तन जैसी वजहें हैं, जिनसे वातावरण में नमी बढ़ रही है और बाढ़ का खतरा भी लगातार गहराता जा रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अतिरिक्त एक डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर, वायुमंडल लगभग सात फीसद अधिक जलवाष्प अपने भीतर संचित कर सकता है। इस स्थिति से अत्यधिक वर्षा का जोखिम बढ़ रहा है। साथ ही गर्म होती जलवायु के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से हिमनद से जुड़ी बाढ़ का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। अकेले बीती जुलाई में ही दक्षिण एशिया, पूर्वी एशिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में एक के बाद एक, बाढ़ की घटनाएं देखी गईं। कहीं भारी बारिश, कहीं हिमनद झीलों का विस्फोट और कहीं अचानक आई बाढ़ का कहर टूटा है।

वर्ष 2020 में, दक्षिण एशिया के विभिन्न हिस्सों में भीषण बाढ़ की घटनाओं में साढ़े छह हजार से अधिक लोगों की मौत हुई थी और लगभग 105 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति दर्ज की गई थी। दो साल बाद 2022 में पाकिस्तान में आई विनाशकारी बाढ़ से 3.3 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए। इस साल भी यह सिलसिला थमा नहीं है। दक्षिण कोरिया में 16 से 20 जुलाई के बीच रिकॉर्डतोड़ बारिश दर्ज की गई, जहां कुछ इलाकों में वर्षा 115 मिलीमीटर प्रति घंटे से भी अधिक पहुंच गई। इस आपदा में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 13 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा।

बीती जुलाई में अचानक हुई मूसलाधार बारिश ने टेक्सास के पहाड़ी क्षेत्र में तबाही मचा दी, जिसमें सौ से अधिक लोगों की जान चली गई और अनेक लोग लापता हो गए। इसी तरह नेपाल के रसुवा जिले में हिमनद की सतह पर बनी झील के फटने से अचानक आई बाढ़ में कुछ जलविद्युत संयंत्र और एक पुल सहित कई सड़कें बह गईं। इस भीषण घटना में कम से कम 11 लोगों की जान गई। अनेक लोग अब भी लापता हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र में बाढ़ अब पहले की तुलना में अधिक बार आ रही है, जबकि दो दशक पहले ऐसी बाढ़ आम तौर पर हर पांच से दस साल में एक बार आती थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य में बाढ़ की ऐसी घटनाओं का खतरा तीन गुना तक बढ़ सकता है। एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 1.81 अरब लोग यानी दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी विनाशकारी बाढ़ की जद में है। इस आबादी में से 89 फीसद लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों के हैं।

भारत के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ ने तबाही मचाई है। पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में कई लोग अब भी लापता हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी भारी बारिश से जन-जीवन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। नगालैंड में बारिश के बाद भूस्खलन से स्कूल की इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। उत्तराखंड में लगातार बारिश और भूस्खलन से लगभग कई सड़कें बंद हैं। हिमाचल में भी इन दिनों 36 सड़कें बंद हैं। असम के बारह जिले बाढ़ से जूझ रहे हैं।

# डीबीटी लाईव कार्यक्रम के तहत पेंशनधारियों को जुलाई का पेंशन भुगतान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया (कटिहार)।** वह कार्यक्रम ऑनलाईन वेबकास्टिंग के माध्यम से सभी जिलों में आयोजित किया गया। जिसमें पूर्णिया से अंशुल कुमार भाप्रसे जिला पदाधिकारी, अमरेश कुमार सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला, महिला पर्यवेक्षिका एवं सामाजिक सुरक्षा के पेंशनधारीगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित कुल 6 योजनाओं के पेंशनधारियों को डीबीटी लाइव कार्यक्रम के माध्यम से पूर्णिया जिला अंतर्गत भी पेंशन राशि अंतरण किया गया। निदेशक अमरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना अंतर्गत कुल-1,41,531 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल - 16,39,11,600 सोलह करोड़ उंचालीस लाख ग्यारह हजार छः सौ रुपए का भुगतान किया गया। इन्द्रिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत कुल-69,500 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-7,75,42,000 सात करोड़ पचहत्तर लाख बियालिस हजार रुपए बकाया सहित का भुगतान किया गया। लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत कुल-26,815 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-3,01,64,400 तीन करोड़ एक लाख चौंसठ हजार चार सौ रुपए का भुगतान किया गया। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना अंतर्गत कुल-20,714 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-2,45,22,400 दो करोड़ पैतालीस लाख बाईस हजार चार सौ रुपए बकाया सहित का भुगतान किया गया। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत कुल-1,179 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-12,96,900 बारह लाख छियानवे हजार नौ सौ का बकाया सहित भुगतान किया गया। बिहार निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत कुल-26,676 पेंशनधारियों को 1100 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल मो0-2,96,31,900 दो करोड़ छियानवे लाख एकतीस हजार नौ सौ रुपए का भुगतान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित पेंशनधारियों में से गुंजा देवी, प्रदीप शर्मा, रानी देवी, मीना देवी, काला देवी, मगनी देवी, पार्वती देवी, विमला देवी, दुलारी देवी द्वारा मुख्यमंत्री जी आभार प्रकट किया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन हम सभी वृद्धजनों को सरकार से आर्थिक संबल, जीवनस्तर में सुधार, स्वास्थ्य सुरक्षा, आत्मनिर्भर बनने में सहायक हुआ है। इस कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजन, विधवा पेंशनधारियों ने हर्ष से बताया कि सर हमलोग जनवरी 2026 माह में ही जीवन प्रमाणीकरण करा लिये है, अब हमें प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन राशि मिल जा रहा है। पेंशन राशि मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पेंशनधारियों को जीवन प्रमाणीकरण, आधार सीडिंग ससमय कराने हेतु अनुरोध किया गया, ताकि सभी पेंशनधारियों को निर्बाध रूप से पेंशन का राशि प्राप्त हो सके।



# सुरक्षा प्रहरी के बकाये वेतन को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के संयुक्त श्रम भवन श्रम संसाधन विभाग के कार्यालय में श्रम अधीक्षक पीटर मिंज साहब के अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजन की गई। बैठक में सामानता सिक्योरिटी इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक के द्वारा सुरक्षा प्रहरियों विभिन्न मांगों में 3 महीने का बकाया वेतन, ईपीएफ,ईएसआईसी लगभग 200 सुरक्षा कर्मियों का 3 महीने से वेतन नहीं मिला है चौथा महीना पुरने वाला है। भविष्य निधि का अंशदान ससमय संबंधित कार्यालय में जमा नहीं होता है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम का लाभ नहीं मिल रहा है। 2020 से वर्तमान तक कभी भी सुरक्षा प्रहरियों को बोनस का लाभ नहीं मिला है। मात्र ₹8000 हजार रुपया वेतन मिल रहा है। जबकि



कार्य से वंचित किए गए कर्मियों को काम पर लेने दर्जनों कर्मियों को 1 साल से लेकर 4 महीने तक का वेतन का भुगतान सहित दर्जनों मांगों को लेकर वार्ता किया गया। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि सामानता इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक के द्वारा वार्ता को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। विकास सिंह ने श्रम अधीक्षक से एजेंसी के निदेशक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करने का अनुरोध किया। श्रम अधीक्षक पीटर मिंज कर्मियों को आश्वासन देते हुए कहा कि आज प्रधान नियोजन को एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। अगर एक सप्ताह में सभी मांगे पूरी नहीं हुई तो एजेंसी के खिलाफ मुकदमा दायर करने का कठोर निर्णय लिया जाएगा ' मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि वर्तमान में कुशल श्रमिकों को 16500 वेतन मिलना चाहिए। कार्य अवधि में दुर्घटना बीमा का भी लाभ नहीं मिल रहा है। आधा दर्जन सुरक्षा प्रहरी ऐसे हैं जिसको 1 साल से 6 महीना से 3 महीना से वेतन नहीं मिला है। 4 से 5 सुरक्षा प्रहरियों को बिना वजह कार्य से बैठा दिया गया है। सभी सुरक्षा प्रहरी एजेंसी के सुपरवाइजर नवीन सिंह से प्रताड़ित हो रहे हैं। कार्य से बैठाकर बेवजह अवैध राशि वसूलना उसकी नीति हो गई है एजेंसी से परेशान और लाचार होकर श्रम विभाग का सहारा लिया गया एवं कटिहार मजदूर संघ के अध्यक्ष विकास सिंह से मदद करने का गुहार लगाया । आज के त्रिपक्षीय वार्ता में श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने दूरभाष पर एजेंसी के निदेशक तारकेश्वर नाथ सिंह से बात कर विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक चर्चा हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से 20 टीबी मरीजों को पोषाक आहार किट का वितरण

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना, टीबी मुक्त भारत अभियान के सफलता के लिए जिला पदाधिकारी सह रेडक्रॉस अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी के निदेर्शानुसार भारतीय रेडक्रोस सोसाइटी कटिहार शाखा 20 टीबी मरीजों को पोषाक आहार किट का वितरण किया। वितरण करते हुए चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा ने कहा कि सरकार टीबी मरीजों की पहचान कर उसके इलाज और उनके खान पान का विशेष ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का प्रयास है



कि भारत टीबी मुक्त भारत बने। डॉक्टर रंजना झा ने कहा कि कटिहार जिले मे लगभग 4500 मरीज है जिनका इलाज चल रहा। टीबी छुआछूत नही है लेकिन यह हवा के द्वारा फैलता है। इसलिए उन्होंने मरीजों से अपील कि कि वे जहाँ तहन थूक न फेंके, हमेशा मास्क का प्रयोग करें। पैकेट वितरित करते हुए संस्था सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि टीबी मरीजों को खाने में एंटीऑक्सिडेंट्स भरपूर मात्रा में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों के लिए केला, अनाज दलिया, मूंगफली की चिक्की, गेहूं और रागी जैसे खाद्य पदार्थ काफी फायदेमंद होते हैं। इसलिए कोशिश करें कि पीड़ित व्यक्ति को ऐसा खाना दें जिससे उसके शरीर में भरपूर कैलोरी पहुंचे जो उसके शरीर के लिए ताकत का स्त्रोत बन सकें। पूर्व चेयरमैन अनिल चमारिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पूरे देश में रेडक्रॉस सोसाइटी पहले नंबर पर है जो टीबी मरीजों का दुःख समझ सकती है। उन्होंने कहा कि आहार किट मे चावल, दाल,सोयाबीन,चना, मूंगफली,सरसों तेल,आलू, नमक के साथ प्रोटीन पाउडर सम्मिलित है। उन्होंने सभी। सामाजिक संस्थाओं से भी आगे आने की अपील की। सह सचिव विवान सरकार, प्रबंध समिति सदस्य बिमल सिंह पुरुषोत्तम मोदी, देवराज शर्मा, अमित जायसवाल विक्की, आलोक सिंहा एवं मनोज कुमार गुप्ता के साथ डॉक्टर आशुतोष झा ने कहा कि मरीज को खाने में प्रोटीन भी भरपूर लेना चाहिए। बीमारी से ग्रसित मरीज को एकसाथ खाने के बजाय थोड़ा-थोड़ा खाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सबों को प्रयास करना है। उन्होंने मरीजों से दवाई समय पर लेने को कहा तभी टी बी खत्म हों सकेगा। ज्ञात हो कि कि रेडक्रोस द्वारा छह माह तक 20 टीबी मरीजो को फूड पैकेट का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर सदर अस्पताल के टीबी विभाग के के अधिकारी कुमारी अनुराधा के साथ कमलेश कुमार, प्रकाश चंद्र आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### सब्जी विक्रेता की अज्ञात वाहन के धक्के से मौत

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्णिया - नारायणपुर फोरलेन सड़क के हफलागंज ओवर ब्रिज के दक्षिण दिशा में बेली रखा के पास एक अज्ञात वाहन ने सब्जी विक्रेता को धक्का मारते हुए भाग गया। सूचना के अनुसार मरंगी पंचायत के रघुनीचक निवासी सह सब्जी विक्रेता मो. मुकीम (32) पिता मो. मकबूल मनसाही हाट से सब्जी बेचकर अपना घर रघुनीचक आ रहा था इस दौरान बेली रखा के पास एक अज्ञात वाहन जो रोंग साइड से तेज गति से जा रहा था और सब्जी विक्रेता को धक्का मार कर तेज गति से मनिहारी की ओर भाग गए। इस दौरान ग्रामीणों ने मो. मुकीम को उठा कर इलाज के लिए कटिहार ले जा रहे थे कि रास्ते में ही मुकीम की मौत हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया । मनसाही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम को हटाने में लगे हुए थे।

### पंखा ठीक करने गये युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**फलका/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के सोहथा उत्तरी पंचायत के विजयटोला बरेटा गांव में पंखा ठीक करने पहुंचे युवक और महिला को ग्रामीणों ने हाथ बांधकर बंधक बनाया । बरेटा विजय टोला में देर रात का मामला बताया जा रहा है ।दोनो को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने का ग्रामीणों ने लगाया है। आरोपी महिला और युवक ने इस आरोपो को बेबुनियाद मामला बताया है।बताया जाता है कि जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ देखते ही देखते घटनास्थल पर काफी जुट गई और गांव में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई। ग्रामीणों के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान करीब राकेश कुमार रविदास (22) के रूप में हुई है। वहीं महिला विजयटोला गांव निवासी मुर्मू की पत्नी बतायी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों को रात के समय आपत्तिजनक स्थिति में देखा गया। जिसके बाद उन्हें पकड़कर बंधक बना लिया गया। हालांकि महिला ने ग्रामीणों के समक्ष बताया कि युवक को घर का पंखा ठीक कराने के लिए बुलाया था। पंखा ठीक कर आराम कर रहा था। ग्रामीण ने दोनो को पकड़ कर रस्सी से बांध दिया दिया और मारपीट की गई। युवक ने ग्रामीणों के समक्ष बताया कि महिला का पति पंजाब में रहता है।

### गोरखनाथ धाम में दूसरी सोमवारी पर डेढ़ लाख शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध गोरखनाथ धाम मंदिर में डेढ़ लाख शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूरी होने के लिए महादेव से आशीर्वाद लिये। इस मंदिर में जलाभिषेक के लिए पश्चिम बंगाल सहित पड़ोसी देश भूटान, नेपाल से भी शिवभक्त यहां पहुंचते हैं। आसपास के क्षेत्र में छोटे बड़े शिवालयों में दूसरी सोमवारी को लेकर सुबह से ही मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूजा अर्चना को लेकर महिलाओं एवं युवतियों में खासा उत्साह देखा गया। नवविवाहिता अपने पति की लंबी आयु एवं सुख शांति एवं युवतियां सुंदर वर के लिए सोमवार को सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने के लिए आशीर्वाद मांगा। ओम नमः शिवाय एवं बोल बम के जयकारे के बीच भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। वही गोरखनाथ धाम में सोमवार को मंदिरों न्यास कमेटी के अध्यक्ष सह बारसोई एसडीओ राजु कुमार, प्रभारी डीएसपी रामाशंकर कुमार, सालमारी थाना अध्यक्ष कुमारी जुली, बीडीओ सरोज कुमार,सीओ अजय कुमार सिंह सहित मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव, उपाध्यक्ष अक्षय सिंह, निरंजन यादव, फन्नी सिंह, देवनारायण नुनिया, सन्नी यादव,पंचा यादव,लालू दास, मिथुन यादव, राधाकांत घोष, राजू घोष, प्रशांत सिंह,बिट्टू सिंह,नारायण बिन, पिंटू साह, अंकित यादव, श्याम अग्रवाल, रामविलास शर्मा सहित मंदिर कमेटी के अन्य सदस्य सहित प्रशासन की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त देखी गयी।

# महज 12 घंटे में चोरी का उद्भेदन, दुकानदार समेत दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** नगर पंचायत अंतर्गत मुख्य बाजार के समीप सोने-चांदी की दुकान में हुई चोरी का अमदाबाद पुलिस ने महज 12 घंटे के अंदर सफल उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने चोरी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। वहीं चोरी के जेवर खरीदने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों की निशानदेही पर चोरी के जेवर बरामद किए गए हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि मुख्य बाजार के समीप सोने-चांदी की दुकान में चोरी हुई थी। पीड़ित दुकानदार कमल स्वर्णकार ने नौ अगस्त को थाने में आवेदन के साथ सीसीटीवी फुटेज



उपलब्ध कराया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान की गई। बताया कि अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई की गई और रियाकत नदाफ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान रियाकत नदाफ ने चोरी की घटना को कबूल किया। उसने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए जेवर उसने सब्जी मार्केट के समीप राजा स्वर्णकार की दुकान पर तीन अगस्त को बेचे हैं। रियाकत की निशानदेही पर पुलिस ने राजा स्वर्णकार की दुकान और घर में छापेमारी की। इस दौरान चोरी के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए। बरामद जेवरों में चेन, पायल, बाला, लॉकेट और ब्रेसलेट आदि शामिल हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में रियाकत ने चोरी के जेवर कुछ अन्य दुकानदारों को भी बेचने की बात कही है। पुलिस इस संबंध में साक्ष्य जुटा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी रेल थाना क्षेत्र में जीआरपी ने चोरी की मोबाइल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रेल थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में गश्ती के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से चोरी की एक मोबाइल बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने लाया और मोबाइल के संबंध में पूछताछ की। गिरफ्तार युवक की पहचान कटिहार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हपला मखदुमपुर निवासी स्वर्गीय डोमन मियां के पुत्र मो. अफसर आलम (20) के रूप में हुई है। रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में जीआरपी थाना कांड संख्या 11/26 दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। पूछताछ और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है और बरामद मोबाइल के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# योग से स्वस्थ शरीर, शांत मन और तेज बुद्धि का विकास : डॉ. योगेश कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जयमाला शिक्षा निकेतन में छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंगेर योग विश्वविद्यालय से पधारे योग विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार ने विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता, स्मरण शक्ति, सकारात्मक सोच और आत्मनियंत्रण का विकास करना था। इस दौरान डॉ. योगेश कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के योगासन एवं प्राणायाम की जानकारी देते हुए उनका व्यावहारिक





अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहने के साथ-साथ मन भी शांत रहता है। विद्यार्थियों के लिए योग विशेष रूप से उपयोगी है, क्योंकि इससे एकाग्रता बढ़ाने, स्मरण शक्ति एवं बुद्धि को तेज करने, तनाव और क्रोध पर नियंत्रण रखने तथा पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में सहायता मिलती है। उन्होंने बच्चों को बताया कि पढ़ाई के दौरान बेहतर एकाग्रता और मानसिक शांति के लिए प्रतिदिन कुछ समय योग एवं प्राणायाम के लिए जरूर निकालना चाहिए। डॉ. योगेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों की दिनचर्या में मोबाइल, इंटरनेट और पढ़ाई का बढ़ता दबाव उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में योग जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है। नियमित योग से शरीर में स्फूर्ति आती है, मन प्रसन्न रहता है और बच्चों में अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखकर इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला जेल अन्वेषण पदाधिकारी राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योग के महत्व को समझाया और कहा कि स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन ही सफलता की मजबूत नींव है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से योग करने, अनुशासित जीवन जीने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने की सलाह दी।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** स्वतंत्रता दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर नगर निगम कार्यालय सभागार में महापौर उषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उप महापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त संतोष कुमार, सहायक अभियंता विवेक कुमार, नगर प्रबंधक ज्योति कृष्णमुर्ति, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी मो. नुर अली खान, जेई अजय कुमार



सिंह, प्रधान सहायक परवेज सलीम, सभी कनीय अभियंता, पर्यवेक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं बिजली प्रसारक सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सशक्त स्थायी समिति के सदस्य नितेश कुमार सिंह, आलोक कुमार वर्मा, प्रमोद महतो, विपिन बिहारी चौबे, मंजू देवी एवं सलीम अंसारी भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, आयोजन स्थल की व्यवस्था, आवश्यक मरम्मत एवं अन्य तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। महापौर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा समारोह के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव एवं सम्मान का पर्व है। समारोह के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तैयारियों को समय पर पूरा करें।

# मछली पकड़ने के दौरान नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** रविवार शाम नदी में मछली पकड़ने के दौरान डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान जंगलाटाल पंचायत के वार्ड संख्या नौ निवासी गणेश कुमार(38) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम में गणेश अपने पुत्र के साथ घर से कुछ ही दूरी पर स्थित कानखर नदी में नाव से मछली पकड़ने गए थे। मछली पकड़ने के दौरान जाल फेंकने के क्रम में वह अचानक नाव से नदी में गिर गए और गहरे पानी में चले गए। पुत्र द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने काफी खोजबीन के बाद गणेश को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।बताया गया कि गणेश अपने पीछे पत्नी और चार पुत्रों को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत की मुखिया रोशन आरा, मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल बारी सहित वार्ड सदस्य ने शोक व्यक्त किया। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि सोमवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

# सोमवारी पर शिवालयों में शिवभक्तों की रही भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** सावन की दूसरी सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखा गया।सुबह से हीं विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ रही।वहीं सोमवारी को लेकर मंदिरों की साफ-सफाई तथा भक्तों की सुविधा की व्यवस्था की गई थी।राजी-रानी मंदिर सौरिया, धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा अधिग्रहित बलुआ टोला शिवमंदिर, नकुलेश्वर महादेव मंदिर डुमरिया जैसे प्राचीन मंदिरों में मनिहारी से गंगाजल लेकर आने वाले महिला और पुरुष कांवरियों की भी संख्या भी काफी रही।वहीं सड़कों पर मनिहारी से गंगाजल लेकर सीमांचल का बाबाधाम के नाम से प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर तथा हसनगंज का भारीडीह मंदिर जाने वाले कांवरियों का जत्था भी रहा।इस दौरान भट्ठाबाड़ी तथा संगत



टोला डंडखोरा, पटहरा, बिजैली, गोरफर, रघैली आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना करते शिवभक्तों की खासी भीड़ रही।इस दौरान खासकर महिला, किशोरी व नवयुवकों की संख्या अधिक देखी गई। इस दौरान व्रती सुबह से उपवास रख कर फूल, बेलपत्र, भाग, धतूरा, गंगाजल, दूध, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से शिव, पार्वती, गणेश, नन्दी की पूजा कर अपने परिवार व परिजनों के सुख-समृद्धि की कामना की। देर शाम तक लोग ने मंदिरों में पूजा-अर्चना करते रहे।बोल बम,हर हर महादेव जैसे नारों से प्रखंड क्षेत्र गुंजायमान रहा।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा मनिहारी, गंगाघाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** सावन की दूसरी सोमवारी पर सोमवार को मनिहारी गंगातट पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अहले सुबह से ही हजारों श्रद्धालु एवं कांवरिया गंगाघाट पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर कांवर में गंगाजल भरा और अपने-अपने गंतव्य स्थित शिवालयों की ओर रवाना हुए। इस दौरान पूरा गंगातट और आसपास का क्षेत्र ह्यहर-हर महादेवह्ण और ह्यबम-बम भोलेह्ण के जयघोष से गुंजायमान रहा। जलभरण के बाद कांवरियों के जत्थे विभिन्न मार्गों से शिवालयों की ओर जाते दिखे। जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में भी सुबह से श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा,



भांग, पुष्प सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की और सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। कई शिवालयों में रुद्राभिषेक,भजन - कीर्तन,हवन-पूजन एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षित स्नान, भीड़ नियंत्रण,यातायात एवं सुगम आवागमन को लेकर व्यापक इंतजाम किए। रविवार देर शाम अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी त्रिलोकी नाथ सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों ने गंगाघाट एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया था। निरीक्षण के दौरान प्रभारी डीएसपी मनिहारी आशिफ आलम, बीडीओ सनत कुमार, सीओ चंदन कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक पप्पु कुमार एवं थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा मौजूद रहे। अधिकारियों ने घाट पर स्नान, जलभरण, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर निगरानी बढ़ाई गई। वहीं पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार भी स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ मनिहारी गंगातट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मनिहारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद लाखो यादव भी पार्षदों के साथ घाट एवं आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रहे तथा पेयजल, विश्राम, साफ-सफाई समेत अन्य सुविधाओं में सहयोग किया। प्रशासन का प्रयास है कि सावन की दूसरी सोमवारी पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित गंगा स्नान, सुगम जलभरण और शांतिपूर्ण आवागमन की सुविधा मिले।

# पात्र लाभुकों तक पहुंचाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : उपायुक्त

## साइकिल वितरण की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, छात्रावास, आवासीय विद्यालय सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी साथ ही प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत एमपीसी निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली गयी। साइकिल वितरण योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्ग 8 में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त श्री शेखावत ने शेष पात्र विद्यार्थियों को भी शीघ्र साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि विद्यार्थियों को वितरित की गयी साइकिलें खुले में या असुरक्षित स्थानों पर नहीं रखी जाएं। उन्होंने कहा कि साइकिल के रख-रखाव के लिए उचित व्यवस्था हो, ताकि बारिश, धूप एवं अन्य कारणों से साइकिल खराब न हो और विद्यार्थियों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। बैठक में छात्रवृत्ति योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पात्र विद्यार्थियों के आवेदनों के सत्यापन एवं भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा किसी भी पात्र लाभुक को योजना के लाभ से वंचित नहीं होने देने का निर्देश दिया। इसके अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। धार्मिक स्थलों की चाहरदीवारी, आदिवासी कला-संस्कृति भवन, छात्रावास एवं आवासीय विद्यालय सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा हुई।

उन्होंने सभी लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कल्याण विभाग की योजनाएं समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को शिक्षा, रोजगार तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में योजनाओं का क्रियान्वयन संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाए तथा इसका वास्तविक लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित हो। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल समेत विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त की पहल पर 27 दिव्यांगों को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दिव्यांगजनों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल की है। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की ओर से सोमवार को 27 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। प्लस टू जिला स्कूल गिरिडीह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के 26 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल दी गई। वहीं समाहरणालय परिसर में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर और जिला नजारत उप



समाहर्ता आशुतोष ठाकुर ने दिव्यांग लाभुक कौशल कुमार यादव को भी बैटरी चालित ट्राई साइकिल प्रदान की। लाभुक कौशल कुमार यादव ने बताया कि आवागमन में उन्हें लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सुविधा के लिए उन्होंने प्रखंड कार्यालय में आवेदन भी दिया था बाद में उन्होंने उपायुक्त से मिलकर समस्या बताई। उपायुक्त ने मामले पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद सोमवार को उन्हें बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई ट्राई साइकिल मिलने पर कौशल कुमार यादव ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें आने-जाने में काफी सुविधा होगी और लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी।

# नहरी ओवरब्रिज के पास 7 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कनहरी ओवरब्रिज के समीप पुलिस ने छापेमारी कर करीब 7 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से मादक पदार्थ के अलावा एक होंडा डिओ स्कूटी और 1500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त को पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति होंडा डिओ स्कूटी से कनहरी ओवरब्रिज के समीप ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के उद्देश्य से पहुंचने वाला है। सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग रुपक कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने कनहरी ओवरब्रिज के समीप निगरानी शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में होमलाईट कंपनी के माचिस के डिब्बे के अंदर एल्युमिनियम फॉयल में रखी छोटी-छोटी पुड़ियों में करीब 7 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। पुलिस ने ब्राउन शुगर और स्कूटी को विधिवत जब्त करते हुए दीपुगढ़ा निवासी 29 वर्षीय सौरभ तिर्की, पिता विजय तिर्की को गिरफ्तार कर लिया। मामले में कोर्रा थाना कांड संख्या 144/26, दिनांक 09.08.2026 के तहत धारा 21(१)/22(१)/25 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## विद्यापति धाम में एक किमी तक लगी श्रद्धालुओं की कतार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** सावन की दूसरी सोमवारी के मौके पर समस्तीपुर जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। थानेश्वर स्थान महादेव मंदिर, विद्यापति धाम और मारवा स्थित खुदनेश्वर स्थान मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास का इलाका हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। शहर के प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर में तड़के चार बजे महादेव की आरती और श्रृंगार के बाद श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक शुरू कराया गया। सुबह होते-होते मंदिर परिसर में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती गई। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से पूजा कराने के लिए मंदिर परिसर में व्यवस्था की गई। वहीं विद्यापतिनगर स्थित प्राचीन विद्यापति धाम मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लग गई। मंदिर के बाहर करीब एक किलोमीटर तक भक्तों की कतार देखी गई। विद्यापति धाम मंदिर के पुजारी रामदेव तिवारी ने बताया कि सावन की सोमवारी पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने अनुमान जताया कि दूसरी सोमवारी पर करीब एक लाख या उससे अधिक भक्त मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचे हैं। पहली सोमवारी के दौरान उमड़ी भीड़ और चोरी की घटनाओं को देखते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। मंदिर परिसर और आसपास 100 से अधिक महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए श्रद्धालुओं और आसपास की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। मंदिर प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने और कीमती आभूषण पहनकर मंदिर नहीं आने की अपील की है। दूसरी सोमवारी पर जिले के विभिन्न शिवालयों में उमड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# देशभक्ति के रंग में रंगा कवि सम्मेलन, मिथिला के विकास पर भी हुआ विमर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** जिस धरती पर जन्म हुआ है, गीत उसी का गाना है, जन्मभूमि है स्वर्ग से बढ़कर, मंत्र यही दुहराना है राष्ट्रीय कवि संगम समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष आचार्य विजयव्रत कंठ ने जब इन पंक्तियों का लयबद्ध काव्यपाठ किया तो होली मिशन हाई स्कूल का सभागार देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। रविवार की देर शाम तक विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले वंदेमातरम कवि सम्मेलन सह मिथिला विकास विमर्श का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर दिया। विद्यालय के निदेशक डॉ. धर्मांश रंजन ने स्वागत भाषण में कहा कि राष्ट्र भावना को मजबूत करने में साहित्यकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। साहित्य के माध्यम से नई पीढ़ी को देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश मिलता है। उन्होंने मिथिला के



सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प भी व्यक्त किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभाकर कुमार राय ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र जागरण और समाज सेवा को प्रमुख लक्ष्य बताया। उन्होंने कवियों से इन उद्देश्यों के प्रति सक्रिय रहने का आह्वान किया। कवि सम्मेलन में चर्चित कवयित्री शेफालिका झा ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। सुप्रसिद्ध कवि विनोद कुमार हंसौड़ा ने मैथिली रचना के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ संदेश दिया और अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। वरिष्ठ गीतकार आनंद मोहन झा की प्रस्तुति ने भी श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। साहित्य अकादमी से सम्मानित साहित्यकार अमित मिश्र ने अपनी रचना के माध्यम से जन्मभूमि और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना व्यक्त की। युवा शायर राहुल भारद्वाज ने आतंकवाद के खिलाफ काव्यपाठ किया। वरिष्ठ कवि कुमुद प्रसाद गिरि ने भारत की पहचान और राष्ट्र गौरव पर अपनी रचना प्रस्तुत की। उदय शंकर चौधरी नादान ने देशहित में समर्पण का संदेश दिया। विद्यासागर ब्रह्मचारी की रचना ने सावन की छटा बिखेरी। चर्चित कवि प्रो. सत्यसंध भारद्वाज ने भारत की विविध पहचान और गौरव का काव्यात्मक वर्णन किया। वरिष्ठ कवयित्री रंजना लता ने राष्ट्र के लिए बलिदान की भावना को अपनी रचना के माध्यम से अभिव्यक्त किया। वायरल कवि वैद्यनाथ रजक ने मोबाइल की बढ़ती लत पर हास्य-व्यंग्य के माध्यम से बच्चों को इससे दूरी बनाने का संदेश दिया। युवा शायर विजय कुमार ने प्रेम और कोमल भावनाओं से जुड़ी रचना प्रस्तुत की। कवि अमरेश शिशिर की रचना को भी श्रोताओं ने पसंद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य विजयव्रत कंठ ने की। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य अमृत रंजन ने किया।

# चार श्रम कोड वापस लेने और किसानों की मांगों को लेकर प्रदर्शन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** ट्रेड यूनियनों एवं किसान संगठनों के देशव्यापी आह्वान पर सोमवार को ऐक्टू एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले सरकारी बस स्टैंड से जुलूस निकालकर समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए घंटों धरना दिया। धरना-सभा की अध्यक्षता ऐक्टू राज्य परिषद सदस्य जीबछ पासवान एवं किसान महासभा के जिला अध्यक्ष महावीर पोद्दार ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन ऐक्टू नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार से चार श्रम कोड वापस लेने, मनरेगा में 200 दिनों का रोजगार और 700 रुपये दैनिक मजदूरी सुनिश्चित करने, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने, टोपो लैंड एवं किसानों की जमीनों की जबरन हड़पने की कार्रवाई बंद करने, रैयतों को मालिकाना हक देने, किसानों का कर्ज माफ करने, 12 सेटेलाइट टाउनशिप एवं लैंड पुलिंग नीति वापस लेने तथा सभी फसलों पर कानूनी गारंटी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन को और व्यापक एवं तेज किया जाएगा। सभा को राम सकल साह, दीनबंधु प्रसाद, अशोक यादव, विजय कुमार साह, भाग्य नारायण दास, सामाजिक कार्यकर्ता शाहीद हुसैन, राम विनोद पासवान, सुशील कुमार, पूर्व पार्षद अर्जुन कुमार, दिलीप कुमार राय, मनोज कुमार राय, शत्रुघ्न राय सहित कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। प्रदर्शन के दौरान समाहरणालय के समक्ष मुख्य सड़क पर यातायात प्रभावित रहा और कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर एसडीओ राजेश कुमार प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने

# पेंशनधारियों के खाते में आई राशि

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत जिले के दो लाख अस्सी हज़ार से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि का सीधे अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों के कुल 2,80,838 पेंशनधारियों के बैंक खातों में कुल 32 करोड़ 24 लाख 40 हजार रुपये की पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। राज्य सरकार द्वारा इस विशेष अवसर को पेंशन उत्सव के रूप में मनाया गया।जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर, जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा के साथ सम्मान, आर्थिक संबल और आत्मनिर्भरता का आधार प्रदान करना है।

# 48.14 किलो गांजा और हेरोइन के साथ तीन महिलाएं गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** पटोरी थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद-बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अशरफपुर सुपौल गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा, हेरोइन, नकद राशि समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है, जबकि दो मुख्य आरोपित भाइयों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार 10 अगस्त को सूचना मिली थी कि अशरफपुर सुपौल निवासी दीपक कुमार साह, टुनटुन कुमार साह उर्फ संजीव कुमार और गुड़िया कुमारी मादक पदार्थों की तस्करी एवं खरीद-बिक्री करते हैं और हाल में मादक पदार्थों की बड़ी खेप लाकर घर में छिपाकर रखी गई है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पटोरी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल गठित किया गया। टीम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पटोरी को मजिस्ट्रेट के रूप में साथ लेकर दीपक कुमार साह के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से 48.14 किलोग्राम गांजा, हेरोइन के तीन पैकेट, 1.30 लाख रुपये नकद, छह मोबाइल फोन, मादक पदार्थ पैक करने के लिए इस्तेमाल होने वाली कैप्सूलनुमा 12 हजार डिब्बियां, चार मोटरसाइकिल और वजन करने वाली मशीन बरामद की गई। पुलिस ने मौके से गुड़िया कुमारी, कंचन कुमारी और कविता कुमारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार महिलाओं ने संगठित गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद-बिक्री करने की बात स्वीकार की है। पूछताछ में स्थानीय धंधेबाजों और अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिलने की बात पुलिस ने कही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले में पटोरी थाना कांड संख्या 277/26, के तहत धारा 111 बीएनएस एवं एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है। पुलिस के अनुसार पटोरी थाना कांड संख्या 265/26 में चार अगस्त को गिरफ्तार किए गए मादक पदार्थ तस्करों से पूछताछ के दौरान भी दीपक कुमार साह और गुड़िया कुमारी को मादक पदार्थ उपलब्ध कराने की बात सामने आई थी। उक्त मामले में दोनों नामजद अभियुक्त हैं। पुलिस ने बताया कि दीपक कुमार साह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2014, 2017 और 2026 में पटोरी थाना सहित सरायरंजन थाना में कई मामले दर्ज हैं। वहीं टुनटुन कुमार साह उर्फ संजीव के खिलाफ भी पटोरी थाना में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है। पुलिस फरार दोनों भाइयों दीपक कुमार साह और टुनटुन कुमार साह की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में पटोरी थानाध्यक्ष अनिल कुमार, पुलिस पदाधिकारी अंशु सिंह, सुधांशु शेखर, दीपक कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अभय नारायण सिंह सहित पटोरी थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे।

# किसान-मजदूर संगठनों का आंदोलन, दो हजार कार्यकर्ता हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** किसान और मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा, खेतिहर मजदूर यूनियन, सीटू और महिला समिति के कार्यकर्ताओं ने समस्तीपुर में व्यापक प्रदर्शन किया। बारह सूत्री मांगों को लेकर आयोजित जेल भरो आंदोलन के तहत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समाहरणालय पहुंचे और सरकार की नीतियों के विरोध में आवाज बुलंद की। आंदोलन का नेतृत्व विभूतिपुर के सीपीएम विधायक अजय कुमार ने किया। प्रदर्शन में करीब दो हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने की बात कही गई। प्रदर्शनकारियों ने किसानों, खेतिहर मजदूरों, श्रमिकों और महिलाओं से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेताओं का कहना था कि किसान और मजदूर लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अपेक्षित पहल नहीं होने के कारण आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। विधायक अजय कुमार ने बताया कि संगठन की प्रमुख मांगों में चार जनविरोधी श्रम कानूनों को समाप्त करना, वापस लिए गए तीन किसान समझौतों को लागू करना और होल्डिंग टैक्स में कमी सहित कुल 12 मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को किसान और मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

# श्रावणी मेला में कांवरियों पर हुई पुष्प वर्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर आज समूचे मेला क्षेत्र और जिले के विभिन्न काँवरिया मार्ग पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा की गई। राज्य सरकार के कला व युवा, संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से पटना से आये हेलिकॉप्टर के जरिए किए गए पुष्प वर्षा के दौरान पूरा सुल्तानगंज तथा काँवरिया मार्ग भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण से सराबोर हो गया। मुख्य मेला क्षेत्र अजगैबीनाथ मंदिर, नमामि गंगे घाट सहित कांवरिया मार्ग पर स्थित लहुआ मोड़, असरगंज एवं ढांढी बेलारी आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

पुष्प वर्षा के दौरान हजारों काँवरियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिला। बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष से पूरा

## भक्तिमय हुआ कांवरिया पथ



वातावरण गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस मनमोहक एवं भक्तिमय दृश्य का आनंद लिया। इधर जिला प्रशासन द्वारा श्रावणी मेला के मौके पर कांवरियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम यात्रा को लेकर लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। विभिन्न स्थलों पर तैनात प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी सभी व्यवस्थाओं की निगरानी में लगे हुए हैं। खासकर, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, अपर समाहर्ता दिनेश राम सहित जिले के वरीय अधिकारी स्वयं मेला क्षेत्र और कावंरिया मार्ग का भ्रमण कर श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं। काँवरियों के स्वागत एवं सुविधा के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में आयोजित पुष्प वर्षा कार्यक्रम ने श्रावणी मेला की भव्यता और आध्यात्मिक वातावरण को और भी आकर्षक बना दिया।

# गड्ढे में डूबने से बालक की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** विद्यापतिनगर प्रखंड के खेसराहा गांव में मिट्टी खनन से बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से एक ग्यारह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक शर्मा के पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश है। बताया गया कि शिवम रविवार को घर के समीप लगे हाट बाजार जाने के लिए निकला था। देर शाम तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रातभर खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे पानी से भरे एक गहरे गड्ढे पर पड़ी, जहां बच्चे का शव पानी में उपलाता मिला। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे की मौत की पुष्टि की। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में लंबे समय से मिट्टी का अवैध खनन किए जाने के कारण जमीन में बड़े और गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से यह हादसे का कारण बना। जिस जमीन पर घटना हुई, उसे लेकर भी ग्रामीणों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2016 में बिहार सरकार की ओर से तेरह भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए वासगीत पर्चा दिया गया था। इसके बावजूद उक्त जमीन पर मिट्टी खनन का सिलसिला जारी रहा। पर्चाधारियों द्वारा कथित रूप से कई बार विरोध और शिकायत किए जाने के बाद भी खनन पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते खनन पर रोक लगाकर गड्ढों को भरवा दिया जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था।

# भक्तों की भीड़ ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड

## भक्ति की बयार से बाबाधाम गुलजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** श्रावणी मेला का दूसरा सोमवार । आस्था का ऐसा समंदर उमड़ा है कि देवघर का कोना-कोना गेरूआमय हो गया है। चारो दिशाएं बोल बम से गुंजायमान है।


अब तक के रिकॉर्ड टूट गए हैं। तकरीबन चार लाख भक्तों के पहुंचने का दृश्य दिखाई दे रहा है। पिछले साल 2025 में दूसरे सोमवार को 3.62 लाख भक्तों ने जलार्पण किया था। श्रावणी मेला 2024 के दूसरे सोमवार को 2.71 लाख श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया था।

भीड़तंत्र को नियंत्रित रखने की पूरी कोशिश है। बीएड कॉलेज परिसर में बने होल्डिंग प्वाइंट, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, क्यू काम्प्लेक्स से क्यू को पूरी तरह नियंत्रित किया जा रहा है।

जय शिव जय शिवशंकर, हे भोलेनाथ तेरी महिमा अपरंपार का जयघोष हो रहा है। बाबा मंदिर से 15 किलोमीटर दूर तक लंबी कतार है। यह रूटलाइन के टेल प्वाइंट कुमैठा को छू रही है। पूजा अर्चना के लिए कतार में जाने का सिलसिला रात 12 बजे के बाद तेजी से शुरू हो गया था।

बाबा मंदिर में भक्ति की बयार बह रही है। और उस बयार से मंदिर प्रांगण ही नहीं पूरा बाबाधाम सुगंधित हो रहा है। सावन का दूसरा सोमवार है और प्रदोष भी। रविवार रात दस बजे से भोलेनाथ के भक्त सोमवार को पूजा करने की लालसा मन में रखकर कतार में लगने के लिए जाने लगे थे। प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी पूरी रात आंखों में काट गए।

द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक बाबा बैद्यनाथ का पट सुबह तकरीबन तीन बजकर चार मिनट पर खोला गया। यह ब्रह्म मुहूर्त की बेला है। परंपरा के मुताबिक सबसे पहले



काचाजल अर्पित किया गया। इसका बाद प्रातःकालीन पूजा पूरे विधि विधान से तांत्रिक विधि से किया गया। पूजा में पुजारी सहयोग कर रहे थे।

जब पूजा शुरू हुआ तो मंदिर में चमक रही दुधिया रौशनी मन को पुष्प की तरह पुलकित कर रहा था। आसमान मे बादलों से झांकता चांद यह बता रहा था कि ब्रहम मुर्हूत है। कहते हैं कि देवघर में शिव और शक्ति विराजमान हैं। सुबह की पूजा के वक्त सारे देवी-देवता भी आते हैं।

कुछ ऐसा ही आभास उन भक्तों को हो रहा था, जो मन के मंदिर में भोलेनाथ को बसाकर देवघर आए हैं।

पुलिस का इंतजाम चुस्त है। बाह्य अरघा से जलार्पण के लिए भी लंबी कतार लगी है। सिंह द्वार से कांवरियों का रेला प्रवेश कर रहा है। भीड़ को देखते हुए मंदिर के मुख्य द्वार, शिवगंगा, शिवराम झा चौक, क्यू काम्प्लेक्स समेत सात विशेष प्वाइंट पर पहले से फोर्स और मैजिस्ट्रेट बढा दिए गए थे। जो भीड़ नियंत्रण में लगे हैं।

डीसी-एसपी ने मेला में तैनात पदाधिकारियों को इस बात की समझा दिया है कि धैर्य के साथ हर हाल में सुगम और सुरक्षित जलार्पण कराना है। सो, सभी संयम के साथ समझा बुझाकर बीच बीच में बोल बम का जयघोष करवा रहे हैं।

इधर, अचानक गर्भ गृह से आवाज गूंजती है हर हर महादेव...। बाबा बैद्यनाथ की जय, मैया पार्वती की जय ...। यह सुनते ही मंदिर प्रांगण के संस्कार भवन में कतारबद्ध हजारों कांवरियों ने जयकारा लगाया बोलो बाबा बैद्यनाथ की जय। बोल बम, बोल बम...। अब यह बोल प्रांगण में गूंजने लगा। भक्तों में स्फूर्ती आ गयी। क्योंकि अब उनके दर्शन की बारी आ गयी थी।

प्रातःकालीन पूजा पूरा हो गया। वाकी टाकी पर आवाज सुनायी दिया कि कांवरियों को धीरे धीरे आगे बढ़ने दें। और कपाट खोल दिया गया।

बोल बम के बीच जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। संभवतः रात दस बजे के आसपास मंदिर का कपाट बंद होगा।

# फिल्मी स्टाइल में दिखे आंदोलनकारी छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन में सोमवार को प्रदर्शन का अलग ही रंग देखने को मिला। विधानसभा घेराव मार्च के दौरान एक युवक फिल्मी किरदार पुष्पा के गेटअप में पहुंचा, तो वहीं एक अन्य प्रदर्शनकारी स्पाइडरमैन का मास्क पहनकर छात्रों के समर्थन में नजर आया। दोनों ने अपने-अपने अंदाज में छात्रों की मांगों को आवाज दी और आंदोलन के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।

सुबह से ही बड़ी संख्या में छात्र रांची में विधानसभा घेराव के लिए जुटे हुए हैं। पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स के बावजूद छात्र लगातार आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच लाल गमछा और फिल्मी किरदार पुष्पा जैसा लुक अपनाकर एक युवक प्रदर्शन में शामिल हुआ। प्रदर्शनकारी ने कहा कि वह छात्रों के आंदोलन को अलग और प्रभावी अंदाज में सामने

## कोई पुष्पा तो कोई बना स्पाइडरमैन

रखने के लिए पुष्पा स्टाइल में यहां पहुंचा है। उसने कहा कि झारखंड के छात्र अपने अधिकार और न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं और उन्हें अपनी मांगों को लेकर पीछे नहीं हटना चाहिए। उसने कहा, झारखंड के छात्र झुकेंगे नहीं, रुकेंगे नहीं, जब तक न्याय मिलेगा नहीं।

पुष्पा के गेटअप में पहुंचे प्रदर्शनकारी ने कहा कि देश में जब भी छात्रों से जुड़े बड़े आंदोलन हुए हैं, तो कई अभिनेता और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी उनके समर्थन में सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी छात्र भी समर्थन और अपनी आवाज राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के हकदार हैं। प्रदर्शनकारी ने कहा, मैं पुष्पा स्टाइल में विरोध करने आया हूं। लोगों ने बताया कि दूसरे छात्र आंदोलनों में बड़े अभिनेता और इन्फ्लुएंसर जंतर-मंतर तक पहुंचे थे। ये भी छात्र हैं, इनके साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। उसने कहा कि मुद्दा केवल झारखंड तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे राष्ट्रीय मीडिया में भी प्रमुखता से उठाया जाना चाहिए, ताकि देशभर के लोगों को छात्रों की मांगों और उनकी समस्याओं की जानकारी मिल सके।

वहीं, विधानसभा घेराव मार्च में स्पाइडरमैन का मास्क पहनकर पहुंचे एक अन्य प्रदर्शनकारी ने भी अपने अंदाज में सरकार पर निशाना साधा। उसने कहा कि वह झारखंड इसलिए आया है क्योंकि राज्य सरकार छात्रों की बात नहीं सुन रही है। प्रदर्शनकारी ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। उसने कहा, ह्लआपकी सरकार हमारी बात सुनना नहीं चाहती, कुछ करना नहीं चाहती।

## झारखण्ड में भारी बारिश के आसार

**धनबाद।** अगस्त की शुरूआत के साथ ही झारखंड के धनबाद, बोकारो, गिरिडीह और जामताड़ा और आसपास के जिलों में हर दिन थम-थम कर बारिश हो रही है। कहीं तेज तो कहीं हल्की फुहारें पड़ रही हैं। रविवार को भी धूप-छांव के बीच दोपहर में बौछारें पड़ीं।

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड से उत्तरी ओडिशा, उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश होकर छत्तीसगढ़ तक लो प्रेशर सक्रिय है। इसके असर से राज्य वर्षा का दौर जारी है। मंगलवार से बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास चक्रवाती घेरा बनने की संभावना है।

13 अगस्त से चक्रवाती घेरा लो प्रेशर में बदल सकता है। इससे भारी वर्षा की संभावना बन रही है। 15 अगस्त तक बारिश के आसार हैं। इस दौरान कहीं-कहीं 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और गर्जन-वज्रपात की भी संभावना है।

एक जून से शुरू हुए मानसून सीजन में अब तक 515.7 मिलीमीटर वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया गया है। इनमें सबसे कम वर्षा जून में हुई।

# प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सोमवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र प्रसाद ने की। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के साथ-साथ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए।बैठक में विधायक हरिनारायण सिंह ने किसानों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) को दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के लिए परेशानी नहीं होनी चाहिए और निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।समिति के सदस्य चंद्रमणी सिंह ने सर्वे अमीन अभिषेक कुमार पर खाता, खेसरा एवं रकबा गलत दर्ज करने तथा उसमें सुधार के लिए पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने बीज खरीदने वाले किसानों को रसीद नहीं दिए जाने का मामला भी बैठक में उठाया।काछियावां पंचायत के दरियापुर गांव में करीब दो वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने का मामला भी बैठक में जोरदार तरीके से उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि केंद्र बंद रहने से बच्चों और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी हो रही है। मामले में संबंधित विभाग से जांच कर केंद्र को नियमित रूप से संचालित कराने की मांग की गई।दरियापुर गांव में हर घर तक नल का पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा भी उठाया गया। वहीं नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय के वार्ड संख्या 2, 4 एवं 7 में भी पेयजल की समस्या को लेकर सदस्यों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया।अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुर के एक डॉक्टर से नगरनौसा पीएचसी में कार्य लिए जाने का मामला भी बैठक में उठा। सदस्यों ने डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति रद्द कर उन्हें वापस विशुनपुर एपीएचसी भेजने की मांग की, ताकि वहां आने वाले मरीजों को चिकित्सकीय सुविधा मिल सके।समिति के सदस्यों ने नगरनौसा प्रखंड में पैक्स के माध्यम से खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की जानकारी भी मांगी। उन्होंने पूछा कि प्रखंड में कितने पैक्स के पास खाद बेचने का लाइसेंस है, कितने पैक्स के पास वर्तमान में खाद उपलब्ध है तथा कितने पैक्स से खाद का वितरण किया।

# आयोग ने दी मतदाता सूची में नाम सुधारने का मौका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत 5 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन हो चुका है। इसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम नहीं हैं। गिरिडीह जिले में ही 2,75,560 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।

हालांकि, घबराने की जरूरत नहीं है। जिन मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए गए होंगे, उन्हें दोबारा सूची में शामिल किया जा सकेगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से व्यवस्था की गई है।

प्रारूप मतदाता सूची में यदि आपका नाम नहीं है या विलोपित सूची में चला गया है तो घबराने की जरूरत नहीं है। निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाताओं को दोबारा मतदाता सूची में शामिल होने का अवसर दिया है। इसके लिए प्रपत्र-6 भरना होगा। लेकिन इस बार केवल आवेदन पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उसके साथ दो पृष्ठों का घोषणा पत्र भी जमा करना अनिवार्य रहेगा।

घोषणा पत्र में आवेदक को अपना

## गलत घोषणा पत्र देने पर हो सकती है कार्रवाई

नाम, पता, मोबाइल नंबर, माता-पिता या पति-पत्नी का वरण, उपलब्ध होने पर ईपीआईसी नंबर तथा पहले किसी मतदाता सूची में नाम दर्ज होने की जानकारी देनी होगी।साथ ही यह शपथ भी देनी होगी कि उसने किसी अन्य देश की नागरिकता ग्रहण नहीं की है और उसका नाम किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। गलत जानकारी देने जनप्रतिनिधित्व पर अधिनियम, 1950 की धारा-31 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है।

घोषणा पत्र जमा होने के बाद संबंधित बीएलओ उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर उसका सत्यापन करेगा। यदि पुराने रिकॉर्ड से जानकारी का मिलान नहीं होता है तो निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी आवेदक से जन्म तिथि, जन्म स्थान अथवा भारतीय नागरिकता से संबंधित दस्तावेज मांग सकते हैं।

# मस्जिद के विस्तार को ले दो पक्षों में विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** मस्जिद के विस्तार के लिए देवघर जिले के सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के खजुरिया मधुबन गांव में विवाद हो गया। आरोप है कि मस्जिद से जुड़े लोगों ने जेसीबी चलाकर बगल स्थित एक घर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर का सारा सामान लूट लिया। इस मामले में पीड़ित जसीम अंसारी ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के खजुरिया मधुबन निवासी जसीम अंसारी ने थाने में आवेदन देकर गांव के ही शकील अंसारी, निजाम अंसारी, जाकिर अंसारी, कलीम अंसारी, वाहिद अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, सद्दाम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, शमशेर अंसारी और साहबान अंसारी सहित 10 लोगों पर आरोप लगाया है। जसीम अंसारी का आरोप है कि सभी लोग हरवे-हथियार से लैस होकर उनके घर पहुंचे और जेसीबी से घर तोड़ने लगे। विरोध करने पर उनकी पत्नी के साथ मारपीट की गई और जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। आसपास के ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उनकी पत्नी को बचाया।

आरोप है कि उक्त लोगों ने जबरन घर में घुसकर सारा सामान लूट लिया और उसे बर्बाद कर दिया। सामान की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है। जसीम ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना सोनारायठाढ़ी थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।

## पाटलिपुत्र विवि में शिक्षक-कर्मचारी मोर्चा का रोषपूर्ण प्रदर्शन

दनियावां( पटना )। प्रस्तावित विवि अधिनियम- 2026 के जरिए विवि और महाविद्यालयों की स्वायत्तता खत्म करने के खिलाफ सोमवार को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और श्री चंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा सहित पूरे बिहार में शिक्षकों-कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। यूनिवर्सिटी परिसर में प्रदर्शन में प्रो0 शैलेश कुमार सिंह,प्रो0 रेखा कुमारी,प्रो0 राहुल अमृतराज व कई अन्य प्राध्यापकों ने भी अपना रोषपूर्ण भाषण दिया।

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले हुए प्रदर्शन में शिक्षकों और कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह, कुलसचिव प्रो. अबू बकर और डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने इस काले कानून को निरस्त करवाने की बात का समर्थन करते हुए कहा कि ₹जो हो रहा है वह गलत है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आया युवक

जमशेदपुर। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक खड़ी ट्रेन की छत पर चढ़ गया और हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आ गया।

बिजली का तेज झटका लगते ही युवक ट्रेन की छत से सीधे नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद रेलकर्मियों और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 30 वर्षीय युवक सागु राम स्टेशन पर खड़ी टाटा-दानापुर ट्रेन के कोच के ऊपर चढ़ गया। आसपास मौजूद लोगों और यात्रियों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना।

युवक ने लोगों से कहा कि वह ट्रेन के ऊपर चढ़कर एक छोर से दूसरे छोर तक जाएगा और इसके बाद वह छत पर ही टहलने लगा। ट्रेन की छत पर चहल-कदमी करने के दौरान युवक ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन बिजली के तार के संपर्क में आ गया। जोरदार करंट लगने के कारण वह छिटककर नीचे गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद स्टेशन पर मौजूद लोगों और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## पुलिस ने घेरा मुख्य रास्ता

# खेत और पगडंडियों से विधानसभा बढ़े छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों ने सोमवार को विधानसभा घेराव के दौरान प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देने के लिए अनोखा रास्ता अपनाया। विधानसभा के सभी प्रमुख मार्गों पर पुलिस की नाकाबंदी, कंटीले तारों वाली बैरिकेडिंग, वॉटर कैनन और भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद छात्रों ने मुख्य सड़क का रास्ता छोड़कर खेतों और पगडंडियों के जरिए विधानसभा की ओर बढ़ने का रूट मैप तैयार किया। छात्रों की इस रणनीति से पुलिस-प्रशासन को उन्हें रोकने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान कई जगह प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बनी और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया।

रांची की सड़कें सोमवार को आम दिनों से अलग नजर आईं। झारखंड विधानसभा की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर पुलिस का सख्त पहरा रहा। जगह-जगह मजबूत बैरिकेडिंग के साथ कंटीले तार लगाए गए थे। इसके अलावा वॉटर कैनन की गाड़ियां और बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। प्रशासन की कोशिश थी कि प्रदर्शनकारी छात्रों को विधानसभा के करीब पहुंचने से रोका जाए।

पुलिस ने जब विधानसभा की ओर जाने वाले मुख्य रास्तों को बंद कर दिया तो छात्रों ने भी अपनी रणनीति बदल दी। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़क से जाने के बजाय खेतों और पगडंडियों का रास्ता पकड़ लिया। छात्रों ने अलग-अलग रास्तों से आगे बढ़ते हुए पुलिस की कई बंदिशों को पार किया और विधानसभा की ओर बढ़ने में कामयाब रहे।

# दिव्यांगजनों के बीच मोटर चालित ट्राइसाइकिल का वितरण

## पूर्व मंत्री ने दी दिव्यांगजनों को हर संभव सहयोग का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नगरनौसा( नालंदा )। दिव्यांगजनों के आवागमन को सुगम बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सोमवार को नगरनौसा प्रखंड में सराहनीय पहल की गई।कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद दिव्यांगजनों के बीच मोटर चालित ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सह हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह ने लाभार्थियों के बीच मोटर चालित वाहनों का वितरण किया। वाहन मिलने के बाद लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ नजर आया। लाभार्थियों ने कहा कि मोटर चालित वाहन मिलने से उनके दैनिक आवागमन में काफी सुविधा होगी तथा वे पहले की अपेक्षा अधिक स्वतंत्र होकर अपने कार्यों को पूरा कर सकेंगे।इस अवसर पर विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके सम्मान, सुविधा और आत्मनिर्भरता के लिए सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। आवागमन की बेहतर सुविधा मिलने से दिव्यांगजन शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक गतिविधियों में अधिक स्वतंत्रता के साथ भाग ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। दिव्यांगजनों को सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें किसी पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाने चाहिए।कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने दिव्यांगजनों को भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए उनके उज्ज्वल एवं आत्मनिर्भर भविष्य की कामना की।मौके पर नालंदा जिला जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार, बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समेत बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कांवरियों के जख्म पर मरहम लगा रहा पथ प्रदर्शक

## धावाघाट में एक माह के निःशुल्क सेवा शिविर में प्राथमिक उपचार, दवा, पेयजल, नींबू शरबत व पैरों की मसाज की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले कांवरिया श्रद्धालुओं की सेवा में औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक लगातार जुटी हुई है। देवघर के धावाघाट स्थित कांवरिया पथ पर संस्था द्वारा लगाया गया निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर सोमवार को लगातार 12वें दिन भी जारी रहा। शिविर में बड़ी संख्या में कांवरिया श्रद्धालु पहुंचकर विभिन्न निःशुल्क सेवाओं का लाभ ले रहे हैं।

पथ प्रदर्शक की ओर से श्रावणी मेला के दौरान एक माह के लिए लगाए गए इस शिविर में निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा एवं दवा, शुद्ध पेयजल, नींबू पानी एवं नींबू शरबत, सूचना केंद्र तथा पैरों की मसाज की व्यवस्था की गई है। लंबी पैदल यात्रा के कारण पैरों में जख्म, छाले और फोड़े की समस्या से परेशान श्रद्धालुओं की संख्या शिविर में सबसे अधिक पहुंच रही है। चिकित्सकीय टीम द्वारा ऐसे कांवरियों को प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

हर वर्ष श्रावण मास में बिहार के सुल्तानगंज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवर में गंगाजल लेकर करीब 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए देवघर पहुंचते हैं और बाबा बैद्यनाथ को जल अर्पित करते हैं। कठिन यात्रा के दौरान कांवरियों को होने वाली शारीरिक परेशानियों को देखते हुए पथ प्रदर्शक द्वारा सेवा शिविर में चिकित्सा और राहत की व्यवस्था की गई है।

पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा इस वर्ष पहली बार कांवरिया श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निःशुल्क शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि कांवरियों की सेवा का यह सिलसिला अब हर वर्ष निरंतर जारी रखने का प्रयास किया




जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिविर में सबसे अधिक पैरों में जख्म, छाले और फोड़े से पीड़ित कांवरिया पहुंच रहे हैं। ऐसे श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार और दवा के साथ पैरों की मसाज की सुविधा भी दी जा रही है। लंबी दूरी तय कर आने वाले कांवरियों के लिए शुद्ध पेयजल और नींबू शरबत की व्यवस्था भी की गई है।

शिविर के संचालन में संस्था के सदस्य बारी-बारी से पहुंचकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. बासुकीनाथ पाठक, शैलेश कुमार सिंह,धनंजय कुमार, किरण कुमारी, पूजा कुमारी, साबिया परवीन एवं पूनम देवी सहित पथ प्रदर्शक के सदस्य लगातार सेवा कार्य में जुटे हैं।

संस्था का कहना है कि कांवरियों की सेवा केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रयास है। कठिन पैदल यात्रा कर बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को थोड़ी राहत और सुविधा मिल सके, यही इस सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य है।

CMYK

संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश टी-20

## भुवी की लखनऊ फाल्कन्स की नजर टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर

## बोले- युवाओं के लिए है बड़ा प्लेटफॉर्म




**लखनऊ।** यूपी टी20 लीग 2026 का आगाज 14 अगस्त से होगा। लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने लीग को युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा प्लेटफॉर्म बताया। उन्होंने टीम की तैयारियों और इस बार ट्रॉफी जीतने की उम्मीद भी जताई। युवा खिलाड़ी आराध्य यादव ने भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को अपने करियर के लिए अहम बताया। यूपी टी20 लीग की शुरुआत 14 अगस्त 2026 से होगी। टूर्नामेंट के मुकाबले दो शहरों लखनऊ और कानपुर में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट से पहले लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने मीडिया से बातचीत की। (फोटो सोर्स- विशेष व्यवस्था) यूपी टी20 लीग का नया सीजन 14 अगस्त से शुरू होना है। इस बार लीग के मुकाबले दो वेन्यू लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम और कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के आगाज से पहले भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और युवा खिलाड़ी आराध्य यादव ने लीग के महत्व और अपनी टीम 'लखनऊ फाल्कन्स' की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की।

**यूपी टी20 लीग युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर-** लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने यूपी टी20 लीग को युवा प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म बताया। भुवनेश्वर कुमार ने कहा, ''यूपी टी20 लीग युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद शानदार अवसर है। लीग में कई इंटरनेशनल खिलाड़ी खेल रहे हैं। युवा खिलाड़ियों को उनके साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने का मौका मिलता है'' भुवनेश्वर कुमार ने कहा, ''खिलाड़ी अपनी योग्यता और प्रदर्शन के दम पर आगे बढ़ सकते हैं।

## वैभव अर्धशतक से चूके, सार्थक रंजन ने लगाई हाफ सेंचुरी

### नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने न्यू दिल्ली टाइगर्स को हराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के 18वें मैच में सार्थक रंजन की कप्तानी वाली नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने न्यू दिल्ली टाइगर्स को 7 विकेट से हरा दिया। ये नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की इस लीग में चौथे मैच में दूसरी जीत रही और इस टीम के फिलहाल 5 अंक हो चुके हैं। सार्थक रंजन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया और वो इस सीजन में काफी अच्छा प्रदर्शन भी कर रहे हैं। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और न्यू दिल्ली टाइगर्स



के बीच खेले गए मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और इसके बाद न्यू दिल्ली टाइगर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 161 रन बनाए। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को जीत के लिए 162 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 19.1 ओवर में 3 विकेट पर 165 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

**वैभव अर्धशतक से चूके, सार्थक ने लगाई हाफ सेंचुरी-** नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के लिए पारी की शुरुआत करने वैभव कांडपाल और कप्तान सार्थक रंजन मैदान पर उतरे। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 70 गेंदों पर 102 रन की शतकीय साझेदारी हुई, लेकिन वैभव 36 गेंदों पर 41 रन बनाकर आउट हो गए और ये साझेदारी टूट गई। वैभव ने अपनी पारी के दौरान 2 छक्के और 3 चौके भी लगाए और वो अपने अर्धशतक के करीब आकर उससे चूक गए।

# अशिमता ने जीता कोरिया मास्टर्स

### बैडमिंटन फाइनल में चीन की खिलाड़ी को हराया; एक हफ्ते में भारत का दूसरा BWF खिताब



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अशिमता चालिहा ने रविवार को कोरिया मास्टर्स सुपर 300 महिला सिंगल्स का खिताब जीता। 26 साल की अशिमता ने 53 मिनट चले फाइनल में चीन की चौथी सीड हान कियान शी को हराया। उन्होंने 14-21, 21-14, 21-14 से जीत दर्ज कर अपना पहला BWF वर्ल्ड टूर खिताब जीता। भारत ने लगातार दूसरा BWF वर्ल्ड टूर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले तन्वी शर्मा ने 2 अगस्त को ताइपे ओपन जीता था।

### पहले गेम में हान ने बनाई बढ़त

अशिमता ने मैच की शुरुआत में 3-0 की बढ़त बनाई। वे शुरुआती दौर में 9-5 से आगे थीं। इसके बाद हान ने वापसी की और दोनों खिलाड़ी 11-11 की बराबरी पर पहुंच गईं। चीनी खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाकर खेल पर कंट्रोल बनाया। हान ने पहला गेम जीतकर बढ़त हासिल की।




### दूसरे गेम में अशिमता की वापसी

अशिमता ने दूसरे गेम में आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने स्मैश से हान पर दबाव बनाया और तेज डिफेंसिव रिटर्न से 6-6 के बाद बढ़त बना ली। ब्रेक के समय अशिमता 11-8 से आगे थीं। इसके बाद भी उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। हान अंतर कम नहीं कर सकीं और अशिमता 17-10 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने एक और तेज अटैकिंग शॉट के साथ गेम 21-14 से जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया।

### तीसरे गेम में पिछड़ने के बाद की वापसी

अंतिम गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। अशिमता ने 5-2 की बढ़त बनाई, लेकिन मिड-गेम ब्रेक तक हान 11-9 से आगे निकल गईं। अशिमता ने वापसी करते हुए लाइन के किनारे शॉट लगाकर 12-11 की बढ़त बनाई। इसके बाद अशिमता गेम में लगातार आगे रहीं। उन्होंने हान के कोर्ट में खाली जगहों का फायदा उठाया और स्कोर 19-14 कर दिया। हान का रिटर्न बाहर जाने पर अशिमता को आखिरी पॉइंट मिला। इसके साथ ही उन्होंने चैंपियनशिप अपने नाम की।

### 2024 में अशिमता के घुटने की सर्जरी हुई थी

अशिमता को 2024 में कोरिया ओपन के दौरान दाएं घुटने में मेडियल मेनिस्कस में चोट लगी थी। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई और लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन किया। वह अगले साल फरवरी में वापस लौटीं और 14 टूर्नामेंट में खेलीं। उन्होंने ब्ब्श्व टूर पर चाइना मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स में लगातार क्वार्टरफाइनल खेले। इसके बाद मकाऊ ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचीं।

# सरफराज खान 2 साल बाद भारतीय टीम में शामिल

- *चोटिल साई सुदर्शन की जगह मौका मिला, गॉल टेस्ट से पहले टीम से जुड़ेंगे*



**नई दिल्ली।** बैटर सरफराज खान को दो साल बाद टीम इंडिया में जगह मिली है। उन्हें श्रीलंका दौर पर चोटिल साई सुदर्शन की जगह शामिल किया गया। BCCI ने रविवार शाम को इसकी जानकारी दी। भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ गॉल में 15 अगस्त से पहला टेस्ट खेलेगी। सरफराज ने पिछला टेस्ट 2024 में वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। वे अब तक 6 टेस्ट मैच ही खेल सके हैं।

- **सुदर्शन की रिकवरी पर अपडेट भी दिया-** क्ष्ष्ट्ठ ने साई सुदर्शन की रिकवरी पर अपडेट भी दिया। साई सुदर्शन बेंगलुरु स्थित क्ष्ष्ट्ठ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ष्टश्व) में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। वे अच्छी तरह ठीक हो रहे हैं। मेडिकल टीम उनकी रिकवरी पर लगातार नजर बनाए हुए है। साई सुदर्शन को पिछले महीने श्रीलंका-ए के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान पैर के अंगूठे में चोट लगी थी। उन्होंने उसी दौरे पर लगातार दो शतक जड़कर शानदार फॉर्म दिखाई थी।
- **प्लेयर्स की चोटों से जूझ रही है टीम इंडिया-** श्रीलंका दौरे से पहले ही भारतीय टीम कई चोटों से परेशान है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट के कारण पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं।
- वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे। हर्षित राणा (हैमस्ट्रिंग), नीतीश कुमार रेड्डी (क्वाड्रिसेप्स) और आकाश दीप चोट) भी उपलब्ध नहीं हैं।
- **नेट्स के दौरान टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की दाएं हाथ की -** नामिका उंगली में चोट लगी थी। वे एहतियात के तौर पर वॉर्म-अप मैच के शुरुआती 2 दिन खेलने नहीं उतरे। हालांकि, तीसरे दिन वे यशस्वी जायसवाल के साथ ओपन करने उतरे और 44 रन बनाए।

**भारत की अपडेटेड टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, औकिब नबी और सरफराज खान।

# 'खिलाड़ी मशीन नहीं'

### फिट होने में समय लगता है- लक्ष्मण: कहा- इंजरी प्लेयर्स के करियर का हिस्सा, किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने खिलाड़ियों के धीरे फिट होने में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ष्टश्व) को दोषी मानने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि क्रिकेटर मशीन नहीं है। ऐसा नहीं है कि हर बार वे जल्दी चोट से उबर जाएंगे। लक्ष्मण क्ष्ष्ट्ठ के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख हैं। उन्होंने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि ष्टश्व और पुरुष-महिला दोनों टीमों के मैनेजमेंट के बीच शानदार तालमेल है। लक्ष्मण का बयान ऐसे टाइम पर आया है, जब देशभर में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर सवाल उठ रहे हैं।



**लक्ष्मण ने कहा- ष्टश्व सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं-** लक्ष्मण ने कहा- 'ष्टश्व सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं है। क्रिकेटर्स को बेहतर बनाने में इसकी बड़ी भूमिका है। इसलिए चोट के लिए दोष शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे किसी को बलि का बकरा बनाया जाता है।' लक्ष्मण ने कहा कि फिटनेस के नियम कड़े हैं। साथ ही सभी खिलाड़ियों के शरीर का नेचर भी अलग है। इस वजह से कोई खिलाड़ी तय समयसीमा में पूरी तरह फिट नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि चोट का पता होने से लेकर खिलाड़ी के फिट होकर जाने तक उसकी मॉनिटरिंग होती है। इसी के आधार पर उसका वर्कलोड बढ़ाया जाता है।

### लक्ष्मण बोले- चोट चिंता की वजह नहीं है

लक्ष्मण ने बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने पर कहा- 'मुझे नहीं लगता कि यह चिंता का कारण है। जब कोई खिलाड़ी हाई लेवल पर खेलता है, तो उससे 100% से ज्यादा देने की उम्मीद होती है।' उन्होंने कहा- खिलाड़ियों की चोट को देखने का बाहरी दुनिया का नजरिया बदलना चाहिए। ष्टश्व के फिटनेस स्टाफ एड्रियन, निक और कमलेश काम कर रहे हैं।

### सीरीज से 3-4 हफ्ते पहले सिलेक्शन मीटिंग होती है

क्ष्ष्ट्ठ सचिव देवजीत सैकिया ने सीरीज से पहले टीम का सिलेक्शन प्रोसेस समझाया। उन्होंने कहा कि टीम के रवाना होने से कम से कम 3 से 4 हफ्ते पहले मीटिंग होती है। इसलिए उस समय खिलाड़ी की सही स्थिति पता नहीं होती। इसी वजह से उसके नाम के आगे स्टार लगाया जाता है और स्क्वाड में रखा जाता है।

## यशस्वी ने डक पर आउट होने के बाद की शानदार वापसी

### श्रीलंका 11 के खिलाफ 2 छक्के 9 चौकों के साथ लगाया अर्धशतक

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो मैचों की टेस्ट सीरीज से ठीक पहले लय में आ गए हैं और ये टीम इंडिया के लिए काफी सुखद खबर है। श्रीलंका इलेवन के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस टेस्ट मैच में यशस्वी जायसवाल पहली पारी में डक पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने कमाल की वापसी की और टीम के लिए अर्धशतकीय पारी खेलकर रिटायर आउट हुए।



**यशस्वी जायसवाल ने लगाया अर्धशतक-** पहली पारी में असफल रहने के बाद यशस्वी ने कमाल की वापसी दूसरी पारी में की और उन्होंने काफी आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की।

# सिराज ने तीन छक्के लगाकर भारत को जिताया

### वॉर्मअप में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया; चोट से रिकवर हुए गिल के 44 रन

**नई दिल्ली।** भारत ने टेस्ट सीरीज से पहले वॉर्मअप मैच में श्रीलंका-11 को 6 विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज ने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। रविवार को मैच के आखिरी दिन भारत को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे।

ऐसे में सिराज ने केशरा नुवंथा की शुरुआती तीन बॉल पर लगातार तीन छक्के लगाए। उंगली की चोट से लौट रहे कप्तान शुभमन गिल ने 44 रन की पारी खेली। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ 105 रन की साझेदारी की। कोलंबो में भारत को 207 रन का टारगेट मिला था। उसने दिन का खेल शुरु होने से पहले ही पहली पारी 357/6 के स्कोर पर घोषित की। श्रीलंका XI ने अपनी दूसरी पारी 200/6 के स्कोर पर घोषित की। श्रीलंका-XI ने पहली पारी में 363/8 का स्कोर बनाया था।

### भारत मैच जीतने के बाद भी क्यों खेला?

भारत के मैच जीतने के बाद भी खेल जारी रहा। अंपायर्स ने केशरा नुवंथा का ओवर पूरा कराया। सिराज ने ओवर की बची तीनों गेंद खेलीं। प्रैक्टिस मैच का रिजल्ट सीरीज या टूर्नामेंट की जीत-हार में नहीं जुड़ता। मैच का मकसद खिलाड़ियों को मैदान, पिच के लिहाज से तैयार कराना है। इसमें टीम अपनी प्लेइंग-11 में स्क्वाड में शामिल सभी 15 खिलाड़ियों को खिला सकती है। अगर टीम चाहे तो मैच जीतने के बाद भी वह पूरे तय ओवर तक बैटिंग खेल सकती है।



**नेट सेशन के दौरान गिल को चोट लगी थी-** वॉर्मअप मैच शुरू होने से एक दिन पहले गुरुवार को ट्रेनिंग के दौरान गिल की उंगली में चोट लगी थी। वे मैच के पहले दो दिन मैदान पर नहीं उतरे थे। उनकी गैरमौजूदगी में चरु राहुल ने कप्तानी की।

### WWE इतिहास में ब्रॉक लैसनर की सबसे खतरनाक फाइट्स

# बिग शो के साथ तो टूट गया था पूरा रिंग

**नई दिल्ली।** ड्ड्ड्ढ्ढ्ढश्व के महान रेसलर ब्रॉक लैसनर ने पिछले हफ्ते समरस्लैम 2026 के बाद कंपनी को अलविदा कह दिया। मंडे नाइट रॉ के पिछले एपिसोड में ब्रॉक को ट्रिब्यूट दिया गया और उनका नाम एल्यूमिनी लिस्ट में भी डाला गया। उनके करियर का अंत जरूर हार के साथ हुआ लेकिन पिछले 26 साल के करियर में लैसनर ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। उनके करियर में कई ऐसे यादगार मैच भी रहे जब रिंग या तो खून से लाल रंग में तब्दील हो गया। या एक बार पूरा रिंग ही टूट गया। ब्रॉक लैसनर के करियर की ऐसी ही पांच खतरनाक फाइट्स के बारे में बात करेंगे। इसमें उनकी द अंडरटेकर, जॉन सीना, रोमन रेंस, बिग शो और कोडी रोड्स जैसे बेहतरीन रेसलर्स से हुए मुकाबलों का विवरण है। इसमें से एक मैच उनका और बिग शो का बहुत मशहूर हुआ था जब रिंग ही चारों तरफ से टूट गया था।



- **ब्रॉक लैसनर बनाम बिग शो- स्मैकडाउन, जून 2003-** 2003 में WWE का एक दौर था जब ब्रॉक लैसनर और बिग शो के बीच खतरनाक राइवलरी देखने को मिलती थी। उसी बीच जून 2003 में ब्रॉक लैसनर और बिग शो का मुकाबला एक स्मैकडाउन के शो में हुआ। WWE चैंपियनशिप के लिए हो रहे इस मुकाबले में दोनों के बीच बेहतरीन टक्कर देखने को मिली। इसी दौरान लैसनर ने रस्सी के ऊपर खड़े होकर 500 पाउंड के बिग शो को सुपरप्लेक्स दिया। जैसे दोनों रेसलर रिंग के बीच में गिरते हैं तो रिंग ही चारों तरफ से टूट गया। यह कंपनी के इतिहास में पहली बार देखने को मिला था। इसलिए यह मैच WWE में ब्रॉक लैसनर के सबसे यादगार फाइट्स में से एक है।
- **ब्रॉक लैसनर बनाम जॉन सीना- WWE E&treme Rules 2012-** ब्रॉक लैसनर ने 2012 में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान कंपनी में वापसी की थी। उस समय उनकी राइवलरी थी जॉन सीना के साथ दोनों के बीच एक्ट्रीम रूल्स 2012 में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस मैच में दोनों रेसलर खून से लथपथ थे। लैसनर ने शुरुआती क्षणों में ही अपनी कोहनी से सीना का सिर लहूलुहान कर दिया था। इस मैच में इसके बाद मेटल चेन जैसे कई खतरनाक उपकरण भी इस्तेमाल हुए।
- **ब्रॉक लैसनर बनाम द अंडरटेकर- WWE No Mercy 2002-** ब्रॉक लैसनर ने 2002 में कंपनी में डेब्यू किया था। उस वक्त उनका नाम मेन रोस्टर में आत ही चर्चा का विषय था। लैसनर ने उस समय के दिग्गज हल्क होगन को हराकर सभी को चौंकाया था। फिर उनका सामना होना था डेडमैन द अंडरटेकर के साथ। नो मर्सी 2002 में दोनों की फाइट तय हुई। इस मैच को जाल में कराया गया। मैच शुरू होने के कुछ ही देर बाद अंडरटेकर के एक प्रहार से लैसनप का माथा लहूलुहान हो गया था। फिर लैसनर ने भी अंडरटेकर पर स्टील की सीढ़ियों से प्रहार किया और वह भी खून से लथपथ हो गए।
- **ब्रॉक लैसनर बनाम रोमन रेंस- WWE WrestleMania 31, 2014-** 2014 का यह वो दौर था जब लैसनर को दोबारा वापसी करे दो साल हो चुके थे। वहीं नए स्टार रोमन रेंस को कंपनी पुश कर रही थी। उसी बीच रेसलमेनिया 31 में दोनों का मैच फाइनल हुआ। उस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक लैसनर ने रोमन रेंस को खूब छकाया। इस मुकाबले में दोनों के बीच कांटे की टक्कर हुई। अंत में दोनों फाइटर्स लहूलुहान थे। व

## भारत छोड़ो आन्दोलन का 72 वीं बर्षगांठ जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में मनाई गई

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन पूर्वी चंपारण के प्रधान कार्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन की 72 वी वर्षगांठ जिलाध्यक्ष श्रीकिशोर पाण्डेय की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य खालिद अनवर, नीमा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. खादिर एवं जेडीयू के जिलाध्यक्ष भरत पटेल की की उपस्थिति रही। संगठन की तरफ से जिलाध्यक्ष ने विधान परिषद सदस्य को गांधी टोपी एवं चादर से सम्मानित किया गया ' संगठन के महासचिव ने जेडीयू के जिलाध्यक्ष को एवं कार्यकारी अध्यक्ष अमिता निधि एवं अनीता कुमारी ने नीमा अध्यक्ष को गांधी टोपी एवं चादर से सम्मानित किया।

कार्यकारीअध्यक्ष ने सदस्य को स्वतंत्रता आंदोलन के महान योद्धा रामर्षि देव ऋषि सम्मान चरखा से सम्मानित किया।इस वर्षगांठ के अवसर जिलाध्यक्ष ने इस जिले में एक शहीद स्वतंत्रता सेनानी स्मारक एवं स्वतंत्रता सेनानी स्मृति भवन की अपनी मांग को रखा।

# काली पहाड़ी को ग्रीन व क्लीन बनाने का संकल्प



**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवकाश प्राप्त एवं पर्यावरण प्रहरी समिति, जमालपुर की ओर से सोमवार को काली पहाड़ी की तराई क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व समिति के विष्णु देव प्रसाद यादव ने किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने तराई क्षेत्र में फैले कचरे की सफाई कर लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।विष्णु देव प्रसाद यादव ने कहा कि काली पहाड़ी जमालपुर की प्राकृतिक धरोहर है। इसकी तराई को ग्रीन एवं क्लीन बनाने के लिए अवकाश प्राप्त कर्मचारियों और पर्यावरण प्रहरियों ने संकल्प लिया है।

प्रकृति की गोद में बसे इस महत्वपूर्ण स्थल को सुरक्षित रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने शहर के युवाओं, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों के साथ रेल प्रशासन एवं नगर परिषद प्रशासन से भी इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि काली पहाड़ी की तराई का सर्वांगीण विकास होने तक अवकाश प्राप्त कर्मचारी अपने स्तर से हरसंभव प्रयास करते रहेंगे। आने वाली पीढ़ी को यह प्राकृतिक धरोहर सुरक्षित और सुंदर रूप में मिले,यही समिति का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में समिति की शासन-प्रशासन से एक सूत्री मांग होगी कि काली पहाड़ी क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कराने के साथ ही इसका सर्वांगीण विकास किया जाए। श्री यादव ने कहा कि रेल प्रशासन और नगर परिषद की ओर से इस दिशा में सकारात्मक पहल की जा रही है, लेकिन इसे और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने की जरूरत है। काली पहाड़ी के विकास के लिए जो भी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि या समाजसेवी आगे बढ़कर कार्य करेंगे, समिति उनका स्वागत और सहयोग करेगी।अभियान में डॉ. योगेंद्र प्रसाद, सुबोध चंद्र चौरसिया, गौतम सिंह, विनय दास, भगवान प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद यादव, विवेकानंद राय, अर्जुन मोदी सहित कई लोग मौजूद थे।

## चप्पल-टॉर्च ने खोला चोरी का राज, पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**गुमला, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुमला के आंबेडकर नगर स्थित कुरैशी मोहल्ला में तड़के लाखों रुपये की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. जिस घर में चोरी हुई, उसके आसपास रहने वाला पड़ोसी युवक मोहित राम ही चोरी का आरोपी निकला. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से चोरी किये गये जेवर समेत अन्य सामान भी बरामद हुए हैं. घर में घुसकर लाखों के जेवरात चोरी मामले का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि आंबेडकर नगर कुरैशी मुहल्ला निवासी फिरोज आलम के घर में रात करीब तीन बजे चोरी हुई थी. चोर घर में घुस कर उनकी पत्नी सुबी प्रवीण के लाखों रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गया था. घटना के दौरान घरवालों की नींद खुल गयी थी. उन्होंने चोर को पकड़ने का प्रयास किया था. लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला. हालांकि भागने की जल्दबाजी में चोर अपना चप्पल और टॉर्च घटनास्थल पर छोड़ गया।

# चालू इंजन से प्रेशर पाइप खोल रहा था शातिर चोर,आरपीएफ ने रंगेहाथ दबोचा

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंगेर रेलवे स्टेशन पर खड़े चालू रेल इंजन से प्रेशर पाइप चोरी करने पहुंचे शातिर चोर को आरपीएफ की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मुंगेर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चुरुंबा निवासी मोहम्मद अफजल के रूप में हुई है। आरपीएफ के अनुसार आरोपित के खिलाफ जिले के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर उसके आपराधिक इतिहास और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।यार्ड प्रभारी सुजीत कुमार यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रेलवे यार्ड और स्टेशन क्षेत्र में रेल इंजन से तार एवं पाइप चोरी किए जाने की घटनाएं सामने आ रही थीं। इसे लेकर आरपीएफ लगातार निगरानी कर रही थी। इसी दौरान सोमवार को सूचना मिली कि मुंगेर स्टेशन पर खड़े चालू रेल इंजन से एक व्यक्ति प्रेशर पाइप खोल रहा है।सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। टीम ने प्रेशर पाइप खोल रहे मोहम्मद अफजल को रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके पास से इंजन से खोला गया प्रेशर पाइप भी बरामद किया गया। कार्रवाई के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।आरपीएफ अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपित अकेले ही रेल संपत्ति को निशाना बना रहा था या उसके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा है। चोरी की अन्य घटनाओं में उसकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।विदित हो कि इससे पहले भी आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने रेल संपत्ति चोरी के मामले में जमालपुर से दो चोरों को गिरफ्तार किया था। लगातार हो रही कार्रवाई से रेल संपत्ति चोरी करने वाले गिरोह में हड़कंप मचा हुआ है।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 100 लोगों की हुई जांच



**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंगेर इमरजेंसी अस्पताल, सफियासराय की ओर से सोमवार को जमालपुर स्थित काली पहाड़ी की तराई में एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आसपास के ग्रामीण एवं स्थानीय लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। करीब 100 लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई।शिविर में लोगों का वजन, ब्लड शुगर, रक्तचाप और ईसीजी की जांच की गई। इसके अलावा लोगों को आयुष्मान कार्ड से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उसके लाभ से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई।

शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर समय रहते चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए जागरूक किया।शिविर का नेतृत्व कर रहे चिकित्सक डा. दिलीप कुमार एवं डा. अभिनव ने बताया कि मुंगेर इमरजेंसी अस्पताल की ओर से पूर्व से ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और शरीर में पनपने वाली बीमारियों की समय रहते पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कई ऐसे मरीज भी मिले, जिनमें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गई। ऐसे मरीजों को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकीय सलाह दी गई। काली पहाड़ी की तराई में शिविर आयोजित होने से स्थानीय लोगों को काफी सुविधा मिली। लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए डा.हर्षवर्धन की पूरी टीम के प्रति आभार जताया।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स ने धूमधाम से मनाया सावन मिलन समारोह

**गिरिडीह, नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स की ओर से सावन के पावन अवसर पर सावन मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने सावन के रंग में रंगकर जमकर मस्ती की और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीडीसी पूनम सहाय एवं पीपी कविता राजगेड़िया मौजूद रहीं। क्लब की ओर से दोनों अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया कार्यक्रम को यादगार बनाने में क्लब की आईएसओ सृष्टि सिन्हा की विशेष भूमिका रही।



उन्होंने सदस्याओं के लिए कई मनोरंजक एवं रोचक गेम्स का आयोजन कराया जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया गेम्स के दौरान हंसी-मजाक और उत्साह का माहौल बना रहा इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट प्रीति भास्कर सेक्रेटरी नमिता वर्मा नेहा सिंह मृदुला शर्मा एडिटर सरिता शर्मा प्रिया रघुवंशी मेघा सहित क्लब की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं क्लब की प्रेसिडेंट प्रीति भास्कर ने कहा कि सावन मिलन जैसे आयोजन सदस्यों के बीच आपसी प्रेम सौहार्द और मित्रता को मजबूत करते हैं ऐसे कार्यक्रम सभी को साथ मिलकर खुशियां साझा करने और आपसी जुड़ाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं वहीं सेक्रेटरी नमिता वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सदस्यों एवं अतिथियों का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि सभी की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफल और यादगार बन सका कार्यक्रम के दौरान सदस्याओं ने सावन के गीत, गेम्स और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का जमकर आनंद लिया। पूरे समारोह में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा अंत में सभी ने एक-दूसरे को सावन मिलन की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

## गुमला में जमीन विवाद में दो वृद्धों की हत्या

**गुमला, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुमला जिले के जारी थाना अंतर्गत जरडा पंचायत के मंगरुतल्ला गांव में 6.00 बजे दो बुजुर्गो की निर्मम हत्या कर दी गयी. हत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चला है. लेकिन बताया जा रहा है कि जमीन विवाद में दोनों की हत्या हुई है. क्योंकि दोनों की लंबे समय से कुछ लोगों से जमीन विवाद चल रहा है. ऐसे पुलिस इस मामले में जांच कर रही है. मृतकों में भूषण खेरवार उम्र 60 वर्ष और बुधराम खेरवार उम्र 70 वर्ष के रूप में हुई है. घटना के समय दोनों गांव में ही मौजूद थे. अचानक हुए हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी.

# जमीन विवाद में राजमिस्त्री की चाकू गोदकर हत्या, दो गिरफ्तार

**बेतिया, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीरिसिया ओपी क्षेत्र के सीरिसिया अड्डा चौक के समीप रविवार की रात राजमिस्त्री झामु पटेल ( 30 ) की चाकू गोदकर हत्या कर दी गयी. मृतक सीरिसिया अड्डा वार्ड संख्या नौ निवासी मोतीलाल पटेल का पुत्र था। जानकारी के अनुसार, झामु पटेल अपने साथ काम करने वाले मजदूर रामायन यादव को बाइक से इकरहिया स्थित उसके घर छोड़कर लौट रहा था। इसी दौरान सीरिसिया अड्डा चौक से उत्तर नहर के समीप अज्ञात लोगों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।गंभीर रूप से घायल झामु की मौत हो गयी।

मृतक के बड़े भाई मोहन पटेल ने करीब डेढ़ कट्ठा जमीन को लेकर गांव के गोलू कुमार व उसके परिजनों से पूर्व से विवाद होने का आरोप लगाया है।परिजनों के अनुसार, करीब एक माह पहले मृतक के पिता के साथ भी मारपीट हुई थी।मामले के गवाह को भी धमकी देने का आरोप है।

मृतक की पत्नी संजू देवी और चार छोटे बच्चे हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि मामले में गोलू कुमार और उसके पिता राजेश्वर पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।पुलिस हत्या के कारणों और आरोपों की जांच कर रही है।

# समस्तीपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोहों की 3 महिला को किया गिरफ्तार

### लाखों का गांजा व हेरोइन बरामद

**समस्तीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी एवं खरीद-बिक्री के एक मामले का खुलासा करते हुए 3 महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जिसके पास से पुलिस ने करीब 48.14 किलोग्राम गांजा, तीन पैकेट हेरोइन, एक लाख 30 हजार रुपये नकद, छह मोबाइल फोन, 12 हजार नशीली गोलियां सहित अन्य आपत्तिजनक समान बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि गुप्त सूचना पर शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र के अशरफपुर सुपौल गांव स्थित एक घर पर पुलिस ने छापेमारी की और वहां से लाखों रुपएं मूल्य की मादक पदार्थ एवं नकदी बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में गुड़िया कुमारी, कंचन कुमारी और कविता कुमारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं ने पूछताछ के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी एवं खरीद-बिक्री में संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस को स्थानीय धंधेबाजों और अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुराग भी मिला हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पटोरी थाना में धारा 111 बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में नामजद आरोपी दीपक कुमार साह और टुनटुन कुमार साह की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा जारी है।

# एनडीए सरकार में महंगाई की मार झेल रहे है किसान व आमलोग : अजय कुमार

**समस्तीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय किसान सभा और बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के आह्वान पर सोमवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन के तहत समस्तीपुर में बड़ी संख्या में माकपा विधायक अजय कुमार के नेतृत्व में अपनी गिरफ्तारी दी। कार्यकताओं ने समस्तीपुर जिला समाहरणालय पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन भी किया और समस्तीपुर-पटना मुख्य मार्ग को जाम कर कई घंटों तक यातायात बाधित किया। इस अवसर पर माकपा विधायक अजय कुमार ने एनडीए सरकार की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र लगातार संकट से गुजर रहा है। जिसके कारण किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज खाद, बीज, डीजल, बिजली और कृषि उपकरणों की बढ़ती कीमतों से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है।

# पिता की वर्दी से मिली प्रेरणा, बेटे ने रचा सफलता का इतिहास

### कुमार सौरभ ने यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा में हासिल की ऑल इंडिया 120वीं रैंक

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर के नयागांव ठाकुरबाड़ी रोड वार्ड नंबर 13 निवासी सेवानिवृत्त सैनिक राजेश कुमार मंडल के पुत्र कुमार सौरभ ने अपनी मेहनत और लगन से माता-पिता के सपनों को साकार किया है। कुमार सौरभ ने संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी सीएपीएफ एसी परीक्षा-2025 में सफलता हासिल करते हुए ऑल इंडिया 120वीं रैंक प्राप्त की है। अब वह असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर देश की सेवा करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और मोहल्ले में खुशी का माहौल है।बचपन से ही पिता को सेना की वर्दी में देशसेवा करते देखकर कुमार सौरभ के मन में भी फौज में जाने और देश की सेवा करने का सपना था। पिता के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने इस सपने को अपना लक्ष्य बनाया और लगातार मेहनत करते रहे। आखिरकार यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया।कुमार सौरभ की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय जमालपुर से हुई। इसके बाद उन्होंने आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पुणे से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद उन्होंने निजी क्षेत्र में साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट के रूप में भी कार्य किया। नौकरी के साथ-साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जारी रखी और देशसेवा के अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते रहे।कुमार सौरभ की सफलता पर वार्ड पार्षद आलोक कुमार ने उन्हें सम्मानित किया और उनके माता-पिता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कुमार सौरभ की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उनकी उपलब्धि से युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ देशसेवा का जज्बा भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।



# स्टेशन पर निकली तिरंगा रैली, यात्रियों को किया जागरूक

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सोमवार को जमालपुर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता रैली निकाली गई। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार के नेतृत्व में निकली रैली में रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी, सफाईकर्मी, यात्री सहित अन्य लोग शामिल हुए। रैली स्टेशन के चारों प्लेटफार्मों से गुजरते हुए स्टेशन परिसर का भ्रमण किया।

इस दौरान यात्रियों को हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक किया गया।सीएचआई पंकज कुमार ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत नौ से 17 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य तिरंगे को घर-घर तक पहुंचाना और आम लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं अपनत्व की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को जागरूक करने के लिए स्टेशन परिसर में टीवी, प्रोजेक्टर और साउंड सिस्टम के माध्यम से राष्ट्रीय गान का प्रसारण किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय ध्वज में निहित मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान नागरिकों को अपने घरों, कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही यह स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है।

रैली में रेल थाना अध्यक्ष स्वराज कुमार, रेल संवेदक रिंकू सिंह सहित रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में यात्री मौजूद रहे।




# अखिल भारतीय मजदूर संगठित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने अरुण

### संगठन विस्तार को लेकर पदाधिकारियों की घोषणा

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय मजदूर संगठित मोर्चा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बलीपुर जमालपुर निवासी अरुण कुमार को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान देकर संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।कार्यक्रम में अरुण कुमार को बिहार प्रदेश अध्यक्ष, पूजा कुमारी को बिहार प्रदेश महिला अध्यक्ष तथा विश्वजीत कुमार गौड़ को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा संगठन के विस्तार और संचालन के लिए अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई।समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ह्लनर ही नारायण है, अगर किसी के काम आएह्व की भावना के साथ समाजसेवा को प्राथमिकता दी जाएगी। संगठन के माध्यम से लोगों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम में मनोज शर्मा, गौरीशंकर सिंह, योगेंद्र, दिनेश दास, राजेश, अभिषेक राउत, मो. नसीमुद्दीन, सच्चिदानंद, अलख निरंजन, भाहलका, तनीषा गुप्ता, हिमांशु राज सहित अन्य सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित लोगों ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन बिहार में समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



# गांव में बैठकर डॉक्टर से ऑनलाइन इलाज! ई-संजीवनी ने बदली ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की तस्वीर

### जुलाई में 18,498 मरीजों ने लिया ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श, 349 हेल्थ सेंटर बने स्पोक और 19 केंद्रों पर डॉक्टरों के हब

**छपरा (सारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अब ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए बार-बार अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ रही है। गांव के नजदीक स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर मरीज सीधे डॉक्टर से ऑनलाइन जुड़ रहे हैं और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी बीमारी की जानकारी देकर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ई-संजीवनी टेली कंसल्टेंसी सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सारण जिले में इस डिजिटल स्वास्थ्य सेवा का दायरा लगातार बढ़ रहा है। जिले में 19 हब और 349 स्पोक संचालित किए जा रहे हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को स्पोक तथा पीएचसी और सीएचसी को हब बनाया गया है। स्पोक सेंटर पर तैनात सीएचओ मरीजों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हब पर मौजूद चिकित्सकों से जोड़ते हैं। इसके बाद डॉक्टर मरीज की समस्या सुनकर आवश्यक दवा, जांच और आगे के इलाज के संबंध में परामर्श देते हैं। ई-संजीवनी टेली कंसल्टेंसी के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते भरोसे का अंदाजा जुलाई माह के आंकड़ों से लगाया जा सकता है। जुलाई में सारण जिले में कुल 18,498 मरीजों ने टेली कंसल्टेंसी सेवा का लाभ लिया। इनमें सबसे अधिक मरीजों को ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श देने वालों में दिघवारा सीएचसी के डॉ. रौशन कुमार सबसे आगे रहे। उन्होंने अकेले 3,296 मरीजों को ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श दिया। वहीं अमनौर सीएचसी के डॉ. शशांक शुभम ने 2,999 मरीजों को टेली कंसल्टेंसी के माध्यम से चिकित्सकीय सलाह दी। तीसरे स्थान पर मांझी सीएचसी के डॉ. रोहित कुमार रहे, जिन्होंने 1,872 मरीजों को ऑनलाइन परामर्श उपलब्ध कराया। इस सेवा के जरिए विशेषज्ञ चिकित्सकों तक ग्रामीण मरीजों की पहुंच आसान हुई है। खासकर वैसे मरीज, जिन्हें सामान्य बीमारी के लिए प्रखंड या जिला मुख्यालय तक आने में समय और पैसे खर्च करने पड़ते थे, उन्हें अब अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से ही डॉक्टर की सलाह मिल रही है। टेली मेडिसिन सेवा का लाभ लेने के लिए मरीज को अपने गांव के नजदीकी स्वास्थ्य उपकेंद्र या हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जाना होता है। वहां एएनएम या सीएचओ मरीज का पंजीकरण करने के बाद उसकी प्राथमिक जानकारी लेते हैं। इसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मरीज को हब पर बैठे डॉक्टर से जोड़ा जाता है। डॉक्टर मरीज से बीमारी के लक्षण और अन्य जरूरी जानकारी लेते हैं। आवश्यकता पड़ने पर जांच की सलाह दी जाती है और उपचार के लिए दवाएं लिखी जाती हैं। इस पूरी प्रक्रिया से मरीज को सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए गांव से दूर अस्पताल जाने की जरूरत कम हो जाती है। टेली कंसल्टेंसी का सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण मरीजों को मिल रहा है। पहले सामान्य बीमारी के लिए भी कई मरीजों को प्रखंड या जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता था। आने-जाने में समय और पैसे दोनों खर्च होते थे। अब गांव के नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर ही डॉक्टर से संपर्क हो जाने के कारण मरीजों को काफी राहत मिल रही है। मांझी प्रखंड के मटियार निवासी रामजी महतो ने बताया कि पहले डॉक्टर को दिखाने के लिए प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता था। आने-जाने में पूरा दिन निकल जाता था।



# चास नगर निगम क्षेत्र की नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु डीसी ने मेयर, उप मेयर एवं वार्ड पार्षदों के साथ की बैठक




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को समाहरणालय चास नगर निगम के मेयर, उप मेयर एवं सभी वार्ड पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने वार्डवार समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उनके समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए वार्डवार पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई की नियमित समीक्षा की जाएगी।

**पेयजल एवं साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस**

उपायुक्त ने कहा कि जिन वार्डों में पेयजल की समस्या है, उनकी जानकारी एकत्र कर समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए। पेयजल व्यवस्था को लेकर अलग से समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने तथा संबंधित समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**खराब स्ट्रीट लाइटों की तीन दिनों में होगी मरम्मत**

स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लाइट इंस्पेक्टर का लॉगबुक संधारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिन के समय खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराई जाए तथा शाम के समय क्षेत्र भ्रमण कर प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत अधिकतम तीन दिनों के भीतर पूरी की जाए।

**सभी वार्डों में मोहल्ला लाइब्रेरी के लिए स्थल चिन्हित करने का निर्देश**

उपायुक्त ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी वार्डों में मोहल्ला लाइब्रेरी विकसित करने की दिशा में पहल की जाए। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में उपयुक्त स्थल को चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए ऐसे स्थान विकसित किए जाएं, जहां विद्यार्थी सुविधाजनक एवं शांत वातावरण में अध्ययन कर सकें।

**स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर भी दिए निर्देश**

उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व है। इसे गरिमापूर्ण एवं बेहतर ढंग से मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। नगर क्षेत्र में विशेष रूप से साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मेयर भोलू पासवान, उप मेयर पूजा कुमारी एवं वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर डीसी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वैन को किया रवाना

**53,224 किसानों को फसल बीमा से आच्छादित करने का लक्ष्य, किसानों से योजना का लाभ लेने की अपील**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय परिसर से बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2026) को लेकर जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वैन के माध्यम से जिले के किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में 53,224 किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसान योजना से जुड़कर अपनी फसलों का बीमा कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य कारणों से फसल क्षति होने की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि किसान 31 अगस्त 2026 तक फसल बीमा योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। किसान अपने नजदीकी पैक्स अथवा प्रज्ञा केंद्र (सीएससी सेंटर) में मात्र एक रुपये टोकन राशि देकर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। यह सुविधा ऋणी एवं गैर-ऋणी दोनों किसानों के लिए उपलब्ध है। उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता वैन के माध्यम से किसानों को योजना की पात्रता, आवेदन की प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ना एवं फसल बीमा के प्रति जागरूक करना है। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ऋतुराज प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहीद, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी/प्रबंधक समेत संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची की ओर जाने वाले वाहनों की हुई सघन जांच

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-23 पर चरगी के समीप सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार एवं बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रविंद्र कुमार सिंह एवं अजय प्रसाद ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में बैरिकेडिंग कर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रांची की ओर जाने वाले व्यावसायिक एवं निजी वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। जांच अभियान के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने वाहनों की डिक्की, उसमें रखे सामान, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। वहीं, वाहनों में सवार यात्रियों की भी जानकारी ली गई। अचानक हुई इस जांच से वाहन चालकों में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति रही। रांची में चल रहे छात्रों के आंदोलन को लेकर जब पत्रकारों ने अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार से सवाल किया तो उन्होंने बताया कि यह रूटीन जांच अभियान है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस तरह की जांच समय-समय पर की जाती है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखना है। जांच अभियान में पेटरवार सीओ अशोक राम पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा, तेनुघाट ओपी प्रभारी भजनलाल महतो दल बल के साथ मौजूद थे।



### सावन के दूसरे सोमवार प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार सावन के दूसरे सोमवार पर पेटरवार क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों और ज्योतिलिंगों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किया। शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विशेश्वर धाम मंदिर (प्रखंड कॉलोनी), गंगेश्वर महादेव मंदिर (थाना रोड), मंदिर टोला शिव मंदिर, बुढ़वा महादेव (मेला टांड़), गुरूजवा भोलेनाथ मंदिर, प्राचीन दुर्गा शिव मंदिर (खत्री टोला), टकाहा शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा बेलपत्र, दूध, धतूरा, भांग और फल-फूल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। पूरा वातावरण शिवभक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया।विशेश्वर धाम मंदिर, प्रखंड कॉलोनी में दुसरा सोमवार का व्रत रखने वाली महिलाएं, युवतियों और श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रही। मंदिर के आचार्य शिव परिवार का पंचामृत अभिषेक कराया तथा विधिवत पूजा, बिल्वपत्र अर्पण और महाआरती संपन्न कराई। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ से अपने परिवार, क्षेत्र और समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की।



### इलेक्ट्रिक स्कूटी से परेशान युवक ने अपनी स्कूटी को शो रूम के सामने पेट्रोल डालकर लगा दी आग

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरायढेला क्षेत्र स्थित एक शोरूम के बाहर एक युवक ने अपनी बैटरी से चलने वाली स्कूटी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी. देखते ही देखते स्कूटी जलकर पूरी तरह राख हो गई. हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अपनी स्कूटी के बार-बार खराब होने से परेशान था. आरोप है कि समस्या का स्थायी समाधान सर्विस सेंटर की ओर से नहीं किया जा रहा था. इसी से नाराज होकर युवक ने शोरूम के बाहर अपनी स्कूटी को आग के हवाले कर दिया. स्कूटी में आग लगाए जाने के दौरान गोविंदपुर-सरायढेला मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा.

# बीएसएल में ऑनलाइन वेंडर रजिस्ट्रेशन पोर्टल की शुरूआत




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में डिजिटलाइजेशन एवं प्रक्रिया सरलीकरण की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों के तहत एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए मटेरियल मैनेजमेंटझरजिस्ट्रेशन एंड वेंडर रेटिंग विभाग द्वारा सीएंडआईटी विभाग के सहयोग से ऑनलाइन वेंडर रजिस्ट्रेशन पोर्टल की शुरूआत की गई है। इस पोर्टल का उद्देश्य वेंडर पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सरल, त्वरित, पारदर्शी एवं पेपरलेस बनाना तथा प्रक्रिया में दक्षता बढ़ाना एवं हितधारकों को बेहतर सुविधा प्रदान करना है। डिजिटलाइजेशन की पहल के अंतर्गत विकसित यह पोर्टल वेंडर पंजीकरण प्रक्रिया में लगने वाले समय को उल्लेखनीय रूप से कम करने में सहायक होगा। गौरतलब है कि पूर्व में वेंडर पंजीकरण की प्रक्रिया में भौतिक फाइलों के माध्यम से कार्यवाही किए जाने के कारण पंजीकरण में समय लगता था। परंतु अब ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करते हुए पंजीकरण की अवधि को न्यूनतम करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पात्र वेंडरों के पंजीकरण की प्रक्रिया में तेजी आएगी और बीएसएल के साथ व्यावसायिक सहभागिता की प्रक्रिया अधिक सुगम होगी। पोर्टल के माध्यम से वेंडर पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन एवं पेपरलेस होगी, जिससे वेंडर अपने आवेदन तथा आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इससे दस्तावेजों के प्रबंधन में भी दक्षता बढ़ेगी तथा मैनुअल कार्यवाही में कमी आएगी। साथ ही, प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की बेहतर निगरानी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने में भी सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि इस पोर्टल को बीएसएल के एसएपी सिस्टम के साथ एकीकृत किया गया है। इस एकीकरण से पंजीकरण से संबंधित डेटा का रियल-टाइम फ्लो सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। इससे डेटा की सटीकता एवं एकरूपता बनाए रखने, प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी तथा पंजीकरण संबंधी कार्यों के सुचारु निष्पादन में सुविधा होगी। ऑनलाइन वेंडर रजिस्ट्रेशन पोर्टल की शुरूआत बीएसएल की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, प्रक्रिया सरलीकरण एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। यह पहल न केवल वेंडर पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने में सक्षम है, बल्कि बीएसएल और उसके वेंडर नेटवर्क के बीच बेहतर समन्वय एवं व्यावसायिक सहभागिता को भी मजबूत करने में सहायक होगी।

# पांच पंचायतों में बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन, मुखिया बने अध्यक्ष

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के लिए प्रशासनिक पहल तेज हो गई है। इसी कड़ी में सोमवार को कसमार प्रखंड के पांच पंचायतों में पंचायत स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन हुआ। इन समितियों की कमान स्थानीय मुखिया के हाथों में सौंपी गई है, ताकि गांव के स्तर पर ही बच्चों से जुड़े मुद्दों का त्वरित समाधान किया जा सके। इस दौरान प्रखंड के मधुकरपुर, बरईकला, कसमार,मंजुरा एवं टांगटोना मे सीडब्ल्यूपीसी का गठन किया गया। इस दौरान बताया गया कि समिति की अध्यक्षता मुखिया या उपमुखिया करेंगे, जबकि पंचायत सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे। इनके अलावा पांच पंचायत प्रतिनिधि, क्षेत्र की सबसे सक्रिय आंगनबाड़ी सेविका और ग्राम सभा द्वारा मनोनीत बाल मामलों के विशेषज्ञ इसके सदस्य होंगे। बच्चों की सीधी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बाल संसद से 14 से 17 वर्ष के किशोर-किशोरियों को बैठकों में आमंत्रित किया जाएगा। मुखिया राजेंद्र महतो एवं अनीता देवी ने बताया कि समिति के गठन से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ने और विकट परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में बड़ी मदद मिलेगी। मौके पर मुखिया परिपूषा कुमारी, सुमित्रा कुमारी, ममता देवी, पंचायत सचिव धरणीधर सिंह गौतम मांझी मोहम्मद इमरोज प्रकाश कुमार महतो रवि कुमार रेखा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रगति पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यार्थियों के नवाचार देख सभी प्रभावित



**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार स्थित प्रगति पब्लिक स्कूल में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार अनिमेष एवं निदेशक रवि कुमार तांती ने संयुक्त रूप से किया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण तथा दैनिक जीवन में उपयोगी नवाचार से जुड़े कई आकर्षक और उपयोगी वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल के माध्यम से वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से प्रदर्शित किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से उनके मॉडल की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ मॉडल से जुड़े सवालों के जवाब दिए, जिसकी शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मुक्त कंठ से सराहना की।इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुमार अनिमेष ने कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल में उनकी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच की स्पष्ट झलक देखने को मिली। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार, तार्किक सोच और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य कुमार अनिमेष एवं निदेशक रवि कुमार तांती ने विद्यार्थियों के प्रयास, नवाचार और कड़ी मेहनत की जमकर प्रशंसा की। वहीं, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# किसान-मजदूर संगठनों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संयुक्त किसान मोर्चा, केंद्रीय ट्रेड यूनियन और स्वतंत्र यूनियनों के संयुक्त मंच के बैनर तले सोमवार को धनबाद के जिला परिषद मैदान से बीएसएनएल कार्यालय तक विरोध प्रदर्शन करे हुए पैदल मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने बीएसएनएल कार्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर बैठकर सड़क जाम कर नारेबाजी की। इस दौरान 'मजदूर-किसान एकता जिंदाबाद' और 'देश बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट समर्थक आर्थिक नीतियों, अमेरिकी व्यापारिक दबाव तथा आईएमएफ और विश्व बैंक की कथित शर्तों का विरोध किया। नेताओं ने कहा कि जनविरोधी नीतियों के कारण देश के किसान, मजदूर और युवा लगातार संकट का सामना कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सभी कृषि उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी और सभी लोगों के लिए खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास एवं पेंशन की व्यवस्था की मांग की। इसके साथ ही सम्मानजनक न्यूनतम मजदूरी, मनरेगा को मजबूत करने, शहरी रोजगार गारंटी लागू करने, सिंचाई सुविधा बढ़ाने और विस्थापन से पहले उचित पुनर्वास सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। मजदूर संगठनों ने अस्थायी और अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण, चार कथित मजदूर विरोधी लेबर कोड को वापस लेने, प्रस्तावित विभिन्न संशोधन विधेयकों को रोकने, निजीकरण पर अंकुश लगाने तथा नौकरियों के ठेकाकरण को बंद करने की मांग भी की। प्रदर्शन के दौरान संगठन के नेताओं ने कहा कि किसान और मजदूरों की मांगों को लेकर आंदोलन को आगे भी तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और विभिन्न ट्रेड यूनियनों से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धनबाद पुलिस की बड़ी सफलता: जुलाई में 445 नए कांड दर्ज, 501 मामलों का हुआ निष्पादन




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय में जुलाई माह की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने की। इस दौरान सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब सहित सभी डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जुलाई माह में जिले में कुल 445 नए कांड दर्ज किए गए, जबकि 501 मामलों का सफल निष्पादन किया गया। साथ ही लंबित मामलों की संख्या जून के 1796 से घटकर जुलाई के अंत तक 1740 रह गई। एसएसपी ने अगले दो माह में लंबित मामलों को 1600 से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित किया। वारंट और कुर्की मामलों के निष्पादन में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई। जुलाई में 1097 लंबित वारंटों का निष्पादन किया गया। सभी थाना प्रभारियों को अगस्त माह में लंबित वारंट एवं कुर्की मामलों के कम से कम 50 प्रतिशत निष्पादन के निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाओं में कमी दर्ज की गई तथा पूरे माह किसी बड़े संगठित अपराध की घटना सामने नहीं आई। सड़क सुरक्षा को लेकर भी पुलिस सक्रिय रही। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए जुलाई में 92 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। अनुसंधान कार्यों में जुलाई के दौरान 705 चार्जशीट अथवा अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में समर्पित किए गए। वहीं साइबर अपराधों में कमी दर्ज की गई और कई मामलों का सफल उद्भेदन कर आरोपियों को अन्य राज्यों से गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने बताया कि 17 अगस्त से जिले में विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पिछले माह बरामद 505 मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए तथा 25 अगस्त को भी इसी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# जीजीएसइएसटीसी में रोटरी क्लब चास ने रोट्रेक्ट क्लब को प्रदान किया चार्टर

**युवा शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम : महेश केजरीवाल**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरु गोविंद सिंह टेक्निकल सोसाइटी में रोटरी क्लब चास द्वारा नवगठित रोटरैक्ट क्लब को चार्टर प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीडीजी रो. महेश केजरीवाल ने रोटरैक्ट क्लब के उद्देश्यों एवं क्रियाकलापों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने अपने भाषण में कहा कि रोटरैक्ट, युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा सेवा कार्यों से जुड़ने का बेहतर मंच प्रदान करता है। इसके पहले प्रोफेसर अरुण प्रसाद बर्णवाल ने स्वागत भाषण दिया। संस्थान के निदेशक प्रियदर्शी जरूहार ने रोटरी एवं रोटरैक्ट द्वारा युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने की पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को सेवा एवं नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। रोटरी क्लब चास के सचिव विनोद चोपड़ा ने बताया कि नवगठित रोटरैक्ट क्लब में संस्थान के 60 विद्यार्थियों ने सदस्यता ग्रहण की। सभी पदाधिकारीयों को लेप्पल पीन लगाया गया। रोटरैक्ट क्लब की सहायक पल्लवी प्रसाद ने सभी नव सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरैक्ट क्लब के माध्यम से युवा समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK